e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 232
शुक्रवार
25.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जितना आप अपनी जिन्दगी से प्यार करोगे जिन्दगी भी वापिस आपको उतना ही प्यार करेगी..

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना का मार्ग हुआ प्रशस्त

**रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रयास का प्रतिफल है कि जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना होगी। इसको लेकर शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में 354.28 करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में संपन्न होगा। एमओयू पर हस्ताक्षर उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) के बीच होना है।एमओयू के उपरांत जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के विजेताओं का हुआ ऐलान

# अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर व आलिया भट्ट और कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेस

*** द कश्मीर फाइल्स को मिला बेस्ट नरगिस दत्त अवार्ड फॉर बेस्ट फिल्म ऑन नेशनल इंटीग्रेशन**

एजेंसी


**नई दिल्ली :** देश के सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं का एलान गुरुवार को कर दिया गया। 2023 में पुरस्कारों का 69वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से 2021 में रिलीज हुई फिल्मों को शामिल किया गया है। विजेताओं की घोषणा दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए की गयी। विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स को इस खास अवॉर्ड्स समारोह में नरगिस दत्त अवॉर्ड राष्ट्रीय एकता सर्वश्रेष्ठ फिल्म कैटेगरी में विजेता चुना गया है। नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के लिए इस बार की ज्यूरी में यतेंद्र मिश्रा, केतन मेहता, नीरज शेखर, बसंत साई और नानू भसीन शामिल हैं। 31 फीचर, 24 नॉन फीचर और 3 कैटेगरी बेस्ट राइटिंग कैटेगरी में ये अवॉर्ड इस बार दिया जाएगा। विक्की कौशल स्टारर फिल्म सरदार उधम और माधवन की रॉकेट्री- द नम्बी इफेक्ट को बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म चुना गया है। सरदार उधम प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी, जबकि रॉकेट्री- द नम्बी इफेक्ट सिनेमाघरों में आयी थी।

तेलुगु फिल्म पुष्पा- द राइज के लिए अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर चुना गया है, जबकि बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार आलिया भट्ट और कृति सेनन ने बांटा है। आलिया को गंगूबाई काठियावाड़ी और कृति को मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। डायरेक्टर श्रृष्टि लखेरा की एक था गांव फिल्म को बेस्ट नॉन फीचर फिल्म चुना गया है। फिल्ममेकर नेमिल शाह की गुजराती फिल्म दाल भात को बेस्ट शॉर्ट फिल्म (फिक्शन) चुना गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में हर कैटेगरी के आधार पर अलग अवॉर्ड दिया जाता है, जिन्हें स्वर्ण कमल, रजत कमल नाम से जाना जाता है। कुछ अवॉर्ड में नकद पुरस्कार भी दिया जाता है, जबकि कुछ कैटेगरी में सिर्फ मेडल ही दिया जाता है।



### इमोशनल हुए अल्लू अर्जुन

नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म पुष्पा के लिए मिला. घर पर अपने परिवार और फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार, साथ ही एक्टर अपनी टीम के साथ बैठकर इस अवॉर्ड फंक्शन की घोषणा होते देख रहे थे. सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन और सुकुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों ही खुशी से गले लगते और झूमते नजर आ रहे हैं. सुकुमार इस दौरान थोड़े इमोशनल भी हो गए. यहां तक कि अल्लू अर्जुन के लिए उनकी पत्नी भी इमोशनल नजर आईं. एक्टर और फिल्म की पूरी कास्ट के लिए यह बेस्ट मोमेंट रहा.



### सीएम की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक सम्पन्न हुई

# आजीवन सजा काट रहे 28 कैदी होंगे रिहा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 41 कैदियों के रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में 28 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर गहन विचार-विमर्श के उपरान्त राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे 28 कैदियों को रिहा करने पर स्वीकृति दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में जिन कैदियों की रिहाई सुनिश्चित की गई है उनका सामाजिक पुनर्वास आवश्यक है। संबंधित विभाग के अधिकारी एक बेहतर कार्य योजना बनाकर इन कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें। जेल से रिहा होने के बाद ऐसे कैदियों की गतिविधियों की निरंतर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निदेशित किया कि समय-समय पर इन कैदियों की काउंसलिंग भी की जाए।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायायिक आयुक्त अरुण कुमार राय, कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



# उपायुक्त ने किया मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन ने गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बारी-बारी से एमएमसीएच के सभी विभागों में पंहुचकर निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में डीपीएम, सिविल सर्जन को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई रखने, ऑक्सीजन की व्यवस्था, पुराने और छोटे चहारदीवारी और पुराने जर्जर भवन को हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एमएमसीएच के नए निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नए निर्माणधीन भवन का कार्य 31 अगस्त तक पूर्ण करने हेतु सबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने नए निर्माणधीन भवन के निचले तले में ओपीडी बनाने, प्रथम फ्लोर में ओटी और लेबररूम बनाने, दूसरा फ्लोर में मैटरनिटी वार्ड बनाने और तीसरा फ्लोर में रिकवरी वार्ड और ऊपरी फ्लोर में 40 से 50 शीट का एसएमसीयू बनाने हेतु सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। एमएमसीएच के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त शशिरंजन के अलावे डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता परितोष प्रियदर्शी, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, डीपीएम, सीएस सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एसपी के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी ने मेन बाजार में बेतरतीब लगे वाहनों को जब्त कर फाइन के लिए भेजा थाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र के छह मुहान, पंच मुहान, सब्जी बाजार एलआईइसी बिल्डिंग के पास में बेतरतीब ढंग से लगे दर्जनों वाहनों को पिकअप पर लोड कर उसे फाइन के लिए शहर थाना भेजा गया। बताते चले की ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद भी शहर में लोगो को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि लोग पुलिस प्रशासन के बातों का अवहेलना कर अपने मनमर्जी से सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन लगा रहे हैं।इसके वजह से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।बताते चले की दो दिन पहले सदर एसडीपीओ ऋषभ के द्वारा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को सहूलियत से बाजार लगाने की हिदायत दी गई थी। परंतु हिदायत देने के बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है और बेतरतीब ढंग से अपना दुकान लगाकर अपनी दुकानदारी कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार क्षेत्र में हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। पिछले बार जब रूद्रानंद सरस ट्रैफिक प्रभारी थे। उन्होंने बाजार क्षेत्र में दो पहिया वाहनों के पार्किंग के लिए बाजार क्षेत्र में व्हाइट लाइन करवाया था और कुछ हद तक लोगो में सुधार भी हुआ था। परंतु अभी फिर से लोग बाजार क्षेत्र में जहां-तहां अपना वाहन खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने जा रहे हैं जिसके वजह से लोगों को राह चलना भी मुश्किल हो रहा है। वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि यदि अगले बार से लोग यदि व्हाइट लाइन से बाहर अपना वाहन लगाते हैं तो बाइक मालिक पर फाइन के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## चांद पर सफल लैंडिंग पर बंशीधर नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया गया



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांद की सतह पर सफल भारत में सफल लैंडिंग करने के बाद पूरे देश में खुशी का जश्न मनाया जा रहा है। 140 करोड़ देशवासियों की प्रार्थना और दुआ के साथ इसरो के वैज्ञानिकों ने कमाल कर दिखाया है। चांद पर लैंडिंग की खबर टीवी चैनल पर देखते ही श्री बंशीधर नगर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर एकत्रित होकर लोगों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया। इस दौरान भवनाथपुर मोड़ एवं जंगीपुर मोड़ के समीप युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर आतिशबाजी की और चांद पर सफल लैंडिंग की बधाई दी।इस दौरान युवाओं ने गर्मजोशी के साथ भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि के नारे लगाए और खूब जश्न मनाया। युवाओं ने बताया कि आज वैज्ञानिकों ने एक बार फिर देश का गर्व बढ़ाया है। भारत के इस गौरवशाली पर्व के हम सब साक्षी बने हैं, आज पूरे देश के लोगों की प्रार्थना और दुआ सफल हुआ जिससे कि चांद की सतह पर सफल भारत ने सफल लैंडिंग कर ली। उन्होंने कहा कि चांद पर सफलतापूर्वक पहुंचने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन चुका है। जश्न मनाने वालों में वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता, सौरव पांडे, विवेक सिंह, गोपाल प्रसाद कमलापुरी, उपेंद्र कुमार मेहता, अरुण गिरी, कुंदन सिंह, सुशील मिश्रा, विजय कुमार जायसवाल, पिंटू कुमार, रंजीत कुमार, पप्पू पांडे, उज्जवल विश्वकर्मा, सुमित मेहता, अखिलेश कुमार फोटी, विकास चंद्रवंशी, आकाश कुमार, संदीप चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाकपा माले कार्यकर्ताओ ने आठ सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गनियारी, फाटपानी के निर्दोष ग्रामीणों पर से झूठा मुकदमा वापस लेने सहित 8 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया.माले कार्यकर्ताओं ने गोसाईबाग स्थित पार्टी कार्यालय से जन अधिकार रैली निकाला। रैली मुख्यमार्ग से होते हुये अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया। रैली में शामिल कार्यकर्ता आदिवासियों व दलितों की भूमि से अबैध कब्जा हटाना होगा, ग्रामीणों पर से झूठे मुकदमे वापस लो, भाकपा माले जिन्दाबाद, अफसरशाही बन्द करो आदि नारे लगा रहे थे.माले कार्यकर्ताओ ने गनियारी,फाटपानी के निर्दोष ग्रामीणों पर से झूठे मुक़दमा वापस लेने, पुराना रजिस्टर टू से जमीन ऑन लाइन करने,वनाधिकार कानून के तहत काबिज ग्रामीणों को वन भूमि का पट्टा देने व फर्जी कागजात निरस्त करने, जोगियाबीर, दुसाईया, सगमा, फाटपानी, गनियारी सहित अनुमंडल अंतर्गत भूमि समस्या को तत्काल हल करने, जनवितरण प्रणाली में धांधली पर रोक लगाने, जनवितरण प्रणाली के लाभुकों को अगस्त माह का राशन देने तथा बिना बिजली के भेजे गये बिजली बिल को निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सभा को माले राज्य कमिटी के सदस्य सुषमा मेहता, कामेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह, किशोर कुमार, किसान महासभा के लालमुनि गुप्ता, लक्ष्मी सिंह, कृष्णा सिंह, जितेंद्र तुरिया, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य ने संबोधित किया। सभा के बाद 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। रैली में सबिता देवी, लालती देवी, बिचनी कुँवर, अशोक सिंह, रंजन विश्वकर्मा, तौसीफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने किया।

## 20 सूत्री की समीक्षा बैठक में उठे कई मामले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में 20 सूत्री की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे ने की। बैठक में अध्यक्ष ने जानना चाहा कि बालू के उठाव पर रोक होने के बावजूद बालू का अवैध रूप से उठाव कैसे हो रहा है। इस पर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने कहा कि बालू उठाव होने पर सूचना दे कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा प्रभारी चमन कुमार ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र नेउरा की उप स्वास्थ्य केंद्र नेउरा की भवन में कुछ लोग अतिक्रमण कर रह रहे हैं उसे मुक्त करने की बात कही। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन अंचल अधिकारी को दिया जाए। दंडाधिकारी के नेतृत्व में भवन को खाली कराया जाएगा। प्रखंड के कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि कृषि लोन किसानों को लेने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक द्वारा आवेदक को वापस कर दिया जाता हैं। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि कृषि पदाधिकारी और बैंक के पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य विभाग के मामले में उपाध्यक्ष सागर दास ने पुराना अस्पताल परिसर के अतिक्रमण का मामला उठाया। अध्यक्ष ने स्वत संज्ञान लेते हुए चिकित्सा पदाधिकारी चमन कुमार से दवा खरीद पर विस्तृत जानकारी मांगी तथा दवा का उपलब्धता पर ही सवाल उठाया। मनरेगा के समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने कहा बुद्धि वर पंचायत में एक ही व्यक्ति के खेत में 10ङ्क10 कुआं मनरेगा में अनियमितता का मामला बनता है। इस पर बीपीओ अभय दुबे ने बताया कि एक कुआं से दूसरे कुआं की दूरी कम से कम 100 मीटर होनी चाहिए। बैठक में बीडीओ सह सचिव गिरवर मिंज, सागर, पांलीकार्प तिर्की, राधेश्याम, अमित, नीति, दिनबंधु, धीरज सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

## मतगणना के बाद भी अध्यक्ष पद की घोषणा स्थगित 31 अगस्त को होगा लॉटरी

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार पैक्स का चुनाव मंगलवार को पंचायत सचिवालय केतार के सभागार कक्ष में केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जेई आनंद कुमार की उपस्थिति में दो उमीदवारो के बीच वोटिंग कराया गया था। उक्त पैक्स में कुल सदस्यों की संख्या 236 है जिसमें 199 मत वोटिंग से प्राप्त हुए। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के सहकारिता पदाधिकारी पदाधिकारी मनोज प्रसाद एवं निर्वाचित पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने वोटिंग के पश्चात ही पर्याप्त मतों की गिनती की गई जिसमें मिथिलेश कुमार गुप्ता एवं रवि कुमार रवि को 97-97 मत प्राप्त हुए जिससे टाई की स्थिति बन गई। इस के समाधान के लिए पदाधिकारीयो द्वारा टॉस करने की बात कही गई जिसमें दोनों उम्मीदवारों ने अपने-अपने जीत को बरकरार कहते हुए टॉस से इनकार कर दिया और मतपत्र को सील करा कर कोर्ट की फैसला मानने को कहा गया। उसी पेंडिंग घोषणा के आलोक में निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित कर आगामी 31अगस्त को लॉटरी के माध्यम से अध्यक्ष पद के लिए घोषणा कर देने की बात कही गई। जबकि वोटिंग के दिन ही कार्यकारिणी सदस्य शिवकलिया देवी, विमला देवी, अनीता देवी, गुड्डी देवी, भोला सिंह, रविंदर राम, जितेंद्र प्रसाद, रमेश मेहता, दिनेश सिंह, गुलकेश साह, विद्या प्रसाद को निर्वाचित होने का घोषणा किया गया।

## चंद्रयान की सफलता पर बी मोड़ के फल विक्रेताओं ने निकाला जुलूस



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत बी मोड़ के फल विक्रेताओं ने चंद्रयान -3 की सफलता पर जुलूस निकाला। यह विजय जुलूस बी मोड़ से शुरू होकर रेहला, बीसीसीएल मोड़, डंडिला खुर्द, डंडीला कला सहित कई जगह घुमा। जुलूस में शामिल फल विक्रेता हाथों में तिरंगा लिए भारतीय वैज्ञानिक जिंदाबाद और भारत माता की जय का नारा लगा रहे थे। जुलूस के प्रायोजक फल विक्रेता चंदन प्रसाद गुप्ता, राम कुमार मेहता गुड्डू व संजय मेहता ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने इतिहास रचा है.उनके सम्मान में यह जुलूस निकाला गया। जुलूस में राजन गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, संतोष मेहता, अशर्फी राम, महेंद्र पासवान, सूर्य कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## हंगामा के बीच बीएफएसी का चुनाव स्थगित किसानों ने कहा एटीएम ने किया दिग्भ्रमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन नहीं हो सका। प्रखंड प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता तथा जिप सदस्य मंजू देवी की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा शुरू होने के कारण चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। हीरालाल यादव,रामध्यान शर्मा, अरविंद शर्मा, रामवृक्ष मस्ताना, बब्लू कुमार, अखिलेश मेहता सहित कई किसानों ने बताया कि एटीएम प्रवीण जहां द्वारा चुनाव प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी नहीं देने के कारण किसानों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई जिसके कारण हंगामा हुआ। उधर हंगामा से नाराज़ हो कर प्रखंड प्रमुख सभागार से उठकर अपने कार्यालय में चली गई। बाद में चुनाव स्थगित होने की घोषणा की गई। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि चुनाव की अगली तारीख बाद में घोषित की जाएगी। मौके पर रामजन्म मेहता, सतेन्द्र मेहता, राजेश राम, अनिल पासवान, जयप्रकाश कुमार पंसस शीलू सिंह पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, ललन पासवान, अमेन्द्र पासवान सहित कई प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## चांद पर सफल लैंडिंग पर सर्वेश्वरी चौक पर लोगो ने तिरंगा हाथ में लेकर मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रायन थ्री के सफलतापूर्वक उतरने पर रमना में भी लोगों में उमंग देखा गया।बुधवार को रात्री सर्वेश्वरी चौक के समीप कई समाजिक, राजनीतिक व गण्यमान लोगों ने जश्न मनाकर चंद्रायन मिशन में लगें इसरों के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़या।विदित हो कि दुनिया का पहला देश भारत है जिसका लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलापूर्वक उतरा है। लोग हाथों मे तिरंगा लेकर भारत माता के जय जयकार लगा रहें थे तथा एक दुसरो को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।चंद्रमा पर लैंडर भेजने का मिशन साल 2008 में आरंभ किया गया था।दो मिशन फेल होने के बाद भी भारतीय वैज्ञानिकों ने आस नही छोड़ी बल्की तिसरे मिशन चंद्रायन थ्री में लैंडर को दक्षिणी ध्रुव पर उतारने में सफल रहें।इसकें पहले रुस ने भी प्रयास किया था लेकिन सफलता नही मिली।चीन ने भी अपना लैंडर चांद पर भेजा है लेकिन चीन का लैंडर दक्षिणी ध्रुव पर नही उतर सका।जश्न में शामिल मुन्ना प्रसाद, रोहित वर्मा,अनुज कुमार, भीम कुमार, अमीत कुमार, राजु सोनी, राजन सहीत कई लोगों ने कहा कि चंद्रायन थ्री के सफलता से देश का मान-सम्मान पुरे दुनिया में बढ़ा है।विज्ञान और अंतरिक्ष ज्ञान में आगे रहने वाले देश भी आज भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और सफलता के कायल है।इसरों और इसरों के वैज्ञानिकों के मेहनत का परिणाम है कि आज पुरे दुनिया में अंतरिक्ष अनुसंधान के मामले में भारत का डंका बज रहा है।

## कुंआ से बरामद हुआ वृद्ध महिला का शव, पुलिस जुटी छानबीन में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाही गांव स्थित कुंआ से गुरुवार को एक बृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। मृतिका की पहचान बिश्रामपुर ठाकुर मोहल्ला निवासी बबन ठाकुर की मां अदरी कुंवर (85) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका अदरी कुंवर बुधवार शाम से ही गायब थी.जिसका शव आज बरामद हुआ.परिजनों का कहना है कि मृतिका का मानसिक हालत ठीक नहीं था.जिसके कारण वह घर आने के क्रम में कुंआ में गिर गई.जबकि ग्रामीणों के अनुसार पारिवारिक झगड़े से तंग आकर अदरी कुंवर ने कुंआ में कूदकर जान दी है.रेहला पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु मेदानीनगर भेज दी है.थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## सभी इच्छाएं पूरी हो जाए, बस यही सभी समस्याओं का जड़ है : श्री जीयर स्वामी जी महाराज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि संसार में आज तक ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हुआ है जिसकी सारी इच्छाएं पूरी हो गई हो. जब से सृष्टि की रचना हुई है तब से आज तक किसी की सारी इच्छाएं पूरी नहीं हुई है. हां एक बात जरूर है जिसने सभी इच्छाओं का त्याग कर दिया और सिर्फ ईश्वर से अपना नाता जोड़ लिया उसको ईश्वर ने साक्षात दर्शन दिया है और अंततः उसकी मोक्ष की प्राप्ति भी हुई है. अतः व्यक्ति को अपने सुख के लिए दिन रात अथक प्रयास नहीं करना चाहिए. उन्होंने कहा कि पूरे जीवन में सभी समस्याओं का जड़ यही है कि हमारी सभी इच्छाएं पूरी हो जाए, और कभी भी सारी इच्छाएं पूरी हो नहीं सकती.तो प्रयास करना ही बेकार है.मेरे मन की सारी बात पूरी हो जाए इसी को कामना कहते हैं., और यही कामना दुख का कारण है.इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं हो सकता. मुझे कैसे सुख की प्राप्ति हो बस इसी वजह से मनुष्य ईश्वर से दूर होते चला जाता है. कामना उत्पन्न होते ही मनुष्य अपने कर्तव्य से भी दूर हो जाता है.कामना छूटने से जो सुख प्राप्त होता है वह सुख कामना की पूर्ति से कभी नहीं प्राप्त होता है. जिसको हम सदा के लिए अपने पास नहीं रख सकते उसकी इच्छा करने से और उसको पाने से भी क्या लाभ है.कामना के कारण ही हम अपने मार्ग से भटक जाते हैं और अंततः हमें दुख भोगना पड़ता है. कामना का सर्वथा त्याग कर दिया जाए तो आवश्यक वस्तुएं स्वत प्राप्त होगी, क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुष के पास आने के लिए लालायित रहती है. जो अपने सुख के लिए वस्तुओं की इच्छा करता है उसको वास्तु के अभाव का दुख भोगना ही पड़ेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को विज्ञान मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया. विज्ञान मेला का उदघाटन पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, विज्ञान मेला के निर्णायक एवं पूर्व छात्र डॉ0 कैसर आलम, डॉ0 सरफराज खान, डॉ0 शैलेंद्र कुमार, पूर्व सदस्य दिलेश्वर सिंह व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मंच आसीन अतिथियों को अंग वस्त्र व उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्श अवलोकन का उदघाटन द्रव्य शास्त्र के प्रकांड विद्वान नागार्जुन के चित्र के समक्ष नारियल फोड़ कर किया गया.निर्णायक मंडल ने प्रदर्श अवलोकन के क्रम में गहन पूछताछ, सटीक फाइल निरीक्षण कर अंक प्रदान किया। भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में मॉडल लगा हुआ था.शिशु, बाल एवं किशोर वर्गो में कुल 180 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया. शिशु वर्ग में 12, बाल वर्ग में 43 और किशोर में 27 प्रदर्श लगे थे. प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने अपने उदबोधन में कहा कि जिस प्रकार भारत ने चाँद की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है,उसी प्रकार से हमारे बाल वैज्ञानिकों ने विद्यालय की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है. ये आज के बाल वैज्ञानिक कल मंगल पर पहुँचेंगे. विज्ञान मेला का अवलोकन करने वालों में राजकुमार प्रसाद, शशि कला, ध्रुव कुमार, डॉ0 सजल गर्ग, आशुतोष कुमार, शक्ति दास सिंह, किरण देवी ,भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, शुभम कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे.प्रदर्शो में अल्कोहल सेंसर, पेट सेंसर, भूकंप अलार्म, हीमोडायलिसिस प्रदर्श आकर्षण का केन्द्र रहा. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान मेला प्रमुख विवेक कुमार, नीरज सिंह, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, नीति कुमारी, रेणु पाठक, प्रियम्बदा, प्रिया कुमारी, तन्वी जोशी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## देश को गौरवान्वित करने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को पूरी दुनिया कर रही सलाम : एन के तिवारी


### संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में चंद्रयान- 3 की सफलता पर मनाया गया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बिश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में चंद्रयान-3 का चन्द्रमा पर सफ़लता पूर्वक लैंडिंग होते ही स्कूल प्रबंधन और बच्चों द्वारा जश्न मनाया गया.यहां बताते चलें कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए चंद्रयान लैंडिंग का लाइव टेलीकास्ट दिखाने की व्यवस्था की गई थी। चंद्रयान के सॉफ्ट लैंडिंग होते ही शिक्षक और बच्चे झूमने लगे। जहां शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार वहीं बच्चों ने केक काटकर खुशी मनाया। इस दौरान शिक्षकों व बच्चों ने चंद्रयान-3 से संबंधित पेंटिग बनाकर प्रस्तुत किया.पेंटिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षक और छात्र छात्राओं को स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने पुरस्कृत किया.श्री तिवारी ने कहा कि देश को गौरवान्वित करने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को पूरी दुनिया सलाम कर रही है। नवनियुक्त प्राचार्य आर के सिंह ने बच्चों को बताया कि भारत चन्द्रमा पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा व साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश है.स्कूल के सह निदेशक पूनम तिवारी द्वारा बच्चों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में कई चीजें विस्तृत रूप से बताया गया। मौके पर शिक्षक विकाश कुमार, दिनेश सिंह, शिक्षिका निधि राय, ऋतु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रिंकी कुमारी,मंजू गुप्ता, सुशीला कुमारी, रिंजू यादव, पप्पू पासवान सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## रामवि ढाब में बारिश का पानी भरने से पठन पाठन ठप्प



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय ढाब में क्लास रूम के अंदर बारिश का पानी घुस जाने से गुरुवार को विद्यालय में पठन पाठन ठप्प रहा। शिक्षक सहित स्कूली बच्चे विद्यालय पहुंचे तो जलजमाव के कारण विद्यालय में कहीं खड़े होने की जगह तक नहीं थी। सभी जगह पानी से भरा हुआ था। मालूम हो कि उक्त विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक में करीब 400 से अधिक बच्चे नामांकित हैं। एनएच 98 फोरलेन सड़क निर्माण होने के दौरान विद्यालय के मुख्य भवन का एक भाग तोड़ दिया गया है। इसके बदले सड़क के पश्चिम दिशा में शिवालया कंपनी द्वारा चार रुम का भवन बनाया गया है। जहां 3 से 8 वर्ग के छात्र पढ़ते हैं। विद्यालय के दोनों भवनों में पानी भरे रहने के कारण पठन पाठन का कार्य नहीं चल पाया। इस संबंध में विद्यालय के सहायक शिक्षक अर्जुन राम ने बताया कि विद्यालय में बरसात का पानी भरने से पठन पाठन वाधित रहने के साथ ही कई दस्तावेज तथा एमडीएम का राशन भी भींग गया है।उन्होंने बताया कि विद्यालय के नये भवन में बच्चों को मध्याह्न भोजन खिलाकर घर भेज दिया गया है। इस संबंध में बीपीओ रेखा कुमारी ने बताया कि विद्यालय में वर्षा के पानी भरने की सूचना मिली है । छात्रों को नये भवन में शिफ्ट कर विद्यालय का संचालन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर अपराधी ने रांची डीसी का बनाया फेंक आइडी

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा का फेसबुक पर फेक अकाउंट बनाया गया है। साइबर अपराधी लोगों को अलग-अलग कारण बताकर पैसे मांग रहे हैं। हालांकि समय रहते उपायुक्त को इसकी सूचना मिल गई है। जिसके बाद उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी झांसे में ना आए।अगर कोई आपसे मेरे नाम पर पैसे मांग रहा है तो तुरंत कार्यालय में जानकारी दें। उन्होंने बताया है कि फेक अकाउंट और ओरिजिनल अकाउंट में कई तरह के फर्क होते हैं इन अंतरों को भी आप पहचाने और अपराधियों के झांसे में न आएं। साइबर की टीम से जानकारी एकत्रित करने के बाद यह पता चला कि मोबाइल नंबर 7008471039 से अपराधी मैसेज कर पैसे की मांग कर रहे हैं।

### शराब घोटाला मामले में योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी

**रांची :** झारखंड शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बाकी लोगों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी खत्म हो गयी है। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाले मामले में ईडी ने बुधवार को 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 30 लाख नगद, करोड़ों के जेवरात और कई कागजात एवं दस्तावेज मिले थे।

### रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने प्रभात मंत्र से की बेवाक बातचीत

# नगर निगम क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : अमित कुमार

*** अमित कुमार को शौक था वैज्ञानिक बनने का और बन गए आईएएस अधिकारी**

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची ।** 23 अगस्त 2023 का ऐतिहासिक दिन जब भारतीय चंद्रयान 3 चांद पर भारत का झंडा गाड़ कर इतिहास रच दिया। यह संभव हो पाया इसरो के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से। वैज्ञानिक बनने की चाह हर किसी के मन में होती है। ऐसा ही चाहत रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार को भी कभी था।बिहार के नालंदा सुरसा गांव में जन्मे अमित कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटे और अपने परिवार में प्रिय थे। बचपन से ही पढ़ने लिखने में इनका मन लगता था। इसलिए वार बचपन में इंजीनियर बनना चाहते थे। जैसे-जैसे बड़े होते गए उनकी चाह भी बढ़ती चली गई। और वैज्ञानिक बनने की ठान ली। लेकिन कहते हैं कि जो तकदीर में लिखा है वही होता है। ऐसा ही अमित कुमार के साथ भी हुआ। वे वैज्ञानिक नहीं बन पाए। लेकिन 2010 बैच में भारतीय सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी बन गए। इनका पलामू प्रशिक्षण केंद्र रहा। रांची एसडीओ, पलामू व देवघर उपायुक्त, खान निर्देशक सहित कई पदों पर रहने के बाद 22 अगस्त 2023 को रांची नगर निगम के आयुक्त पद नियुक्त किए गए हैं। हिंदी **दैनिक प्रभात मंत्र** ने नगर निगम के नवनियुक्त प्रशासक अमित कुमार से लंबी बातचीत की। उन्होंने बताया कि साफ सफाई से लेकर निगम द्वारा जनहित में जितने कार्य करने के कार्य क्षेत्र है वह सब किया जाएगा। कुछ पूर्व में किए गए कार्य हैं। उसे और बेहतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम के 53 वार्डों के गली मोहल्ले में साफ सफाई को लेकर पूर्व से जो कार्य हो रही है। उसका निरीक्षण किया जाएगा। जहां कुछ कमी रहेगी उसमें सुधार कर बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। मॉडल शौचालय चौक - चौराहों पर बनाए गए हैं। उसकी भी साफ सफाई सहित देखरेख बहुत जरूरी है। नाली निर्माण,सड़क निर्माण सभी वार्डों में हुआ है। जहां नहीं हुआ है वहां नाली निर्माण, सड़क निर्माण करना प्राथमिकता में होगी। जहां कहीं भी नाली, सड़क बना हुआ नहीं है या जर्जर स्थिति में है या फिर टेंडर पास हुआ है और काम नहीं हो रहा है।उन सबों पर कम कराया जाएगा।



**नगर निगम क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों के होगा सुंदरीकरण**

नगर निगम क्षेत्र का जितने भी चौक चौराहे हैं,सभी का सौंदर्यीकरण होगा। कुछ जगहों के लिए कार्य हो रहा है। संबंधित पदाधिकारी जो इसे देख रहे हैं उनसे भी बातचीत की जाएगी। कहां-कहां सुंदरीकरण होना है, कहां का टेंडर पास किया जाना है, किस तरह से कम हो रहा है या नहीं हो रहा है, सभी बिंदुओं पर बातचीत की जाएगी। साफ सफाई के अलावा मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कार्य है। यह लगातार होने वाली चीज है। इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। पार्षदों का कार्यकाल खत्म हो गया है। तो ऐसे में कोई भी यह न सोचे कि उसका जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र या आधार में सुधार के लिए किसी तरह का कोई दिक्कतें आएंगी।सबके लिए संबंधित पदाधिकारी पहले से नियुक्त किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत काम आगे भी होगा। होल्डिंग टैक्स पर काम किया जाएगा। आने वाले समय में अपना होल्डिंग टैक्स अवश्य जमा करें। इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत काम हो रहा है। इसे और तेजी के साथ किया जायेगा। शुद्ध पेयजल लोगों को मिल सके। घर-घर नल पहुंच सके। जलापूर्ति योजना में काम हो रहा है। कई लोग कनेक्शन ले चुके हैं। कई लोगों के गली मोहल्ले में कनेक्शन बिछाया गया है। ताकि लोगों के लिए पानी सप्लाई में किसी तरह की समस्या ना हो। जहां भी पेयजल के लिए नल का कनेक्शन नहीं पहुंचा है। उन वार्ड के गली मोहल्ले में भी तेजी के साथ काम किया जाएगा।

**अपार्टमेंट की शिकायतों को दूर किया जाएगा**

अपार्टमेंट की जो शिकायतें आती हैं इसकी शिकायत भी दूर करने की प्रयास किया जाएगा। गली, मोहल्ले एवं मुख्य चौक चौराहों पर जो स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, उसकी भी देखरेख जरूरी है। शहर में सड़क पर गड्ढे खोद कर छोड़ दिया जाता है। इस कारण यातायात समस्याएं होती है। ऐसा भविष्य में न हो, इस पर संबंधित पदाधिकारियों से बैठक कर इस तरह की समस्याओं का निदान किया जायेगा। नई योजनाओं के साथ भी कम होगा। इसे आगे बढ़ाया जाएगा। अभी देखना है कि कौन-कौन सी योजनाएं धरातल पर उतारने से जनहित को काफी लाभ मिलेगा। इस पर भी काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में जो भी जमीन,घर,अपार्टमेंट है सभी को ऑनलाइन कर दिया जा रहा है। ताकि आप अपनी जमीन,घर को ऑनलाइन देख सके। किसी तरह की समस्याएं ना हो, इस तरह की व्यवस्था की गई है।

## रिम्स के दो सीटों के साथ डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम को मिली मंजूरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान को दो सीटों के साथ डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। डीन डॉ. विद्यापति ने बताया की रिम्स यह कोर्स शुरू करने वाला राज्य का पहला अस्पताल है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शैक्षणिक वर्ष 2022 से रिम्स में डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस मंजूरी से कॉलेज संचालित अस्पतालों के लिए डीएम और एमसीएच पाठ्यक्रमों में नई सीटें पाने का मार्ग प्रशस्त होगा।यह मान्यता वर्ष 2022 से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी, जिसके बाद इसे नवीनीकृत करना होगा।

## नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों का काटा गया चालान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डेलीमार्केट (राँची) यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत दिख रही है। इसी कड़ी में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर डेलीमार्केट पुलिस ने जहाँ तहाँ नो पार्किंग में अपनी वाहन खड़ी कर देने वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर गुरुवार को डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से थाना के आसपास सड़क व सड़क किनारे नो पार्किंग जोन पर खड़े किए गए कई वाहनों का डिवाइस के जरिये तत्काल फोटो खींचकर चालान कटवाये तथा सड़क किनारे लगे ठेला/रिक्सा को भी सड़क से हटवाया साथ ही उन्हें



सड़क किनारे नो पार्किंग में दोबारा अपनी ठेला/रिक्सा नही लगाने की हिदायत भी दी गई। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि अपनी वाहनों को सड़क पर जहां तहाँ खड़ी करके जाम न लगाएं। आपकी एक लापरवाही से न सिर्फ सड़क जाम होती है बल्कि आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। थाना प्रभारी मोदक ने आम लोगो से अपील किये कि आप अपनी गाडियो को निर्धारित स्टेण्ड में ही लगाए ताकि आपकी गाड़ियां सुरक्षित रहे।इस अभियान में ट्रैफिक सअनि कुरैशा चारी, मुंशी एहशान अहमद, आदि शामिल थे।

## रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय का महेंद्र सिंह धोनी ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय का गुरुवार को जेएससीए परिसर में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने सभी अतिथियों के साथ कैंपस में पौधरोपण भी किया। धोनी ने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि रांची जिले में क्रिकेट ने अपने विकास के कई रंग देखे है और कार्यालय के प्राप्त होने से इसके कार्य में सुगमता आएगी। इस अवसर पर रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार , जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय , सदस्य विभूति भूषण गप्पू, जय कुमार सिन्हा, चंचल दत्ता गुप्ता ,अजय नाथ शाहदेव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल ने प्रशिक्षु काराधीक्षकों, प्रोबेशन ऑफिसर्स से किया संवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज भवन में प्रशिक्षु काराधीक्षकों, प्रोबेशन ऑफिसर्स एवं सहायक लोक अभियजकों से संवाद करते हुए कहा कि समाज को आपसे अत्यंत अपेक्षाएँ हैं। उम्मीद है कि आप समर्पित होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। आपने जिस राह का चयन किया है, इस राह पर चलकर आपको एक अच्छे समाज की रचना में अपना सक्रिय योगदान देना है एवं समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम करना है। जैसे-जैसे समाज में विकास कार्य आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे लोगों की अपेक्षाएँ भी बढ़ती है। सफलता की परिभाषा यह नहीं है की आप अपनी भौतिक आवश्यकताओं को कितना पूरा करते हैं, बल्कि उसकी परिभाषा यह है कि आप समाज के प्रति अपना कितना योगदान देते हैं। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निःस्वार्थ, समर्पित एवं निष्पक्ष होकर कार्य करने से जो खुशी आपको मिलेगी, वह खुशी अधिक से अधिक धनार्जन करके नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता एवं संस्कृति में निष्काम भाव से कर्म करने का संदेश दिया गया है। बिना भेदभाव के प्रत्येक जाति, धर्म एवं भाषा के लोगों के साथ एक समान व्यवहार करने से आपको आंतरिक खुशी होगी। जानबूझकर की गई गलती एक बहुत बड़ा अपराध है।



## मुख्यमंत्री सचिवालय से पत्र लेकर ईडी कार्यालय पहुंचा कर्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री सचिवालय से चिट्ठी लेकर कर्मी गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल ऑफिस पहुंचा। हालांकि इस चिट्ठी में क्या लिखा है, इसे बारे मुख्यमंत्री सचिवालय कर्मी ने मीडिया को बताने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। मुख्यमंत्रीको बीते 19 अगस्त को ईडी ने दूसरा समन भेजा था। ईडी ने मुख्यमंत्री को समन भेजकर 24 अगस्त को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले ईडी ने मुख्यमंत्री को आठ अगस्त को समन भेजकर 14 अगस्त को उपस्थित होने को कहा था। हालांकि मुख्यमंत्री ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी को चिट्ठी लिखकर कहा था कि समन वापस लें, मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ईडी से निपटेंगे। मुख्यमंत्री ने लिखा था कि आपका इस मामले में किया गया समन गैर कानूनी है। वे कानूनी सलाह लेकर ही आगे बढ़ेंगे।



## नगर आयुक्त से मिला सिटीजन फोरम का प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवासददाता

**रांची :** रांची नगर निगम के सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त अमित कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को 53 वार्ड में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से सड़कों पर जल जमाव और नगर निगम के पार्कों के मेंटेनेंस सहित अन्य विषय प्रमुख रहे। नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द इसका समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, कार्यक्रम संयोजक रेणुका तिवारी, कोर कमेटी सदस्य अनिल कुमार और सदस्य पीके प्रधान शामिल थे।

## मां काली सेना का भव्य जागरण 27 को



**रांची :** मां काली सेना रांची महानगर की ओर से सावन के अंतिम सोमवारी पर अल्बर्ट एक्का चौक में एक दिन पूर्व 27 अगस्त को भव्य जागरण किया जाएगा। मां काली सेना प्रमुख भोलू सिंह ने गुरुवार को कहा कि अंतिम सोमवारी के एक दिन पूर्व भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस बार भव्य जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहरवासी सादर आंमत्रित है।

## डीसी ने खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को एनजीटी, नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजीव रंजन, अपर निदेशक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (क्षेत्रीय कार्यालय) राँची, वैज्ञानिक तौफीक असलम, गोपाल कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखंड स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि, मोनेट डेनियल कोल वाशरी के अधिकारी/पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे। मोनेट डेनियल कोल वाशरी के द्वारा पर्यावरण के मानक का उल्लंघन किया जा रहा था। जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में पूरे क्षेत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारी पर्यावरण प्रदूषण को लेकर तय सेफ्टी मेजर का पालन करने का निर्देश दिया गया। खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी के निरीक्षण क्रम में संबंधित अधिकारी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा कर और ग्रीन एरिया को बढ़ाने, हंप बनाने के लिए, पश्चिम की तरफ की सड़क की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया ताकि लोगों को आवगमन में असुविधा नही हो एवं गेट के सामने हंप बनाने को कहा गया। उपायुक्त द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के समय टारपोपिंग से कवर करने और धूल नही उड़े इसके लिए लागतार स्प्रिंगल कराते रहने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।मालूम हो कि, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली के आदेश पर एक कमिटी बनाई गई थी, जिसमें पिछले निरीक्षण के दौरान पर्यावरण प्रदूषण को लेकर कई निर्देश दिये गये थे। आज कमिटि के दिये गये निर्देशों के अनुपालन को लेकर निरीक्षण किया गया।




## हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता


**रांची :** गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट ने रांची लोअर बाजार थाना क्षेत्र के फतेहउल्लाह रोड स्थित सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस एमवाई इकबाल की जमीन पर 25 जून 23 को भू माफिया द्वारा कब्जा करने के मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस एस चंद्रशेखर व जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने डीजीपी को सुरक्षा के मामले में जानकारी लेने के उद्देश्य से बुलाया।इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता पीयूष चित्रेश व अधिवक्ता राहुल साबू ने पक्ष रखा। वहीं एमिकस क्यूरी अधिवक्ता अतनू बनर्जी ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से पूर्व में शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि 162 भू माफियाओं के खिलाफ लगभग 190 केस दर्ज किये गये हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई जारी है. राजधानी में सुरक्षा को लेकर 30 पीसीआर वैन, 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन व 18 शक्ति कमांडो पेट्रोलिंग करते हैं. लगातार मॉनिटरिंग की जाती है।शहर में 17 जगहों पर वाहनों की जांच को लेकर बैरिकेडिंग की गयी है।जगह-जगह जांच अभियान चलाया जा रहा है।रात भर पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है।ट्रैफिक पुलिस सेल को 118 कॉलर कैमरा दिये गये हैं, जिसमें एचडी कैमरा व ऑडियो विजुअल सुविधाएं उपलब्ध हैं।रांची जिले में 646 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।



## डुमरी उपचुनावः मतदान को लेकर पांच सितंबर को स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र में पांच सितंबर 2023 मंगलवार को एनआई एक्ट के तहत स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। इस दिन डुमरी विधानसभा क्षेत्र में सरकार के सभी कार्यालय, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा सार्वजनिक बैंको में मतदान के दिन अवकाश रहेगा। चुनाव आयोग के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।



## नगर परिषद सेवता स्थित रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण करने पहुचे सांसद जयंत सिन्हा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपने दौरे से वापस लौटने के साथ हीं हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा जन समस्याओं से जुड़े मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए रांची से लौटने के क्रम में रामगढ़ नगर परिषद सेवटा के रेलवे क्रासिंग का निरक्षण करने जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अगुआई में एक प्रतिनिधि मंडल को साथ लेकर पहुंचे जहां स्थानीय ग्रामीणों और बुजुर्गों ने गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से सभी का स्वागत किया। ज्ञात हो की पिछले काफी दिनों से नगर परिषद क्षेत्र सेवटा स्थित मानव रहित रेलवे क्रासिंग बनाने हेतु फाटक को बंद किया जा रहा था जिसका स्थानीय जनता ने विरोध जताते हुए सांसद जयंत सिन्हा से मिलकर इसका समाधान निकालने का आग्रह किया था जिसके बाद सांसद ने रेल मंत्रालय और डीआरएम से संपर्क स्थापित कर कार्य को स्थगित करवाया था। फाटक के निरक्षण के बाद सांसद जयंत सिन्हा से स्थानीय ग्रामीणों की वार्ता में उन्होंने कहा की वर्तमान में सूचना मिलते हीं मैने डीआरएम साहब से निवेदन कर कार्य रुकवाया पर ये कोई समाधान नहीं है,क्योंकि आंकड़े बताते है की अक्सर फाटक के कारण कई दुर्घटनाएं हुई है साथ हीं रेलवे के आधुनिकीकरण और वंदे भारत जैसे सुपरफास्ट ट्रेनों के परिचालन के मानदंडों के अनुसार पटरी के दोनों किनारों की घेराबंदी सुरक्षा के हिसाब से भी जरूरी है। लेकिन इस फाटक के बंद होने से प्रभावित होने वाली जनता के सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा विस्तृत रूप से आवेदन मिलने के बाद मैं रेलवे मंत्रालय से मनवा रहित क्रॉसिंग बनाने के मापदंड के अनुसार पैदल पुल या ओवरब्रिज बनवाने का वायदा करता हूं।सांसद के इस आश्वासन के बाद जयंत सिन्हा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र भाजपा मय हो गया। पूरे दौरे में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,नारायण चंद्र भौमिक,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,नगर परिषद महामंत्री सुनील साहू,सोनू साहू ,संजय शाह इत्यादि पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा एवं भारत जगत मांझी परगना महाल की हुई संयुक्त बैठक

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भारत जगत मांझी परगना महाल के संयुक्त नेतृत्व में गोला प्रखंड के भुभुई गाँव के बनजारा टोला में भू-माफिया दलाल-बिचौलिया एवं कंपनियों के द्वारा आदिवासियों की भूमि लूट के खिलाफ बनजारा गांव में आदिवासियों की महाजुटान हुई। जहाँ सबसे पहले अपने पुरखों व महापुरुषों की याद करते हुए अपनी प्राकृतिक सरना धर्म की पूजा गाँव पाहन एवं नागेश्वर मुंडा की देखरेख में की गई। पूजा संपन्न होने के बाद एक रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष एवं नौजवानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सबों ने हाथों में तीर धनुष, झंडा बैनर लिए अक्रोशपूर्ण नारा लगाते हुए जमीनों में मार्च कर रहे थे। जल-जंगल-जमीन की लड़ाई तेज करो÷, भू-माफिया दलाल-विचौलिया को मार भगाओ, आदिवासियों की भूमि पर कंपनियों की लूट नहीं चलेगी, जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है, एक तीर एक कमान-सब आदिवासी एक समान। फिर यह रैली सभा स्थल मैदान में पहुँची।मंच में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया और भारत जगत मांझी परगना महल हजारीबाग जिला के परगना अध्यक्ष सोहराय किस्कू, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव बिगेंद्र ठाकुर, सरना प्रार्थना सभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष नागेश्वर मुंडा, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता-लाली बेदिया, रस्का मांझी, वनजारा गांव के प्रधान-बाबुराम मांझी, दिनेश टुडू, जितेंद्र किस्कू, राधामनी देवी, जिराजी देवी, सुनील किस्कू अन्य शामिल थे। सभा का संचालन-मणेन्द्र कुमार ने किया। सभा में वक्ताओं ने हो एवं हिंदी भाषा में संबोधन किया जो पुरी तरह से आत्मीय लग रहा था। आनेवाले दिनों में आदिवासियों की हड़पी गई जमीन तथा उसे कब्जा करने एवं न्यायालय से आदेश दखल दिहानी के लिए पुरे रामगढ़ जिले में आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया।

## न्यू पत्रकार यूनियन की कमेटी गठित

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यू पत्रकार यूनियन गोला संघ की बैठक बुधवार को झींझरिटाड़ स्थित महतो लाइन होटल में सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई।इस दौरान पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही पत्रकारों में एकजुटता बनाये रखने के लिए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया।जिसमें संरक्षक प्रदीप बर्मन, अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव ओमप्रकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष छेदी लाल को चुना गया।वही यह भी निर्णय लिया गया कि कमेटी का विस्तार अगली बैठक में किया जाएगा।वही इसकी मजबूती बनाये रखने के लिए हर माह बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।मौके पर सुजीत कुमार सिन्हा, अशफाक अहमद,आदर्श कुमार, दिलीप करमाली,टेकलाल महतो आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र को विमुक्त करने संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा के द्वारा उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र के विमुक्त होने के उपरांत किए जाने वाले कई महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित मंतव्य की मांग की गई है जिसके उपरांत उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में तीन दिनों के अंदर विकास कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़, अंचल अधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे। गौरतलब हो की रामगढ़ छावनी क्षेत्र के विमुक्त होने के उपरांत लगभग 7000 एकड़ भूमि का विलय नगर परिषद रामगढ़ में होगा जिसे लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में उपायुक्त द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा की गई।

## सयाल 'डी' परियोजना में आउटसोर्सिंग पैच का हुआ उद्धाटन

रामगढ़ **(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरका सयाल एरिया के सयाल 'डी' परियोजना में गुरुवार को ओपन कॉस्ट माइंस में आउट सोर्सिंग पैच का उद्धाटन हुइ। इसे लेकर भूमि पूजन किया गया और विधिवत नारियल फोड़कर पैच का उद्धाटन किया गया। अवसर पर बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज का दिन बरका सयाल के लिए ऐतिहासिक दिन है। सयाल परियोजना के अंतर्गत आउटसोर्सिंग पैच की शुरूआत हो रही है। इससे क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महाप्रबंधक ने बताया कि खुली खदान में आउट सोर्सिंग का कार्य आठ वर्षों के लिए आरए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया है।अवसर पर वासुदेव साव, विंध्याचल बेदिया, सुखदेव प्रसाद, रामविलास करमाली, संतोष साहू, मानस मुंडा, अनिल प्रसाद, रूपेश प्रसाद, धीरेंद्र सोनी, नरेंद्र प्रसाद, पिंकू सोनी, ललन प्रसाद, डबलू प्रसाद सहित परियोजना के कई अधिकारी मौजूद थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (जिला भू-अर्जन शाखा)
### प्रपत्र-VI
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

अधिसूचना सं0:–815/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 19.08.2023

चुंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागाँव, अंचल–बड़कागाँव, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है:–

हजारीबाग जिला के बड़कागाँव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना गोन्दुलपारा कोयला खान में रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि इस गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का स्थल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं प्रस्तावित गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अदाणी इन्टरप्राईजेज लि0 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA, दिनांक 08.03.2021 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेषण केन्द्रिय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नही किया जा सकता है। इस प्रकार प्रस्तावित विस्थापन को कम नही किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एंव सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती है। प्रस्तावित परियोजना का परिचालन लम्बी अवधि के लिए होगा। परियोजना से प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से लगभग अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रारंभिक चरण में प्रस्तावित विकास का परिचालन चरण एक से दूसरे अवसर को जन्म देगा। जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन से संबंधित कौशल (जैसे ड्राईविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होगें। सामुदायिक विकास परियोजनाओं को और अधिक सुदृढ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलना में संभावित लाभ अधिक है।

भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार 781 है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागाँव, अंचल–बड़कागाँव, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | 43 | 71 | नीज | टांड–II | 0.0300 | लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,.................. पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह। | प्लॉट–74 | प्लॉट–75 | प्लॉट–70 | प्लॉट–72 |
| 80 | 29 | 72 | नीज | टांड–I | 0.0500 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट–74 | प्लॉट–75 | प्लॉट–71 | प्लॉट–73 |
| 81 | 29 | 73 | नीज | टांड–II | 0.0400 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट–74 | प्लॉट–75 | प्लॉट–72 | प्लॉट–75 |
| 82 | 33 | 76 | नीज | टांड–II | 0.0200 | भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्विनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह। | प्लॉट–75 | प्लॉट–75 | प्लॉट–75 | प्लॉट–86 |
| 83 | 33 | 77 | नीज | टांड–II | 0.0050 | भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्विनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह। | प्लॉट–75 | प्लॉट–84 | प्लॉट–78 | प्लॉट–85 |
| 84 | 29 | 78 | नीज | मकान सहान | 0.0400 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट–75 | प्लॉट–79 | प्लॉट–79 | प्लॉट–77 |
| 85 | 36 | 79 | नीज | टांड–II | 0.0300 | रामेश्वर महतो, अकलु महतो, चरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छटु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,.................. पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह। | प्लॉट–75 | प्लॉट–83 | प्लॉट–80 | प्लॉट–78 |
| 86 | 4 | 80 | नीज | टांड–II | 0.0600 | कंचन महतो पिता लालधारी महतो देवाली महतो, केवाली महतो, अघनु महतो, बाबूलाल महतो, बुद्विनाथ महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 बेचु महतो वो अमृत महतो, चेतलाल महतो, बली महतो पिता स्व0 बैजनाथ महतो वो मो0 बुची पति विनय महतो साकिन देह। | प्लॉट–69 | प्लॉट–79 | प्लॉट–68 | प्लॉट–79 |
| 87 | 5 | 81 | नीज | मकान | 0.0400 | आन्दु महतो रामचरण महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 दुखी महतो वो सहजू महतो पिता स्व0 बाना महतो साकिन देह। | प्लॉट–80 | प्लॉट–82 | प्लॉट–83 | प्लॉट–80 |
| 88 | 43 | 82 | नीज | टांड–II | 0.0200 | लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,.................. पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह। | प्लॉट–81 | प्लॉट–83 | प्लॉट–83 | प्लॉट–79 |
| 89 | 2 | 211 | नीज | मकान | 0.0700 | विश्वजीत चक्रवर्ती वो अनील चक्रवर्ती वो आशित कुमार चक्रवर्ती पिता स्व0 गोपाल चन्द्र पण्डा वो विश्वनाथ चक्रवर्ती वो सुभाष चक्रवर्ती पिता स्व0 भोलानाथ पण्डा वो सुनील चक्रवर्ती पिता स्व0 नोलिनचन्द्र पण्डा वो मुलिन बिहारी पण्डा पिता स्व0 गिरिश चन्द्र पण्डा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–212 | प्लॉट–233 | प्लॉट–213 | प्लॉट–210 |
| 90 | 64 | 214 | नीज | मकान | 0.0500 | मनोहर कुमार वो सुजीत कुमार पिता स्व0 गिरधारी महतो वो नन्दकिशोर महतो वो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो वो नन्दकुमार महतो वो प्रेम कुमार महतो पिता स्व0 किशुन महतो वो फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो वो धनकु महतो वो गलु महतो वो प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो वो मनिकान्त सुमन वो रामदशी महतो वो जैनाथ महतो पिता सम्पत महतो वो कोमल महतो वो दशय महतो वो अशोक महतो वो ईश्वरी महतो वो जुगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनु महतो पिता लुरक महतो वो मनोज बिहारी महतो पिता नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर महतो पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो वो प्रमेश्वर महतो वो बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–215 | प्लॉट–213 | प्लॉट–217 | प्लॉट–42 |
| 91 | 70 | 215 | नीज | परती कदीम | 0.0200 | दयाल राणा वो फुटानी राणा वो गोबिन्द राणा वो रामेश्वर राणा पिता सोना राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–225 | प्लॉट–214 | प्लॉट–216 | प्लॉट–42 |
| 92 | 70 | 216 | नीज | मकान सहन | 0.0100 | कृष्णा गोप वो बिन्दु गोप पिता फागुन गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–225 | प्लॉट–214 | प्लॉट–217 | प्लॉट–215 |
| 93 | 70 | 217 | नीज | टांड–I | 0.0100 | प्रभु गोप पिता स्व0 चमन गोप सा0 देह। | प्लॉट–225 | प्लॉट–213 | प्लॉट–219 | प्लॉट–214 |
| 94 | 70 | 217/I | नीज | टांड–I | 0.0200 | तालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–225 | प्लॉट–213 | प्लॉट–219 | प्लॉट–214 |
| 95 | 70 | 217/II | नीज | टांड–I | 0.0400 | तालेश्वर महतो पिता बिरसहाय महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–225 | प्लॉट–213 | प्लॉट–219 | प्लॉट–214 |
| 96 | 34 | 218 | नीज | टांड–I | 0.0100 | फागुन गोप पिता स्व0 बन्धन गोप साकिन देह। | प्लॉट–225 | प्लॉट–219 | प्लॉट–224 | प्लॉट–217 |
| 97 | 34 | 218/I | नीज | टांड–I | 0.0200 | धनमतिया देवी पति गालू गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–225 | प्लॉट–219 | प्लॉट–224 | प्लॉट–217 |
| 98 | 16 | 219 | नीज | मकान | 0.0400 | दाशो गोप पिता स्व0 दुलार गोप वो फुलोन गोप पिता स्व0 गोपाल गोप गुजरा गोप पिता स्व0 टेको गोप साकिन देह। | प्लॉट–218 | प्लॉट–220 | प्लॉट–224 | प्लॉट–217 |
| 99 | 34 | 220 | नीज | धान–II | 0.0800 | फागुन गोप पिता स्व0 बन्धन गोप साकिन देह। | प्लॉट–219 | प्लॉट–233 | प्लॉट–222 | प्लॉट–213 |
| 100 | 16 | 221 | नीज | मकान | 0.0200 | दाशो गोप पिता स्व0 दुलार गोप वो फुलोन गोप पिता स्व0 गोपाल गोप गुजरा गोप पिता स्व0 टेको गोप साकिन देह। | प्लॉट–222 | प्लॉट–233 | प्लॉट–225 | प्लॉट–220 |
| 101 | 16 | 221/I | नीज | मकान | 0.0200 | सरिता देवी पति रूपेन्द्र यादव निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–222 | प्लॉट–233 | प्लॉट–225 | प्लॉट–220 |
| 102 | 16 | 222 | नीज | टांड–I | 0.0200 | दाशो गोप पिता स्व0 दुलार गोप वो फुलोन गोप पिता स्व0 गोपाल गोप गुजरा गोप पिता स्व0 टेको गोप साकिन देह। | प्लॉट–223 | प्लॉट–221 | प्लॉट–225 | प्लॉट–220 |
| 103 | 16 | 222/I | नीज | टांड–I | 0.0200 | सरिता देवी पति रूपेन्द्र यादव निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–223 | प्लॉट–221 | प्लॉट–225 | प्लॉट–220 |
| 104 | 7 | 224 | नीज | मकान | 0.0150 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप उर्फ किटु गोप वो उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता जागो गोप साकिन देह। | प्लॉट–225 | प्लॉट–223 | प्लॉट–407 | प्लॉट–225 |
| 105 | 7 | 224/I | नीज | मकान | 0.0550 | नरायण गोप वो लिलु गोप वो किटु गोप वो रूपेन्द्र गोप वो खेदु गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो तेजा गोप पिता बाजो गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–225 | प्लॉट–223 | प्लॉट–407 | प्लॉट–225 |
| 106 | 7 | 226 | नीज | टांड–I | 0.1600 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप उर्फ किटु गोप वो उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता जागो गोप साकिन देह। | प्लॉट–1324 | प्लॉट–233 | प्लॉट–407 | प्लॉट–225 |
| 107 | 7 | 226/I | नीज | टांड–I | 0.0200 | महेश राणा वो नरेश राणा पिता विगन राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1324 | प्लॉट–233 | प्लॉट–407 | प्लॉट–225 |
| 108 | 35 | 228 | नीज | टांड–I | 0.0300 | चौधरी गोप, बिन्दु गोप, नन्दु गोप पिता स्व0 शुकर गोप वो हरजीवन गोप, जीतन गोप, कामेश्वर गोप पिता स्व0 खेदन गोप वो ललवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दशय गोप , किशोरी गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पति स्व0 रामधनी गोप वो कैला गोप पिता स्व0 कोल्हा गोप वो सोबरन गोप पिता स्व0 हरी गोप साकिन देह। | प्लॉट–233 | प्लॉट–229 | प्लॉट–227 | प्लॉट–232 |
| 109 | 69 | 229 | नीज | टांड–I | 0.0300 | कैला गोप पिता कोल्हा गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–228 | प्लॉट–230 | प्लॉट–227 | प्लॉट–231 |
| 110 | 66 | 230 | नीज | मकान | 0.0500 | गांगो गोप, विशुन गोप, सहदेव गोप, दशरथ गोप पिता स्व0 नारायण गोप वो झमन गोप पिता स्व0 सुखलाल गोप सा0 देह। | प्लॉट–231 | प्लॉट–280 | प्लॉट–280 | प्लॉट–279 |
| 111 | 69 | 231 | नीज | मकान | 0.0500 | कैला गोप पिता कोल्हा गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–233 | प्लॉट–230 | प्लॉट–232 | प्लॉट–234 |
| 112 | 35 | 232 | नीज | मकान | 0.0250 | चौधरी गोप, बिन्दु गोप, नन्दु गोप पिता स्व0 शुकर गोप वो हरजीवन गोप, जीतन गोप, कामेश्वर गोप पिता स्व0 खेदन गोप वो ललवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दशय गोप , किशोरी गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पति स्व0 रामधनी गोप वो कैला गोप पिता स्व0 कोल्हा गोप वो सोबरन गोप पिता स्व0 हरी गोप साकिन देह। | प्लॉट–233 | प्लॉट–231 | प्लॉट–228 | प्लॉट–231 |
| 113 | 35 | 232/I | नीज | मकान | 0.0050 | अनील कुमार यादव वो सुधीर कुमार यादव पिता जीतन यादव निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–233 | प्लॉट–231 | प्लॉट–228 | प्लॉट–231 |
| 114 | 59 | 234 | नीज | मकान | 0.0400 | ललवा गोप, भदवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दसय गोप, किशोर गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पिता स्व0 रामधनी गोप सा0 देह। | प्लॉट–233 | प्लॉट–278 | प्लॉट–231 | प्लॉट–235 |
| 115 | 38 | 235 | नीज | मकान 3 सहन 1 | 0.0400 | धनेश्वर राणा वो महेश राणा वो अशोक राणा पिता किशुन राणा अंश समान सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–233 | प्लॉट–236 | प्लॉट–234 | प्लॉट–237 |
| 116 | 61 | 236 | नीज | मकान सहन | 0.0200 | रामेश्वर राणा पिता स्व0 चिन्तामन राणा वो सिकेन्द्र राणा वो धर्मेन्द्र राणा पिता स्व0 नान्हु राणा, मनोज राणा वो सनोज कुमार पिता स्व0 सोहर राणा वो रामपुकार राणा पिता स्व0 सुकर राणा वो झबुवा बडही पिता स्व0 खेमन बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–235 | प्लॉट–237 | प्लॉट–278 | प्लॉट–237 |
| 117 | 61 | 237 | नीज | टांड–I | 0.0400 | रामेश्वर राणा पिता स्व0 चिन्तामन राणा वो सिकेन्द्र राणा वो धर्मेन्द्र राणा पिता स्व0 नान्हु राणा, मनोज राणा वो सनोज कुमार पिता स्व0 सोहर राणा वो रामपुकार राणा पिता स्व0 सुकर राणा वो झबुवा बडही पिता स्व0 खेमन बडही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–233 | प्लॉट–273 | प्लॉट–276 | प्लॉट–238 |
| 118 | 38 | 240 | नीज | मकान 3 सहन 1 | 0.0400 | अन्तु राणा, मन्तु राणा, सरला राणा, गलका राणा पिता स्व0 बुधन बडही वो कैला राणा , मुटर राणा पिता स्व0 नन्हक राणा वो लीलू राणा, वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 शिवल बडही वो टेकन राणा पिता स्व0 यदू राणा वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राकेश राणा, अनुप राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा, विशुन राणा पिता स्व0 सुधा बड़ही, वो जगदेव राणा पिता भूगली राणा , गणपति राणा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मीठु राणा वो मुलिया देवी, डोमनी देवी, मो0 नगीया पिता स्व0 जागो राणा, वो शिवलाल राणा पिता स्व0 गुना बड़ही साकिन देह। | प्लॉट–233 | प्लॉट–239 | प्लॉट–237 | प्लॉट–241 |
| 119 | 39 | 241 | नीज | मकान | 0.0400 | चौधरी गोप, हरिचरण गोप पिता स्व0 शिवल गोप वो नन्दकिशोर यादव पिता स्व0 प्रयाग गोप, शुकर गोप पिता स्व0 बुलाकी गोप वो जयपाल गोप, विकाश गोप, प्यरी गोप, देवप्रकाश गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो शंभु गोप, परमेश्वर गोप, धनेश्वर गोप हेमन गोप, बिरण गोप पिता स्व0 ज्ञानी गोप वो बासुदेव गोप पिता स्व0 महाबीर गोप साकिन देह। | प्लॉट–233 | प्लॉट–242 | प्लॉट–240 | प्लॉट–233 |
| 120 | 59 | 278 | नीज | टांड–I | 0.0600 | ललवा गोप, भदवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दसय गोप, किशोर गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पिता स्व0 रामधनी गोप सा0 देह। | प्लॉट–234 | प्लॉट–276 | प्लॉट–279 | प्लॉट–277 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–

उपायुक्त सह समुचित सरकार, हजारीबाग।

PR.NO.305448 Land Reforms(23-24):D

## रियलमी ने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी 11 सीरीज 5जी किया पेश





**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी हीरो नंबर सीरीज और एआईओटी सेगमेंट में चार अत्याधुनिक उत्पादों- रियलमी 11 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी, रियलमी बड्स एयर 5 और रियलमी बड्स एयर 5 प्रो के लॉन्च की घोषणा की। लॉन्च के अवसर रियलमी के प्रवक्ता ने बताया, रियलमी इनोवेशन में सबसे आगे रहता है, और यूज़र्स को अत्याधुनिक तकनीक व विशेषताएँ प्रदान करता है, जिनसे उन्हें शानदार यूजर अनुभव मिलता है। हम रियलमी 11 सीरीज 5जी और अपनी एआईओटी सीरीज में रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश करके बहुत उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये चार बेहतरीन उत्पाद स्मार्टफोन और एआईओटी उद्योग में नए मानक स्थापित कर देंगे। इस साझेदारी के बारे में एआईएमआरए (ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन) के संस्थापक एवं चेयरमैन, कैलाश लख्यानी ने कहा, एआईएमआरए को टेक्नोलॉजी में अग्रणी, रियलमी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो ग्राहकों की जरूरतों को समझता और उन्हें पूरा करता है। अल्टीमेट 5जी गेम चेंजर, रियलमी 11एक्स 5जी में 2एक्स इन-सेंसर ज़ूम को सपोर्ट करने वाला 64मेगापिक्सल का कैमरा है, जो ज़ूम करने पर भी इमेज की क्वालिटी से समझौता किए बिना शार्प और विस्तृत शॉट प्रदान करता है। 33वॉट सुपरवूक चार्जिंग समाधान इसकी 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी को केवल 29 मिनट में 50 प्रतिशत तक चार्ज कर देता है। रियलमी 11एक्स 5जी में मीडियाटेक डाइमेन्सिटी 6100+ 5जी चिपसेट लगी है, जो 5जी के युग में सुगम और तीव्र कनेक्टिविटी प्रदान करती है। इस स्मार्टफोन में 16जीबी तक की डायनामिक रैम और 128जीबी की स्टोरेज क्षमता है, जिससे काफ़ी स्मूथ परफॉर्मेंस मिलती है। इसका एस-कर्व ग्रेडिएंट डिज़ाइन स्टाइल को बढ़ा देता है, और 7.89 मिमी की अल्ट्रा-स्लिम बॉडी इसे स्लीक एवं ज़्यादा आधुनिक बनती है। रियलमी 11एक्स 5जी दो आकर्षक रंगों- पर्पल डाउन और मिडनाइट ब्लैक में उपलब्ध है।

## अंसार खान ने मानगो में बिजली के समस्या को कराया ठीक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र में टूटे हुए बिजली तारों को ठीक कराया गया। जवाहर नगर रोड नंबर 13 में बिजली का तार टूटकर रोड पर गिर गया था इसकी सूचना कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष इफ्तिखार ने दिया। अंसार खान ने कहा कल जवाहर नगर रोड नंबर 13 बिलाल मस्जिद के नीचे में बिजली के झूले तारों को ऊपर करने का कार्य किया जाएगा जवाहर नगर रोड नंबर 13 बी अर्थिंग तारों को चेंज किया जाएगा। आज बारिश होने के कारण यहां पर काम नहीं हो सका। आज कार्य करने के लिए कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद अमीर हमजा ने मिस्त्री आलम और लेबरों को भेजा गया।



## कांग्रेस व भाजपा प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप किया सोनारी हरि मंदिर सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के निर्देशानुसार भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार एवं स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बब्बन शुक्ला ने संयुक्त रूप से नगर विकास एवं आवास विभाग निधि से सोनारी निर्मल नगर बस्ती हरि मंदिर के पास करीब 18 लाख लागत से सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री संजय मुंडा, कृष्णा यादव, सुजीत आदित्य, सोनारी मंडल के दीपक घोष, कमला दास, लता धिवर, एवं बस्ती के रवि दास, राखु धिवर, प्रल्हाद धिवर, सूरज बागती, शंकर पोद्दार, राकेश माझी, राजु महतो, शंकर महतो, राहुल भट्टाचार्य, भोला साहू, जगन्नाथ धिवर, बानेश्वर तंतु वाई, तारा पोद्दार,रवि बारिक, विनोद रजक, राजा, दसरथ सिंह,पांडे जी, एवं बस्ती के अन्य सम्मानित गण शामिल थे।




## टेबो के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान, अभियंता के नाम सौंपा मांग पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंदगांव प्रखंड की टेबो थाना क्षेत्र के चाकी गांव के पड़ा टोला के ग्रामीण इन दिनों बिजली की समस्या से जुझ रहे हैं। टोला में लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। इसे लेकर ग्रामीण परेशान हैं। गांव में खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को लेकर ग्रामीणों ने पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई को इस संकट से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता के नाम एक पत्र डॉ. विजय सिंह गागराई को सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि टोला में पूर्व में लगा 16 केवी के खराब ट्रांसफॉर्मर को बदल कर 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाय। इस पर विजय गागराई ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस बारे में विभाग के अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। मौके पर गांव के बिरसा बोदरा, सुगना बोदरा, बलदेव बोदरा, भीमसेन बोदरा, विकास बोदरा समेत अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।



## व्याख्याता भुवनेश्वर महतो को मिलेगा सीनियर फैलोशिप अवार्ड

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर्गत पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के कुड़मालि विषय के व्याख्याता भुवनेश्वर महतो का चयन सीनियर फेलोशिप अवार्ड के लिए भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय ने किया है। महतो पंच परगना क्षेत्र के बुंडू अनुमंडल अंतर्गत नावाडीह गांव के निवासी हैं। भारत सरकार सांस्कृतिक मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान सांस्कृतिक स्रोत व प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली की ओर से निदेशक ऋषि वशिष्ठ ने पत्र भेजकर डांस और मैजिक विषय पर भारत के विभिन्न राज्यों में हो रहे छऊ डांस रिसर्च करने की स्वीकृति प्रदान की है। भुवनेश्वर महतो अभी पीएचडी कर रहे हैं, उनका शोध का विषय कुड़माली संस्कृति का है। वैज्ञानिक अध्ययन को लेकर उन्होंने बांग्लादेश और नेपाल की यात्रा की है। इसके साथ ही छऊ डांस की टीम को लेकर केरल, हिमाचल प्रदेश, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन कर चुके हैं। वह बांसुरी वादन के भी उस्ताद हैं।



# अमलगम स्टील कंपनी का माल लेकर आए सैकड़ो भारी मालवाहक वाहनों के जाम में फंसे मंत्री चंपई

### वाहनों को सड़क से हटाने में ना तो जिला प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रही है ना ही स्थानीय पुलिस

**कंपनी में एंट्री नहीं मिलने से सड़क के दोनों तरफ खड़े रहते हैं भारी वाहन**

**चौका- कांड्रा मार्ग में रोजाना बनी रहती है जाम की स्थिति**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा-चौका मार्ग में सड़क किनारे वाहनों के खड़ा कर दिए जाने से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। इससे सड़क दुर्घटनाएं भी अक्सर होती रहती है। गुरुवार को भी उक्त मार्ग पर ऐसी ही स्थिति बनी रही जिससे करीब दो घन्टे तक कांड्रा-चौका मार्ग जाम रहा। उस जाम में राज्य के परिवहन मंत्री भी काफी देर तक फंसे रहे। बाद में स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उनके वाहन को आगे बढ़ाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कांड्रा स्थित अमलगम स्टील कंपनी का माल लेकर आए सैकड़ो भारी मालवाहक वाहनों को कंपनी में एंट्री नहीं मिलने के कारण वे लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में सड़क के दोनों तरफ खड़ा रहता है। इससे चौका- कांड्रा मार्ग में जाम की स्थिति बन गयी है और आवागमन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ एक दिन की स्थिति है, बल्कि आए दिन इन भारी मालवाहक वाहनों के कारण चौका- कांड्रा मार्ग की स्थिति इसी तरह बनी रहती है।

**मार्ग सड़क दुर्घटना की स्थिति से बना डेंजर जोन:** स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में जब भी इन भारी वाहनों का सड़क पर जमावड़ा हुआ तब तब इस मार्ग पर सड़क दुर्घटना का पुराना इतिहास है। पहले से ही यह मार्ग सड़क दुर्घटना की स्थिति से डेंजर जोन बना हुआ है। इन वाहनों को सड़क से हटाने में ना तो जिला प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रही है ना ही स्थानीय पुलिस कुछ कर पा रही है। स्थानीय पुलिस ने कई बार कंपनी प्रबंधन से बात की पर नतीजा जस का तस बना हुआ है। कंपनी प्रबंधन से स्थानीय पुलिस भी परेशान है। जाम की स्थिति के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के बीच तू-तू-मैं- मैं भी हो रही है। लेकिन कानून व्यवस्था के इस बिगड़ते माहौल को सुधारने में प्रशासन की चुप्पी से स्थानीय लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

**कंपनी अपने निजी हित में लोगों के जान के साथ कर रही खिलवाड़:** लोगों का कहना है कि कंपनी अपने निजी हित में लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। पिछले दिनों इन भारी वाहनों के कारण लगे जाम में एक व्यक्ति पूरे परिवार समेंत घायल हो गया था। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की थी और खूब हंगामा किया था। जिसके बाद कुछ दिनों तक यह नजारा देखने को नहीं मिल रहा था, लेकिन पिछले दो दिनों से फिर से वही तस्वीर उभर कर सामने आ गई है।

**जनता सड़क पर उतरकर पुरजोर विरोध के मूड में :** मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने तीव्र आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी तो जनता सड़क पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगी और लोगों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कतई नहीं होने दिया जाएगा।

## गोलमुरी सर्कस मैदान में शुरू हुआ डायमंड सर्कस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गुरुवारक को गोलमुरी सर्कस मैदान में कोलकाता के मशहूर कंपनी डायमंड सर्कस का उद्धघाटन हुआ। इस अवसर पर डायमंड सर्कस में देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए कलाकारों ने भारतीय खेलों का प्रदर्शन सहित एवम् अफ्रीका से आये हुए कलाकारों के द्वारा अफ्रीकन खेल जैसे अफ्रीकन एकरोबैट, अफ्रीकन बम्बू, अफ्रीकन बार, अफ्रीकन डांस इत्यादि तरह तरह के रंग- बिरंगे खेलो का प्रदर्शन उनके द्वारा किया गया। जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए सर्कस के प्रबंध निदेशक शमशाद हुसैन एवं प्रबंधक के डी रॉय ने संयुक्त रूप से कहा कि रोजाना तीन शो - 01:00 से 04:00 बजे तक, शाम 04:00 से 07:00 और 07:00 से 10:00 बजे (रात) तक दिखाया जायेगा।

## किसानों के साथ बैठक कर अंचल अधिकारी ने ई- केवाईसी की दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला अंचल अंतर्गत के गोविंदपुर पंचायत के भुरकुली एवं देवगिरी साही गांव में गुरुवार को अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के ई केवाईसी को लेकर किसानों के साथ बैठक की। उन्होंने किसानों से कहा कि जिनका आज तक ई केवाईसी नहीं हुआ है वे नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपना ई केवाईसी करा लें। उन्होंने बताया कि ई केवाईसी के लिए जमीन की कागजात, बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की जरूरत होती है। बिना ई केवाईसी के प्रधानमंत्री किसान सम्मान राशि योजना का लाभ नहीं मिल सकता है।

## जेएमए ने एआईएमए चेयरमैन श्रीनिवास डेम्पो की पहली जमशेदपुर यात्रा की मेजबानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने आज ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के चेयरमैन की पहली यात्रा की मेजबानी की। श्रीनिवास डेम्पो, एआईएमए अध्यक्ष और चेयरमैन, डेम्पो ग्रुप ऑफ कंपनीज (गोवा) ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस का दौरा किया। उन्होंने संस्थापक गैलरी और आर्ट गैलरी में 19 प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित करने वाले सदियों पुराने आर्काइव्ज को देखा। स्वयं एक खिलाड़ी होने के नाते, उन्होंने टाटा फुटबॉल अकादमी और जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया। यात्रा का समापन बेल्डीह क्लब, जमशेदपुर में एक बातचीत सत्र के साथ हुआ। श्री डेम्पो ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय मैनेजमेंट एसोसिएशन को सामुदायिक संपर्क, युवाओं को अवसर और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विफलता प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा, आज के युवा प्रतिभाओं को विफलताओं से नहीं डरना चाहिए और मैनेजमेंट संगठनों के रूप में, हमें युवा पीढ़ी में भावनात्मक स्थिरता और धैर्य पैदा करना चाहिए।



## राजनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने गुरुवार को जिला अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय राजनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भ्रमण सहित विभिन्न पंजियों का जाँच किया गया। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक कर उन्होंने क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के मध्य योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय पदाधिकारी को योजनाओं के स्थल निरीक्षण कर लंबित कार्यो मे प्रगति लाने का निर्देशन दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ मासिक बैठक कर क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में दवा की उपलब्धता, संस्थागत डिलीवरी, समान्य एवं इमरजेंसी वार्ड एवं एमटीसी सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।



## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिग पर पहाड़पुर पंचायत में मुखिया ने बांटे लड्डू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भारत का चंद्रयान -3 का चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिग के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसी कड़ी में बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को लोगों ने जमकर खुशियों का इजहार किया। पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने लोगों के बीच लड्डू वितरण करते हुए देशभक्ति दिखाई। मौके पर मुखिया ने कहा कि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से सिद्ध हो गया कि हमारा भारत सशक्त और समृद्ध देश है और विकसित देश के रूप में उभर रहा है। मुखिया ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बोड़ाम प्रखंड से भी भविष्य में ऐसा वैज्ञानिक बने ताकि देश के विकास में योगदान दे सके। मौके पर पंचायत सचिव पाठक कुंभकार, जलन मार्डी, नकुल कुंभकार, मनमोहन सिंह, प्रशांत सिंह, अमित महतो, लालबाबु सिंह, धनंजय महतो, जगन्नाथ महतो, कृतिवास महतो व गंगाधर सिंह आदि उपस्थित थे।



## चंद्रयान-3 का चांद पर उतरना देशवासियों के लिए गौरव की बात : मालती गिलुवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चंद्रयान 3 का सफलता से चांद पर उतारना पूरे देशवासियों के लिए गौरव की बात है ।सारे देशवासी इस पल को देखने के लिए अपनी दृष्टि लगाए हुए थे। वह सपना साकार हो गया सारे देशवासी चंद्रयान तीन की सफलता को देखकर झूम उठे। वाजपेई जी ने ही जय जवान जय किसान स्लोगन में जय विज्ञान का भी नारा जोड़े थे। आज देश के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास और कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरुप ही भारत यह कार्य सफल कर पाया। उक्त बातें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलावा ने कही, श्री गिलवा ने चंद्रयान-3 की सफलता की बधाई सभी देशवासियों को देते हुए देश के वैज्ञानिकों को भी बधाई दी है।

## कदमा रंकिणी मंदिर पूजा कमेटी ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का भूमिपूजन, हाई सिक्योरिटी लैस होगा पंडाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा कमेटियों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है । वहीं आज शहर की मशहूर और सबसे पुरानी कमेटी कदमा रंकिणी मंदिर पूजा कमेटी का दुर्गा पूजा के लिए भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर पूजा कमिटि के लोगों ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा के 75 वां वर्ष का आयोजन किया जा रहा है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष का पूजा पंडाल कदमा में निश्चित ही आकर्षण का केंद्र होगा। भव्य पंडाल को कोलकाता के कारीगरों द्वारा थीम आधारित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा कमिटि प्रबंधन ने कहा कि पूजा में ढाकी कंटाई बंगाल की है। मूर्ती केदार मल्लीक द्वारा बनाई जा रही है। पंडाल में रंग-बीरंगी लाईटों की अनोखी व्यवस्था की जायेगी एवं थीम आधारित वन्दे भारत ट्रेन को भी चलाई जाएगी। इसके अलावा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जायेंगे साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए कदमा थाना की सहायता के अलावा प्राईवेट सीक्युरीटी गार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी। अग्नि शामक उपकरण भी लगाये जाऐंगे। दुर्गा पूजा के संचालन कमिटी में अध्यक्ष - दिलिप दास, महासचिव - जनार्दन पाण्डेय, उपाध्यक्ष के जी गोविन्द के अलावा एस. रमेश कुमार, ए. आर. डे (बापी दा), हरभजन सिंह, नरेन्द्र कुमार, आर एम पी सिंह, पी के सिंह, नन्द कुमार, गोविन्द प्रसाद सिंह एवं सहित कमिटि के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मिथलानी समूह के सावन मिलन समारोह की सावन क्वीन बनीं प्रीति झा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज मिथलानी समूह ने सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतराष्टीय मुक्केबाज अरुणा मिश्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, शिक्षिका अरुणा झा ,समाज सेवी जगदंबा झा और सुप्रसिद्ध गायिका अंजु कात्यानी उपस्थित हुई। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए सोलहों श्रृंगार, पारंपरिक गीत, एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी। सोलहों श्रृंगार की विजेता प्रीति झा को सावन क्वीन चुनी गई, खुशबू झा दूसरे स्थान पर रही और तीसरे स्थान पर बंदना झा रही। कार्यक्रम बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए सीमा मिश्रा को मिसेज पॉपुलर खिताब से सम्मानित किया गया। पारंपरिक गीत के विजेता में प्रथम स्थान पर संगीता झा, दूसरे स्थान पर नूतन झा और तृतीय स्थान पर भगवती झा रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रीति मिश्रा, द्वितीय स्थान पर कविता झा एवं तृतीय स्थान पर सीमा झा रहीं। रीता पाठक को मिसेज मिथिलानी घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीति झा ने किया। नूतन झा सीमा झा आरती झा,सरिता झा अर्चना मिश्रा, मणि झा प्रीति मिश्रा,मनोरमा खां,मेघा झा ,रीता पाठक अमिता झा अशमी शेखर ,प्राची मिश्रा आदि ने सहयोग दिया ।



## सेवानिवृत्त जवान अजय सेठ के पास इतिहास के बेशकीमती मुद्राओं का संग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय वायु सेना से वर्ष 1996 में सेवानिवृत्त हो चुके भारतीय रेलवे में कार्यरत और टाटानगर में तैनात अजय कुमार सेठ (57 साल) के पास अति प्राचीन एवं बेशकीमती मुद्राएं है। परसुडीह थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी अजय ने भारतीय और दुसरे देशों के सिक्कों का अनूठा संग्रह किया है। इनके पास कभी भारतवर्ष में चलने वाली मुद्रा जिनमें कौड़ी, दमड़ी, धेला, आना आदि का भी महत्वपूर्ण कलेक्शन है। बचपन से ही मुद्राएं संग्रह करने का उन्हें शौक हैं। अपने मुद्राओं के संग्रहण के बारे में अजय सेठ का कहना है कि इस तरह का अनूठा संग्रह बहुत ही कम लोगों के पास है। उन्होंने समाज के वरीय राजनेता, पदाधिकारीगण और समाजसेवियों से अनुरोध किया हैं कि इस संग्रह को सही स्थान पर लोगो को दिखाकर अपने इतिहास का दर्शन करवाया जाए। जिससे लोग अपनी प्राचीन विरासत को जाने और समझने का प्रयास करें। अजय का कहना हैं कि भारत कभी धनवानों की धरती थी। यहां का रहन सहन विश्व से बिल्कुल अलग और समृद्ध था। जिसकी झलक हमें हमारे प्राचीन मुद्राओं में देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है। कि उम्र को हराना है तो शौक जिंदा रखिए, क्योंकि शौक की कोई उम्र नहीं होती है। मालूम हो कि श्रीलंका देश से लिट्टे के विरुद्ध जंग जीतने वाले भारतीय वायुसेना की टीम में अजय भी शामिल थे। इन्हें सम्मान स्वरूप मेडल प्रदान किया गया था। अजय सेठ ने एक अंग्रेजी पुस्तक 'बेट्रेयल' की कहानी 'विश्वासघात' भी लिखा है, जिसे साहित्य सम्मान 2022 से नवाज़ा गया।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# चुनावी युद्ध का श्रीगणेश

**बीजेपी** ने छत्तीसगढ़ के लिए 60 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सबको चौंका दिया। 2024 के आम चुनाव से पहले इस साल विधानसभा चुनाव तो पांच राज्यों – मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम- में होने हैं, लेकिन शुरुआती तीन राज्यों की विशेष अहमियत इस लिहाज से है कि यहां बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर है।



हिमाचल प्रदेश और खासकर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों हार झेलने के बाद बीजेपी इन तीनों राज्यों में किसी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती। संभवतः इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है। जहां तक राजस्थान का सवाल है तो प्रत्याशियों की सूची भले न जारी की गई हो, लेकिन दो अहम समितियां – चुनाव प्रबंधन समिति और संकल्प पत्र समिति- जरूर गठित कर दी गई। पहली नजर में, ये कदम बताते हैं कि चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी नेतृत्व अन्य दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा गंभीर है। लेकिन थोड़ा ठहर कर देखें तो इन कदमों के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े नजर आते हैं। बेशक, चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं। विरोधी दलों के सामने भी यह मौका होता है कि वे प्रतिद्वंद्वी पार्टी के प्रत्याशी को देखकर और उससे क्षेत्र विशेष में बने जातीय और अन्य समीकरणों का ध्यान रखते हुए अपने प्रत्याशी तय करें। संभवतः इन्हीं कारणों से बीजेपी ने पहली सूची में उन्हीं सीटों को रखा जहां उसकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। ये सभी सीटें ऐसी हैं जहां पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली थी। जहां तक राजस्थान की बात है तो दोनों अहम समितियों का गठन होते ही इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इनमें जगह नहीं दी गई। चर्चा की वजह यह है कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जा रहे। बहरहाल, चुनावों में अभी वक्त है और ऐसी चर्चा और जवाबी चर्चा अभी हर दल में उठती और मंद पड़ती रहेगी। इतना जरूर है कि चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही विधानसभा चुनावों के समर का शंखनाद हो चुका है और अब दोनों पक्षों से ऐसे नए-नए दांव देखने को मिलते रहेंगे।


हिमाचल प्रदेश और खासकर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों हार झेलने के बाद बीजेपी इन तीनों राज्यों में किसी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती। संभवतः इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है। जहां तक राजस्थान का सवाल है तो प्रत्याशियों की सूची भले न जारी की गई हो, लेकिन दो अहम समितियां – चुनाव प्रबंधन समिति और संकल्प पत्र समिति- जरूर गठित कर दी गई। पहली नजर में, ये कदम बताते हैं कि चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी नेतृत्व अन्य दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा गंभीर है। लेकिन थोड़ा ठहर कर देखें तो इन कदमों के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े नजर आते हैं। बेशक, चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं।


## कुछ अलग

# क्या करेंगे पवार

**जब** से NCP का एक धड़ा अजित पवार की अगुआई में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल का हिस्सा बना है, तभी से पार्टी के सर्वोच्च नेता शरद पवार के रुख में एक तरह की अनिश्चितता दिख रही है। यह अनिश्चितता विरोधियों को ही नहीं, उनके सहयोगियों और समर्थकों को भी उलझन में डाल रही है। शुरू में उन्होंने बहुत स्पष्टता के साथ कहा कि वह अजित पवार के इस कदम को सहन नहीं करेंगे और भले ही उनकी उम्र ज्यादा हो गई हो, लेकिन बीजेपी की इस चाल के खिलाफ रैलियां कर कार्यकर्ताओं और वोटरों को एकजुट करेंगे। लेकिन उसके बाद पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने का कार्यक्रम हुआ तो विपक्षी नेताओं की सार्वजनिक अपीलों की अनदेखी करते हुए उस कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। इससे पहले वह अजित पवार की सार्वजनिक आलोचना करने से तो बचते ही रहे हैं, अलग-अलग मौकों पर तीन बार उनसे मुलाकात भी कर चुके हैं। खासकर तीसरी मुलाकात ज्यादा चर्चित हुई क्योंकि इसे कथित तौर पर गोपनीय रखने की भी कोशिश की गई। शिवसेना (उद्धव ग्रुप) और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इससे गठबंधन में भ्रम की स्थिति बन रही है और शरद पवार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अपने तईं शरद पवार ने यह स्पष्टीकरण जरूर दिया कि उनके विचार बीजेपी से अलग हैं और इसीलिए वह कभी बीजेपी में जाना मंजूर नहीं करेंगे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनके कई शुभचिंतक हैं जो उन्हें इसके लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। साफ है कि बीजेपी से हाथ मिलाने का सुझाव देने वाले लोग अगर शरद पवार की नजर में आज भी शुभचिंतक बने हुए हैं तो विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए थोड़ा चिंतित और आशंकित होना स्वाभाविक है। आम तौर पर राजनीति में और खासकर शरद पवार की राजनीति में पत्थर की लकीर जैसा कुछ नहीं होता, ऐसा उन्हें जानने वाले कहते रहे हैं, लेकिन थोड़ी देर को उनकी कही इस बात को पत्थर की लकीर मान लिया जाए कि वह कभी बीजेपी में शामिल नहीं होंगे तो भी उनके जैसा बड़ा नेता बीजेपी में गए बिना भी उसे निर्णायक फायदा पहुंचाने के हजार रास्ते निकाल सकता है। यह बात भी है कि मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा और केंद्र में संसद का एक पूरा सत्र संपन्न हो जाने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि NCP के कितने विधायक व सांसद अजित पवार के साथ हैं और कितने शरद पवार के साथ। इसीलिए विपक्षी खेमे में बेचैनी है और वह चाहता है कि समय रहते यह बात शीशे की तरह साफ हो जाए कि शरद पवार का मन किस तरफ है। लेकिन ऐसा लगता है कि इस पर निर्णायक चर्चा अब इंडिया गठबंधन की मुंबई में प्रस्तावित बैठक में ही होगी और वहीं यह भी साफ होगा कि शरद पवार के कदम आखिरकार किस तरफ बढ़ने वाले हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने का कार्यक्रम हुआ तो विपक्षी नेताओं की सार्वजनिक अपीलों की अनदेखी करते हुए उस कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। इससे पहले वह अजित पवार की सार्वजनिक आलोचना करने से तो बचते ही रहे हैं, अलग-अलग मौकों पर तीन बार उनसे मुलाकात भी कर चुके हैं। खासकर तीसरी मुलाकात ज्यादा चर्चित हुई क्योंकि इसे कथित तौर पर गोपनीय रखने की भी कोशिश की गई।


## आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो गए

# भारत में तेज गति से बढ़ रही है नागरिकों की औसत आय

प्रह्लाद सबनानी

**भारत** में लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति का असर अब देश के नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी देखने को मिल रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों की संख्या रिकार्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे। वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2047 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 25 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी। इसका कारण यह बताया गया है कि देश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ अब आम नागरिकों की आय में वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है, जिसके चलते निम्न आय की श्रेणी के नागरिक उच्च आय की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं। दूसरे, आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, देश में आय कर विवरणियां दाखिल करने योग्य नागरिकों में से केवल 22.4 प्रतिशत नागरिक ही आय कर विवरणियां दाखिल कर रहे हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 85.3 प्रतिशत होने जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष (2500 अमेरिकी डॉलर) आंकी गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 14.9 लाख रुपए प्रतिवर्ष (12,400 अमेरिकी डॉलर) होने जा रही है। भारत सरकार



द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आर्थिक कार्यक्रमों जैसे 'स्किल इंडिया' आदि के चलते प्रति व्यक्ति आय में उक्त वृद्धि होने जा रही है। साथ ही, भारत के लिए कई नए क्षेत्रों जैसे 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स', 'इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स', 'स्पेस टेक्नॉलजी' डिफेन्स के क्षेत्र, आदि में अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं और इन क्षेत्रों में भारत का दबदबा बढ़ने की सम्भावना है।

दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से श्रमिकों का पलायन हो रहा है क्योंकि यह राज्य उद्योग प्रधान राज्य हैं। श्रमिकों के पलायन से इन राज्यों को सीधे सीधे लाभ हो रहा है क्योंकि इससे इन राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं इससे इन राज्यों से आय कर विवरणियां भी अधिक संख्या में फाइल हो रही हैं। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2012 में कुल आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों में से 84.1 प्रतिशत नागरिकों ने कर निर्धारित की जाने वाली राशि से कम राशि (शून्य कर देयता राशि) की आय कर विवरणियां फाइल की थीं जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 64 प्रतिशत हो गई है, इससे भी यह झलकता है कि अब नागरिकों की औसत आय में वृद्धि हो रही है।

चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रक्शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी कम्पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। चीन की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने इतना अधिक कर्ज लिया है कि अब इस कर्ज पर ब्याज चुकाने के लिए भी उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है। चीन में युवाओं की आबादी कम होकर बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है। चीनी युवाओं का ही चीन की अर्थव्यवस्था पर अब भरोसा नहीं रहा है। इस माहौल में विदेशी निवेशकों ने चीन में निवेश करने से मुंह मोड़ लिया है। अब विदेशी निवेशक जापान, ताईवान एवं भारत जैसे देशों की ओर रूख कर रहे हैं। जापान में चूंकि युवाओं की आबादी बहुत कम है एवं बुजुर्गों की आबादी अधिक होती जा रही है अतः विदेशी निवेश को सम्हालने की ताकत जापान में अब पहिले जैसे नहीं रही है। इसके साथ ही ताईवान एक छोटा देश है अतः अत्यधिक बढ़ी राशि के विदेशी निवेश ताईवान में करने की अपनी सीमाएं हैं। जबकि भारत में युवाओं की आबादी विश्व में सबसे अधिक है एवं भारत में उत्पादित वस्तुओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा उपभोग बाजार उपलब्ध है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब विदेशी निवेशकों को निवेश की दृष्टि से केवल भारत ही एक आकर्षण का केंद्र नजर आ रहा है।

विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर पर पहुंच जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में 53 करोड़ नागरिक, कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) की श्रेणी में शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 72.5 करोड़ हो जाएगी। अर्थात, वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की कुल जनसंख्या का 37.9 प्रतिशत भाग ही कार्यशील जनसंख्या की श्रेणी में शामिल है जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही, कार्यशील जनसंख्या में से वित्तीय वर्ष 2023 में आय कर अदा करने की श्रेणी में 31.3 करोड़ नागरिक शामिल थे जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 56.5 करोड़ हो जाएंगे। यह वित्तीय वर्ष 2023 में कुल कार्यशील जनसंख्या का 59.1 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 78 प्रतिशत हो जाएगा।

युनाईटेड नेशन्स के एक अन्य अनुमान के अनुसार भारत में कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2040 तक बढ़ती रहेगी एवं अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच कर इसके बाद घटनी शुरू होगी। वर्ष 2047 में भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का 22 प्रतिशत भाग ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहेगा। वर्ष 2047 तक भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का अधिकतम हिस्सा (78 प्रतिशत) उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत होगा जिससे इस वर्ग की औसत आय और अधिक तेजी से बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।


गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों की संख्या रिकार्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे।


# भविष्य के प्रति कैसी उम्मीद, नई पीढ़ी जानना चाहेगी असुविधाजनक प्रश्नों के उत्तर

**15** अगस्त को माननीय प्रधानमंत्री ने हजार साल की गुलामी के अंत और हजार ही साल के गौरव की शुरुआत के बारे में बात की। जाहिर है कि ये दोनों सहस्राब्दियां ठीक उसी जगह और उसी क्षण में मिल रही थीं, जहां वह उस वक्त खड़े थे, और बोल रहे थे। अगर यह वाकई सच होता, तो उनका यह भाषण ऐसी ही पहले घटित कुछ दूसरी घटनाओं की तरह युगप्रवर्तक होता। यह वैसा ही होता, जैसे सिद्धार्थ को बोध की प्राप्ति हुई हो या फिर यीशु का जन्म या फिर पैगंबर मुहम्मद को हुआ रहस्योद्घाटन। अगर भौतिक नजरिये से देखें, तो यह कुछ वैसा होता, जैसे पेड़ से सेब का गिरना, बिजली की खोज, टेलीफोन का आविष्कार, राइट बंधुओं की पहली उड़ान, परमाणु का विभाजन या फिर चंद्रमा पर मनुष्य के पहले कदम। उस युगांतकारी क्षण का मैं साक्षी न हो सका, इसका मुझे खेद है। खैर, मैं साक्षी बना रोजमर्रा की एक सांसारिक घटना का। राजदीप सरदेसाई ने इंडिया टुडे पर अपने एक शो में संसद के दो सदस्यों का मुकाबला कराया। इनमें से एक थे भाजपा के जयंत सिन्हा और दूसरे थे कांग्रेस के शशि थरूर। राजदीप ने अपने सवाल इनसे पूछे और दर्शक के तौर पर मौजूद थे कॉलेज के काफी जानकार और स्पष्टवादी छात्र। 'भारत 100' के बारे में दोनों अतिथियों के शुरुआती वक्तव्यों ने मेरी उत्सुकता बढ़ा दी। जयंत सिन्हा 2047 तक सतत समृद्धि की बात कर रहे थे, जबकि शशि थरूर 2047 तक समावेशी भारत की बात कर रहे थे। इससे मेरे दिमाग में एक सवाल आया कि हम दोनों को क्यों नहीं पा सकते? अपने-अपने राजनीतिक दलों की स्थिति को प्रतिबिंबित करने का दावा करने वाले दोनों सांसदों को सुनकर मेरे मन में एक पीड़ादायक विचार आया कि शायद भारत इनमें से कुछ भी नहीं पा सकता। मैं इस आलेख में जयंत सिन्हा द्वारा भारत के संविधान को सुरक्षित रखने, पंथनिरपेक्षता, संघवाद और मानवाधिकार को उनके पूर्ण समर्थन तथा कानून के शासन व जवाबदेहिता बनाए रखने के लिए किए गए उनके वायदे को गहराई से देखना चाहता हूं। मॉडरेटर के सीधे सवालों पर उन्होंने साफगोई से जवाब दिया, 'हां, आपको विवाह करने, भोजन करने और अपने धर्म को मानने का अधिकार है।' बगैर पलक झपकाए उन्होंने जोर देकर कहा, 'अपनी पार्टी के भीतर भी हम खुलकर अपने मतभेद व्यक्त कर सकते हैं। मैंने खुद अपनी पार्टी के वरिष्ठों से मिलकर और सभी गंभीर मसलों पर बात की है।' जब जयंत सिन्हा से पूछा गया कि उनके ख्याल से 2047 में देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा क्या होगा, तब उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता और अपने अनुसार जीने की आजादी।' मुझे यकीन है कि जयंत सिन्हा ने राजदीप सरदेसाई के शो में जो कुछ कहा, उस पर वह वाकई भरोसा भी करते होंगे। ठीक इसके अगले दिन हमारे 77वें स्वतंत्रता दिवस के दिन माननीय प्रधानमंत्री 90 मिनट तक बोले। मैंने उनके भाषण का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा। कुल मिलाकर देखें, तो यह पूरा भाषण 'मैं' और 'मेरा' पर आधारित था। इसमें उनके विचार थे, जो उन्हें लगता है कि पिछले नौ-10 साल की उपलब्धियां रही हैं। और, इसके बाद उन्होंने अपनी चिर-परिचित कोड भाषा में भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण को कोसना शुरू किया। हमें पता है कि उनके निशाने पर कौन हैं। इसमें विपक्षी नेता, गांधी परिवार और मुसलमान शामिल हैं। उसके बाद का उनका भाषण चुनावी रैली के अभ्यास जैसा था। हालांकि सच तो यह है कि पिछले नौ-10 वर्षों में कुछ भी नहीं बदला है। आइए, अब जरा जयंत सिन्हा के बयानों पर लौटते हैं और उन्हें माननीय प्रधानमंत्री के भाषण से जोड़ने की कोशिश करते हैं। जयंत सिन्हा कॉलेज के युवा छात्रों को यह आश्वस्त कर रहे थे कि 2047 का शताब्दी वर्ष एक स्वर्णिम काल होगा। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री ने नई सहस्राब्दी का बखान करते हुए उन चीजों की तरफ कोई संकेत नहीं किया, जिनका वादा जयंत सिन्हा कर रहे थे। न उन्होंने संविधान के संरक्षण पर बात की, न पंथनिरपेक्षता या संघवाद पर, न मानवाधिकारों पर, न कानून के शासन पर और न ही जवाबदेही सुनिश्चित करने पर। जाहिर है कि जयंत सिन्हा और माननीय प्रधानमंत्री सहस्राब्दी की तस्वीरों पर अलग-अलग रंग भरते दिखे। जयंत सिन्हा के बयानों को अखबारों, टेलीविजन चैनलों और सोशल मीडिया पर रोज दिखने वाली खबरों के साथ मिलाकर देखते हैं। अगर कॉलेज के युवा छात्रों के पास अपनी पसंद से शादी करने का अधिकार है, तो अपने से अलग जाति या धर्म में शादी करने वाले जोड़ों को मारा, पीटा या परेशान क्यों किया जाता है? अगर कॉलेज के युवा छात्रों को अपनी पसंद के भोजन का अधिकार है, तो कर्नाटक में मांस को लेकर उठने वाले विवाद की क्या वजह रही थी? बजरंग दल, हिंदू महापंचायत और दक्षिणपंथी संगठनों की भूमिका क्या है और वे मुसलमानों और ईसाइयों के प्रति नफरत का जहर क्यों उगलते हैं? सबसे बड़ा सवाल, हमारे चारों तरफ इतनी हिंसा क्यों है? अगर कानून के शासन को बनाए रखने का वादा किया जा रहा है, तो दिल्ली में दंगों, मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात और नूंह, हरियाणा में सांप्रदायिक दंगों की वजह आखिर क्या है? गरीबों के आवास और छोटी दुकानों को ढहाने के लिए बुलडोजर का सहारा क्यों लिया जा रहा है? अगर संविधान की संरक्षित रखने की बात हो रही है, तो संसद में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए कानून क्यों लाया गया और दिल्ली में उप-राज्यपाल और चुनी गई सरकार के बीच संविधानिक संतुलन को क्यों बिगाड़ा गया? ये असुविधाजनक सवाल हैं, लेकिन मुझे यकीन है, कॉलेज के छात्र इनका जवाब जरूर सुनना चाहेंगे।


'भारत 100' के बारे में दोनों अतिथियों के शुरुआती वक्तव्यों ने मेरी उत्सुकता बढ़ा दी। जयंत सिन्हा 2047 तक सतत समृद्धि की बात कर रहे थे, जबकि शशि थरूर 2047 तक समावेशी भारत की बात कर रहे थे। इससे मेरे दिमाग में एक सवाल आया कि हम दोनों को क्यों नहीं पा सकते? अपने-अपने राजनीतिक दलों की स्थिति को प्रतिबिंबित करने का दावा करने वाले दोनों सांसदों को सुनकर मेरे मन में एक पीड़ादायक विचार आया कि शायद भारत इनमें से कुछ भी नहीं पा सकता। मैं इस आलेख में जयंत सिन्हा द्वारा भारत के संविधान को सुरक्षित रखने, पंथनिरपेक्षता, संघवाद और मानवाधिकार को उनके पूर्ण समर्थन तथा कानून के शासन व जवाबदेहिता बनाए रखने के लिए किए गए उनके वायदे को गहराई से देखना चाहता हूं। मॉडरेटर के सीधे सवालों पर उन्होंने साफगोई से जवाब दिया, 'हां, आपको विवाह करने, भोजन करने और अपने धर्म को मानने का अधिकार है।'


## देश दुनीया से

# वाराणसी से प्रियंका वाड्रा की जीत के दावे करने वाले नेता कांग्रेस से अपनी दुश्मनी निकाल रहे हैं

**अभी** तक तो विपक्षी दलों के बीच होड़ मची थी कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद से हटाना है। लेकिन अब यह होड़ इस बात पर लग गयी है कि वाराणसी संसदीय क्षेत्र से नरेंद्र मोदी को संसद नहीं पहुँचने देना है। विपक्षी गठबंधन इंडिया चाहता है कि वाराणसी में नरेंद्र मोदी को इस तरह घेरा जाये कि वह अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार करने तक सीमित होकर रह जायें। लेकिन ऐसा सोचने वाले शायद जानते नहीं कि पिछली बार भी नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से सिर्फ नामांकन ही दाखिल किया था वहां उनके लिए चुनाव जनता ने लड़ा था और परिणाम भी जनता के मन की भावनाओं के पक्ष में आया था। लेकिन लोकतंत्र में किसी को भी कहीं से भी और किसी के भी खिलाफ चुनाव लड़ने का अधिकार है इसलिए वाराणसी में मजबूत विपक्षी उम्मीदवार उतारे जाने की कवायद तेज हो गयी है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष बनाये गये पूर्व विधायक अजय राय ने कहा है कि यदि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चाहेंगी तो उन्हें वाराणसी से जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जान लगा देंगे। लेकिन अजय राय यह नहीं बता पा रहे कि पार्टी कार्यकर्ता आयेंगे कहां से? देखा जाये तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस का कोई भी कार्यक्रम हो तो भीड़ जुटाने के लिए पड़ोसी राज्यों से कार्यकर्ता बुलाये जाते हैं। इसके अलावा, यह भी आश्चर्यजनक है कि वाराणसी से नरेंद्र मोदी को हराने की बात वह अजय राय कर रहे हैं जोकि पिछला लोकसभा चुनाव मोदी से हार चुके हैं। यही नहीं, अजय राय लगातार दो बार से विधानसभा चुनाव भी हार रहे हैं। इसलिए सवाल उठता है कि लगातार हार का सामना कर रहे अजय राय कैसे कांग्रेस की नैय्या पार लगायेंगे? सवाल यह भी उठता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अजय राय को इसलिए लाया गया हो ताकि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की वह जिम्मेदारी ले सकें? वैसे, प्रियंका गांधी वाड्रा के वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट 2019 में भी हुई थी। लेकिन इस बार तो उनके पति रॉबर्ट वाड्रा भी कह चुके हैं कि प्रियंका गांधी को 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार चुनाव लड़ेंगी। वह अमेठी अथवा रायबरेली से लड़ेंगी या वाराणसी से, यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। जहां तक चुनाव परिणाम की बात है तो वह तय करना जनता का काम है। वैसे हम आपको यह भी बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के समय तृणमूल कांग्रेस की ओर से भी कहा जा चुका था कि यदि भाजपा और प्रधानमंत्री बंगाल में इतनी ताकत झोंकेंगे तो मोदी को हराने के लिए ममता बनर्जी वाराणसी जाएंगी। ममता बनर्जी भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगी या नहीं यह तो समय ही बतायेगा लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के समय जरूर ममता बनर्जी ने अखिलेश यादव के साथ वाराणसी में समाजवादी पार्टी की रैली को संबोधित किया था और यूपी में भी खेला होबे का नारा दिया था। लेकिन ममता की अपील का मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ा था। इसी प्रकार प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में वाराणसी के अलावा पूरे पूर्वांचल में जबरदस्त ताकत झोंकी थी लेकिन नतीजा शून्य रहा था। बहरहाल, अजय राय के बयान के बाद वाराणसी को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर भी तमाम तरह के ट्रेंड चलने लगे हैं। लेकिन इस तरह से वाराणसी की जनता को प्रभावित नहीं किया जा सकता। वाराणसी की जनता के मन में क्या है इसका पता आपको काशी की धरती पर कदम रखते ही चल जायेगा।


लोकतंत्र में किसी को भी कहीं से भी और किसी के भी खिलाफ चुनाव लड़ने का अधिकार है इसलिए वाराणसी में मजबूत विपक्षी उम्मीदवार उतारे जाने की कवायद तेज हो गयी है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष बनाये गये पूर्व विधायक अजय राय ने कहा है कि यदि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चाहेंगी तो उन्हें वाराणसी से जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जान लगा देंगे। लेकिन अजय राय यह नहीं बता पा रहे कि पार्टी कार्यकर्ता आयेंगे कहां से? देखा जाये तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस का कोई भी कार्यक्रम हो तो भीड़ जुटाने के लिए पड़ोसी राज्यों से कार्यकर्ता बुलाये जाते हैं। इसके अलावा, यह भी आश्चर्यजनक है कि वाराणसी से नरेंद्र मोदी को हराने की बात वह अजय राय कर रहे हैं जोकि पिछला लोकसभा चुनाव मोदी से हार चुके हैं।


## दृष्टिकोण

# आत्महत्या करते पुरुष, लेकिन चिंता किसी को नहीं?

**हाल** ही में दो पुरुषों ने आत्महत्या की। दोनों ही युवा और दोनों ही ऊर्जा से भरपूर थे। दोनों ही अपने परिवार की आंखों का तारा रहे होंगे, परन्तु दोनों ही अब इस दुनिया में नहीं हैं। यह भी दुखद है कि इन बातों पर चर्चा होगी, आंसू बहाए जाएंगे परन्तु कदम क्या उठाए जाएंगे, इस पर चर्चा नहीं है। कैसे हमारे बेटे और भाइयों की आत्महत्या रुकेगी, यह किसी को नहीं पता है। पहले बात आजतक डिजिटल में काम कर रहे आकाशदीप की, जिनकी आत्महत्या इन दिनों चर्चा में है। चूंकि वह जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे थे वह चमक दमक से भरा है, कथित समस्याओं की लड़ाई से लड़ने के लिए बना है, तो उनका परिचय एवं कार्य का क्षेत्र बहुत बड़ा है, व्यापक है, उनका परिचय व्यापक है, तो इसलिए उनकी आत्महत्या बहुत ही हैरान करने वाली है। इसलिए क्योंकि मीडिया को ऐसा वर्ग बताया जाता है, जिसमें समस्याओं से लड़कर उसका समाधान खोजने की और व्यवस्था से भिड जाने की प्रवृत्ति होती है। गलत को गलत कहने का साहस होता है और व्यवस्था से प्रश्न करने की हिम्मत! ऐसे में एक बड़े प्लेटफोर्म के आकाशदीप द्वारा यह कदम उठाया जाना बहुत हैरान करता है। हालांकि इस विषय में पुलिस का कहना यही है कि यह एक आत्महत्या का मामला है। दोनों में अनबन थी, आपस में झगड़ा हुआ और यह कदम उठा लिया गया। पुरुष आयोग में जब हम तमाम पुरुषों की कहानियां सुनते हैं, तो जी घबरा जाता है। मगर उन्हें उठाना हमारा काम है। इस सिलसिले में भी जब एसएचओ से बात हुई तो उनका कहना यही था कि यह आत्महत्या का ही मामला है। यदि यह आत्महत्या है तो दोषी कौन है? आत्महत्या कोई अपने आप नहीं करता, उसके पीछे कई कारण होते हैं। ऐसे कारण जिनमें व्यक्ति इस सीमा तक निराश और हताश हो जाए कि जीवन ही समाप्त कर ले। वह फंदा तो अपने आप डालता है, मगर उसके पीछे हाथ किसी और का होता है। इसमें भी कथित रूप से पत्नी के साथ हुआ झगड़ा ही वजह बताया जा रहा है। परन्तु कोई भी झगड़ा इतना बड़ा कैसे हो सकता है कि व्यक्ति स्वयं को समाप्त ही कर ले? जब मैंने आकाश के घरवालों से बात की, जो एफआईआर दर्ज कराने के लिए दिल्ली आए हुए थे, तो उनका कहना था कि जिस दिन उसने आत्महत्या की उससे कुछ देर पहले ही वह परेशान लग रहा था। उसने अपने पिता को फोन करके कहा था कि वह दिल्ली आ जाएं, अब सहा नहीं जा रहा। समस्या इसी सहने की है। आजकल युवक सह क्यों नहीं पाते? या फिर उन्हें यह लगता है कि उनकी बात को सुना और समझा नहीं जाएगा या फिर कानूनी और सामाजिक दायरा उनकी समस्याओं के प्रति ही निरपेक्ष हो गया है? आखिर कारण क्या है? वह कारण बताने से डरता है क्योंकि उसे यह डर है कोई उसे समझेगा नहीं? यही पीड़ा बार बार आकाशदीप की बातों से उभरकर आती थी। किसी की पोस्ट पर लिखा गया उनका कमेन्ट यह बहुत चर्चा में है कि 'कई पुरुष भेड़ हैं, जो अपनी तकलीफ बता तक नहीं पा रहे हैं। कोई उनके लिए एक पोस्ट तो छोडिये, लाइन तक नहीं लिख रहा, बात नहीं कर रहा!' यह जो बात न करने वाली पीड़ा है, उस पर बात करनी है। क्योंकि बात न करने से हमारे बेटे एक ऐसे अंधकार में जा रहे हैं, जहां से दरअसल वापसी का कोई रास्ता रह नहीं जाता। आकाशदीप मुखर थे, इसलिए किसी न किसी बहाने से अपनी पीड़ा लिखते थे। एक उनकी पोस्ट भी है जिसमें उन्होंने अपने मन की बात कही है। आकाशदीप ने उस पोस्ट में लिखा है कि 'कई बार कुछ घाव बाहर की तरफ़ से नहीं खुलते, उनके धागे अंदर से टूट जाते हैं। घाव अंदर की तरफ खुल जाते हैं। जिसका शायद कोई इलाज नहीं। एक ऊँची इमारत के सबसे ऊँचे कमरे में रहते हुए मैंने खिड़कियों पर मज़बूत जाल लगवा दिए थे। जो भी कोई देखता तो वो यही कहता कि बीसवीं मंज़िल पर बाहर से आपकी खिड़की से कौन ही आएगा।' उसके जीवन में इतने दोस्तों के बाद भी वह अपनी पीड़ा कहने से डरता था! इसी डर पर बात होनी चाहिए।

**संक्षिप्त खबरें**

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के रोल लिपदा गाँव के समीप नशे में चूर युवक मोटरसाइकिल से दुर्घटना ग्रस्त हो गया ।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों के सुचना मिलते हीं थाना प्रभारीविवेक कुमार ने अपने वाहन से रेफरल अस्पताल लाया और प्राथमिक उपचार करवाया। घायल मनोज भुइंया, पिता मोहन भुइंया ग्राम कसारी थाना सिमरिया ने अमगांवा अपने ससुराल से लौट रहा था। वहीं अत्यधिक शराब पी रखा था। इसी बिच रोल लिपदा गाँव पहुंचते हीं अनियंत्रित होकर गिर गया। बता दें कि इन दिनों साप्ताहिक बाजार हो या घर गाँव सभी जगह शराब बनाई जाती है और धड़ल्ले से बाजार हो या गाँव बेचीं जाती है। आपको बता दूँ कि साप्ताहिक हाट सिमरिया प्रत्येक गुरूवार को लगती है। जहां शराब हड़िया वगैरह की बिक्री काफी मात्रा में होती है। जहाँ शराब के नशे में होने से प्रत्येक सप्ताह तिन चार दुर्घटना होना तय है।

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह-मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्दाशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग - सह-मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में उप विकास द्वारा द्वारा राज्य में मध्याहन भोजन की स्तिथि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय की मध्याहन भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान हमेशा रखा जाए। किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ जो कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच भोजन के लिए दिया जाता है उसके गुणवत्ता की जांच हमेशा की जाए। उप विकास आयुक्त ने विद्यालय परिसर में जंगल झाड़ी की साफ सफाई, स्टोर रूम और भोजन बनने वाले स्थान को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।विद्यालयों में छात्र छात्राओं के नामांकन के विरुद्ध उपस्थिति में प्रगति हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से संकुल साधन सेवी के द्वारा किए गए विद्यालय विजिट की मांग की गई। साथ ही सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में नियमित छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कराएं। आगे उन्होंने उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित करें विद्यालयों के छात्र छात्राएं पोषण से संबंधित दवा का सेवन करे और शत प्रतिशत विद्यालयों द्वारा एसएमएस करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर मिश्रौल टंडवा में मनाया गया जश्न, खूब बटी मिठाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिग के खुशी में मिश्रौल टंडवा में मनाया गया जश्न। खुशी में एक दूसरे को खिलाया मिठाई।देश के वैज्ञानिकों और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए दिया बधाई। उपस्थित लोगों ने यह कहते हुए खूब जश्न मनाया कि जीत गया विज्ञान, चांद पर हिंदुस्तान। देश के वैज्ञानिकों की मेहनत ने भारत का नाम विश्वपटल पर रोशन किया है, यह पूरे देश के लिए गौरव का पल है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि हर कोई के लिए ये उपलब्धि महान देश के नागरिक के तौर पर गर्व का क्षण है। मौके पर विशेष रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह,खाद्य आपूर्ति विभाग सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, भागवत प्रसाद गुप्ता,राम चन्द्र गुप्ता, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री धनंजय चौबे, मिश्रौल पंचायत संयोजक सुरेन्द्र साह, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय साहु, हेमराज साहु, दिलीप पांडेय,राजेश तूरी,गणेश पासवान, मो. सेराजुद्दीन व अन्य उपस्थित थे।

## नए भारत के सामर्थ्य और शक्ति का प्रदर्शन : मनीष



**पत्थलगडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर चतरा के भाजयुमो जिला मंत्री मनीष सिंह ने कहा कि चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग नए भारत कि सामर्थ्य और शक्ति का सशक्त प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत संकल्पो का ही परिणाम है कि अब हमारा विक्रम लैंडर चांद पर भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा रूस अमेरिका चीन जो काम अबतक नहीं कर सका उसे भारत ने कर दिखाया चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि मिशन चंद्रयान के तहत चंद्रयान 3 की चंद्रमा की सतह तक सकुशल पहुंचने पर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करने वाले इसरो के सभी वैज्ञानिक को शुभकामनाएं।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से अवैध तरीके से कराए गए बंदोबस्त को रद्द कराने की लगाई गुहार

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू खेल मैदान में वर्षो से लगते चले आ रहे रामनवमी का अखाड़ा साप्ताहिक बाजार बच्चों का खेल मैदान को कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से जमीन का बंदोबस्त करा कर जमीन का जोत कोड़ कर दिया गया है। जिससे आस पास के सभी सामुदाय के लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। इसके रोकथाम को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने जिले की उपायुक्त हिमांशु मोहन से मुलाकात की और लिखित आवेदन देते हुए कहा कि हल्का नंबर 02 में जिसका पुराना खाता 01 प्लॉट नंबर 230 एवं नया खाता नंबर 164 तथा प्लॉट नंबर 1116 ,1117, 1118 ,है जो उपरोक्त जमीन सरकारी है अर्थात हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है। इस जमीन में पिछले कई वर्षों से साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन लगता चला आ रहा है। साथ ही इस खेल मैदान में चार गांव पतरातु नेगाई, ओवर, विश्रामपुर, का रामनवमी जुलूस का अखाड़ा भी वर्षो से लगते चले आ रहा है। इसके बावजूद भी सांसग पंचायत के पतरातू ग्राम निवासी कीशुनलाल उर्फ लालो साव पिता स्वर्गीय बेचन साव के द्वारा हाल सर्वे में खाता नंबर 164 प्लॉट नंबर 1117 रकबा 1 एकड़ 59 डिसमिल जमीन पर इन लोगों के द्वारा अवैध तरीके से पैसे के बदोलत एवं चोरी छिपे वर्षो से चले आ रहे खेल मैदान को अवैध तरीके से बंदोबस्त करा लिया गया है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से अविलंब अवैध तरीके से कराए गए बंदोबस्त को रद्द करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मौके पर संजय कुमार गुप्ता, रियाज मियां, अतीक मियां पवन चरण राहुल कुमार पिंटू सिंह, चंदन साहू शिशुपाल सिंह, गोपाल साहू श्यामलाल प्रसाद योगेंद्र प्रसाद प्रमोद तेली कैलाश प्रजापति रविंद्र उरांव बालेश्वर उरांव राजेश उरांव अनिल नायक प्रदीप नायक संतोष नायक सुरजीतूरी लालदेव तुरी, समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# लातेहार पब्लिक स्कूल की छात्रा ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीता पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के राजहार स्थित पब्लिक स्कूल की वर्ग 3 की छात्रा शिफा यास्मीन ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। जब गुरुवार को शिफा याश्मिन स्कूल पहुंची तो स्कूल के सचिव मुकेश कुमार भास्कर के द्वारा उन्हें बधाई देते हुए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चे मौजूद रहे। सम्मान के रूप में उन्हें मोमेंटम प्रदान किया गया। इस संबंध मुकेश कुमार ने बताते हुए कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि आज शिफा ने न केवल अपने स्कूल परिवार का, बल्कि पूरे जिले का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। इससे अब स्कूल के अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेंगे और आने वाले समय में कई बच्चे राज्य, राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता और लातेहार जिले का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि पब्लिक स्कूल में केवल पढ़ाई पर ही नहीं अन्य क्षेत्र जैसे पेंटिंग डांसिंग और खेल और बच्चों के बोद्धिक विकास पर भी काफी जोर दिया जाता है। हमारे स्कूल में बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए विशेष कार्य किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## हंटरगंज में नालसा के द्वारा मन का मिलन पखवाड़ा के तहत हेल्फलाईन 15100 को ले जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव एवं कुमार विवेक रंजन के द्वारा गुरुवार को प्रखंड के पंडरी खुर्द ,उरैली,एवं अन्य कई गांवों में 30 सितंबर तक चलने वाला मन का मिलन पखवाड़ा और नालसा योजना से संबंधित हेल्फलाईन 15100 को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया ।जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि आवश्यकता पड़े यानी एक्सीडेंट या अन्य बीमार व्यक्ति के सहायता करना हो तो 108 पर फोन कर एम्बुलेंस को बुलाया जा सकता है। इसके अलावे कोई मुसीबत या पुलिस की सहायता लेनी हो तो 112 पर फोन कर पुलिस की इमरजेंसी सहयोग लिया जा सकता है। इस नंबर पर बिना नेटवर्क के भी बिल्कुल फ्री में बात हो जाएगा। इसके अलावा 1998 पर चाईल्ड लाईन यानी बच्चों से संबंधित समस्या हो तो पुलिस का सहयोग लेना चाहिए। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया । यौन- उत्पीड़न, जादू -टोना से पीड़ित लोगों को तत्काल कानूनी सहायता लेने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में दर्जनों लोग शामिल थें।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में नामांकन को लेकर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के बानपुर में स्थित बनवारी साहु महाविद्यालय में नामांकन को लेकर तीन कर्मियों ज्योति कुमारी, अनुपम मिश्रा तथा अर्चना चौरसिया की प्रतिनियुक्ति की गयी है।जबकि नामांकन स्थल की साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था के लिए वीरेंद्र उरांव और सत्यनारायण प्रसाद को जिम्मा सौंपा गया है।वहीं नये छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरने में सहयोग करने का दायित्व प्रो रंजीत कुमार और इशरत बानो को मिला है। इस बात की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी ने दी। श्री तिवारी ने बिना नामांकन विभाग की जरूरत या बिना बुलाये वहां किसी भी कर्मी व व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। प्राचार्य ने कहा कि नामांकन कराने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की सहुलियत के लिए यह व्यवस्था की गयी है। उन्होंने इंटर उतीर्ण छात्र-छात्राओं से शीघ्र नामांकन कराने की अपील की है।

## सिविल सर्जन पहुंचे महुआडाड़ स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड़ (लातेहार) :** लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार गुरुवार को महुआडाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने ओपीडी सेवा, कुपोषण केंद्र, दवा स्टॉक, और स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिसके पश्चात स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के साथ महुआडाड़ प्रखंड स्थित कार्मेल हॉस्पिटल पहुंचे जहां उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया। वही पत्रकारों से बातचीत के दौरान पत्रकारों ने लेडी डॉक्टर नहीं होने से प्रसव के समय महिलाओं को होने वाली परेशानी के संबंध में जानकारी दी, जिस पर सिविल सर्जन द्वारा जल्द इसके लिए सकारात्मक कदम उठाने की बात कही गई। वहीं प्रखंड में अवैध रूप से झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित किए जा रहे हॉस्पिटल के संबंध में पूछे जाने पर सीएस के द्वारा बताया गया की जल्द ही जांच कर ऐसे अस्पताल और उसके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दादी प्रकाशमानी का पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार बाई पास रोड बीएसएनएल टावर के पास प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पास अवस्थित सोन भवन में गुरुवार को दादी प्रकाश्मानी का 16 वां पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलापरिषद अध्यक्ष पूनम देवी, एसबीआई के शाख प्रबंधक कौशलेन्द्र ईशर, रामदेव सिंह ने भाग लिया और श्रद्धासुमन अर्पितकिया। केंद्र प्रभारी बीके अमृता ने बताया की दादी जी14 वर्ष की आयु मे हीं संस्था को अपना जीवन समर्पित कर दिया।सन 1936 मे दादी मैट्रिक मे पढ़ति थी।1967 मे ब्रह्मा बाबा के पुरानी शरीर को छोड़ने के बाद दादी प्रकाश्मनी को द्वितीय मुख्या प्रशासिका बनाया गया उनके नेतृत्व मे विश्व के 5 महा द्वीपो मे 1000 से अधिक राजयोग सेंटर खुले उनके द्वारा भारत की सभ्यता संस्कृति का प्रसार किया गया। नारी शक्तियों की प्रेरणास्त्रोत्र बनी। उनका जीवन दिन दुखियो की सेवा गुजारा।उनके बचपन का नाम गोपी था ब्रह्मा बाबा ने उनका नम प्रकाश्मनी रखा। कहा कि आज भी अमेरिका मे10 जून को दादी प्रकाश मणि का डे मनाया जाता है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि उनके बताये मार्ग मे चलकर हि हम उनकी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते है। एसबीआई के मैनेजर ने कहा कि दादी ने नशे के खिलाफ आंदोलन चलाकर कितने घरो को उजड़ने से बचाया और नशे की लत को छुड़ाया। कहा कि इस संस्था को कई शांति पुरुष्कार से सम्मानित किया गया है।मौके पर बीके नविन भाई, बिनोद भाई, आशीष भाई, बनारसी भाई, अजय भाई, बैजनाथ भाई, बीके ज्योति बहन, सुनीता, कंचन,आलो माता, पूनम बहन, ममता बहन के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## बालूमाथ पुलिस ने तीन टन अवैध लोहा लदा पिकअप वैन जब्त किया

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन टन अवैध लोहा लदा पिकअप वैन जप्त किया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ रांची मुख्य मार्ग एनएच 99 पर चितरपुर ग्राम के पास एक पिकअप वैन जेएच01डीजे2812 को पकड़ा गया । जिसमें तीन टन अवैध लोहा लदा हुआ था ।हालांकि इस दौरान पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा ।जिसके बाद पुलिस ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 112/23 धारा 379,414,34 भा0द0वी के तहत मामला दर्ज करते हुए वाहन को जब्त कर कर लिया है। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, मुकेश चौधरी, नितेश कुमार, धीरज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पुरी मात्रा में राशन वितरण करें जन वितरण प्रणाली विक्रेता : अनुज कुमार शरण



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं का माह अगस्त के खाद्यान्न आवंटन में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत माह नवंबर, दिसंबर माह का आवंटित खाद्यान्न की कटौती क्लोजिंग बैलेंस के रूप में की गई है जिससे कि राशन विक्रेताओं में उहापोह की स्थिति बन गई है। वहीं राशन कार्डधारियों के द्वारा बड़े मात्रा में राशन कटौती की शिकायतें मिलने लगी इसे लेकर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने फौरी तौर पर राशन विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए बताया कि सभी राशन कार्डधारियों को अपने क्लोजिंग बैलेंस से पुरी मात्रा में खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा शिकायत मिलने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

**सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी के लिए निश्चय और जागरुकता जरूरी : विनय मिश्रा**

# पढ़ाई की दिशा चुनाव में मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है : रीमा मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त कार्यालय के समीप जिला परिषद परिषर स्थित होटल उत्सव के सभागार कक्ष में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दिल्ली से आए चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा मौजूद मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए। जहां मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब में चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि चतरा समेत झारखंड के विद्यार्थियों में इच्छा शक्ति के साथ साथ हर वह क्षमता मौजूद है जो उसे सफल तथा कामयाब व्यक्ति बना सकता है। जरूरत है सही दिशा, मार्गदर्शन तथा इच्छा शक्ति एवं मेहनत करने की । साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है जागरूकता। सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने के लिए कई अभ्यर्थियों का इच्छा होता है किन्तु इस ओर जागरूकता के अभाव में अभ्यर्थी सही वक्त पर तैयारी नहीं कर पाते हैं। जिससे सिविल सेवा परीक्षा में अच्छे रैंक नहीं लाकर सफल नहीं हो पाते है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स खास उन अभ्यर्थियों के लिए है जो 10+2 उत्तीर्ण के बाद यूपीएससी की तैयारी करने लगते हैं। ग्रेजुएशन और यूपीएससी का पाठ्यक्रम एक-दूसरे का पूरक है। जिससे ग्रेजुएशन की तैयारी के साथ साथ यूपीएससी की भी तैयारी की जाती है। जहां प्रथम या द्वितीय प्रयास में ही यूपीएससी में उत्तीर्ण होकर सफलता की कुंजी हाथ में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी और जेपीएससी के लिए चाणक्य आईएएस एकेडमी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जो कक्षाएं दिल्ली में विषय विशेषज्ञ द्वारा ली जाती है। वही विषय विशेषज्ञों के दिशा निर्देश पर हजारीबाग, रांची और धनबाद की शाखाओं में कक्षाएं संचालित की जा रही है। साथ ही डाउट क्लासेज, अत्याधुनिक लाइब्रेरी व स्मार्ट कक्षाएं भी अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी से जेपीएससी की परीक्षा में भी सैंकड़ों अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। साथ ही उन्होंने कहा कि खास कर देश की राजधानी दिल्ली में अभ्यर्थियों को मिलने वाली तमाम सुविधाएं हजारीबाग में अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाती रही है। ऐसे में हजारीबाग के चाणक्य आईएएस एकेडमी से यूपीएससी या जेपीएससी की तैयारी कर अभ्यर्थी सफलता हासिल कर सकते हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि दिल्ली जैसे बड़े शहरों में अभ्यर्थी के परिजनों को आर्थिक के साथ मानसिक परेशानी रहती है। श्री मिश्रा ने वैसे अभिभावकों, जो अपने हैसियत के हिसाब से अपने होनहारों को दिल्ली जैसे शहर में भेजना चाहते हैं, उनसे अपील है की दिल्ली जैसी तमाम सुविधाएं हजारीबाग के चाणक्य आईएएस एकेडमी में उपलब्ध है। वहीं मीडियाकर्मियों से बातचीत में दिल्ली से चलकर आई रीमा मिश्रा ने कही कि करियर चुनाव में मार्गदर्शन आवश्यक है?। साथ ही एकाग्रता के साथ किया गया परिश्रम भी सफलता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में चाणक्य आईएएस एकेडमी से तैयारी कर यूपीएससी और जेपीएससी में कई अभ्यर्थियों सफल हुए है। आगे कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी के लिए तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स जिसमें प्रिलिम्स, मेन्स के साथ साथ साक्षात्कार की संपूर्ण तैयारी कराई जाती है।

# ख्वाजा खिज्र अली सलाम का मनाया गया पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** हजरत ख्वाजा खिज्र अली सलाम का त्योहार गुरुवार को बेतला नेशनल पार्क से सटे केचकी पंचायत अंतर्गत सरईडीह मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी मुस्लिम धर्मलंबियो ने अपनी अपनी घरों में सिरनी फातेहा सरईडीह मस्जिद का इमाम हनान जौहर ने फातेहा खानी की लोगों ने काफी अलग- अलग तरह का सिरनी का इंतजाम कर नदी की ओर जाकर सिरनी फातेहा खानी हुई। जिसमें सभी महिलाएं पुरूष बुड्ढे बच्चे में काफी उत्साह देखा गया केचकी के बखोरीडेरा नदीआरा पहुंच कर सभी लोगों ने नदी की ओर पहुंच कर लोगों ने अल्लाह से दुआ की और अच्छी बारिश होने की दुआएं सभी लोगों ने मांगी और अपनी अपनी ताजिया और नाव छोटे छोटे बनाकर दिया जलाकर ले गये लोगों ने बारी बारी से नदी में बहाने का काम किया इस अवसर पर काफी संख्या में सरईडीह मुस्लिम समुदाय के कमिटी के लोगों ने शामिल होकर त्योहार को सफल बनाने में भरपूर सहयोग करने का काम किया। वहीं नदीआरा से सटे पलामू के पोलपोल गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शामिल होकर त्योहार मनाने में काफी भरपूर सहयोग मिला और महिलाओं पुरुष बुड्ढे बच्चे बच्चियां और काफी उत्साह देखने को मिला।

## जेएमएम के जिला अध्यक्ष पंकेज को न्यायालय ने भेजी जेल

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला के जेएमएम के शीर्ष नेता सह पार्टी अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री के चहेते गुरूवार को न्यालय ने जेल के सलाखों में भेज दी गयी है। जानकारी के अनुशार पूर्व से लंबित मामले में एसडीजेएम की अदालत में जमानत के लिए अर्जी दी थी जहां अदालत ने अस्वीकार करते हुए जेल भेज दिया है। मामले को लेकर न्यालय द्वारा कुर्की जब्ती का वारंट जारी था। वहीं थाना चतरा द्वारा पंकज प्रजापति को फरार दिखाया जा रहा था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और झारखंड उच्च न्यायलय रांची से अग्रिम जमानत नहीं मिलने के बाद एसडीजेएम की अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत आवेदन दाखिल किया था। बता दें की जिला में पूर्व चावल चोरी के मामले में कई बार मारपीट से लेकर मामले भी दर्ज किए गए थे। किंतु जैसे हीं जेएमएम पार्टी में शामिल हुआ और जिला अध्यक्ष पद का पद संभाला था कि जिला में इनका अलग रसूख था। इनके सामने किन्ही को चलती नहीं थी। हैसियत इनकी इतनी थी की सभी पदाधिकारी को अपने मुट्ठी में रख अपना हैसियत का परिचय देता रहा था। हैसियत इतनी की बीते सिमरिया में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जब मुख्य मंत्री कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। और इधर पंकज प्रजापति उनके कुर्सी के हैंडल पर बैठ बाते कर रहा था। मर्यादित मंच को अमर्यादित कर अपना परिचय पदाधिकारियों को दे रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ते अपराध को जिले रामगढ़ में रोक लगाने की आवश्यकता : भुनेश्वर

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला रामगढ़ में बढ़ते हत्या को रोक लगाने की आवश्यकता हैं, यहां विशेष कर जमीन विवादों को लेकर क्रमवार हत्याएं हो रही हैं। यह बातें गुरुवार को भाकपा माले के जिला रामगढ़ सचिव भुवनेश्वर बेदिया ने प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहां कि बीते दिनों जानकी यादव की हत्या के बाद जरियो के शमशाद अंसारी की भीड़ द्वारा हत्या सीकनी में जारी अपराधीक घटना की कड़ी हैं। जमीन विवादों को थाना में कार्रवाई कर शांति बनाए रखने के बजाय विवादों को पेंडिंग में रखकर अंदर ही अंदर किसी एक पक्ष का संरक्षण दिया जा रहा हैं। हत्या जैसी घटना को होने दिया जाता हैं। जिला से अंचल तक प्रशासनिक राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमि संबंधी व्याप्त भ्रष्टाचार भी बराबर के जिम्मेवार हैं। भाकपा माले जिला रामगढ़ में अपराधियों द्वारा बेखौफ हत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिले में शांति बहाल करने की मांग करती हैं।

### मध्य विद्यालय सिरका स्वास्थ्य जांच शिविर में 350 छात्रों को मिला परामर्श

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मध्य विद्यालय सिरका के प्रांगण में स्वास्थ्य जांच शिविर के चौथे दिन गुरुवार को सदर अस्पताल रामगढ़ के डॉक्टरों द्वारा 350 छात्रों की चेकअप हुई। कैंप में सदर अस्पताल के डॉक्टर मानस व डॉक्टर पिंकी रानी पाठक ने उचित परामर्श दिया। शिविर में योगा स्ट्रक्चर सौम्या सिन्हा ने छात्रों को योग की जानकारी दी। मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए सदर अस्पताल के पिंटू कुमार, धीरेंद्र कुमार ने सावधान रहने, साफ सफाई के बारे में बताया। वहीं अभिभावकों ने भी जांच शिविर की सराहना की। मौके पर प्राचार्य रेशमनाथ महतो, शिक्षक दीपक कुमार ठाकुर, मनोज कुमार, मदन कुमार, बंशीधर डे, नीलम रंजनी टोप्पो, नाजनीना, मनोरमा देवी, आरोग्य दूत शिक्षक भोलाराम, शिक्षिका मेघा श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

### नव प्राथमिक विद्यालय के बसोदी मांडू में बुक व बैग का वितरण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव प्राथमिक विद्यालय के बसोदी मांडू में एक वर्ग में 4 वर्ग दूसरा 2 में 3 तीसरा में 8 बुक और बैग चौथा में 2 बुक और बैग पांचवा में 3 बैग और बुक बच्चों को दिया गया। जिस मैं छात्रों को 21 बैंग और 13 बुक सेट वितरण मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के कर कमलों से किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक और विद्यालय के अध्यक्ष उपस्थित थे । विद्यालय में छात्र नियमित और स्वच्छ पहुंचे साथ ही साथ विद्यालय से जो संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है इसका रखरखाव देखभाल छात्र-छात्र और अभिभावक भी करें उक्त बातें में कहा मुखिया अनीता देवी ने यह भी कहा कि विद्यालय के रखरखाव और विद्यालय को सजाने संवारने में जिस भी तरह का सहयोग की अपेक्षा होगा हम हमेशा मदद करते रहेंगे इस अवसर पर समाजसेवी बालेश्वर भुईयां प्रधानाध्यापक ए सानुहोदा एवं अभिभावक मौजूद थे।

### राज्य के कृषि सचिव अब्दुल बकर सिद्दीकी के बेटी और बेटे का जन्मदिन डिवाइन ओंकार स्कूल में मना

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य के कृषि विभाग के प्रधान सचिव अब्दुल बकर सिद्दीकी ने अपने बच्चों के जन्मदिन गरीब,अनाथ और विकलांग बच्चों के बीच मनाया है। उन्होंने ऐसा कर एक मिसाल पेश किया है। बीते 23 अगस्त की रात डिवाइन ओंकार मिशन के विवेकानंद हॉल में झारखंड के कृषि सचिव के बेटे बेटी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के मंत्री और अधिकारी शामिल हुए।झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि मंत्रालय के चीफ सेक्रेटरी अबुल बकर सिद्दीकी, कृषि विभाग के डायरेक्टर विकास कुमार, नितेश जी, रामगढ़ जिले के डीसी चंदन कुमार आदि शामिल हुए। अबुल बकर सिद्दीकी के बेटे और बेटी के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच उपस्थित हुए। बच्चों ने बहुत गर्म जोशी से उन सभी का स्वागत किया। सभी ने मिलकर केक काटा। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया।चीफ सेक्रेटरी के सौजन्य से सभी बच्चों को गिफ्ट बांटा गया। सभी बच्चों के लिए बहुत ही स्वादिष्ट और लजीज भोजन का इंतजाम कराया गया। इस मौके पर डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के प्राचार्य मुकुंद कुमार, उपप्राचार्य कुमारी अनीता, निर्मला मेहता, राजू रंजन, नीतू, नागिन,सुरेंद्र देवी, रीना, श्वेता, गीता, ममता, सुनीता, उषा, झायो, पारो, झुंझी देवी, कविता, राधेश्याम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### जिप प्रतिनिधि नें विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर झामुमो महासचिव के समक्ष सौंपा ज्ञापन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह् जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय ने क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम से बरकट्ठा प्रखण्ड के अति महत्वपूर्ण विकास कार्य जैसे क्षेत्र की जर्जर सड़क,अति आवश्यक पुल-पुलिया,माँझी हाउस,जेहरधाम,हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट, सूर्यकुण्ड में सुंदरीकरण,सभी पंचायतों में सोलर लाइट, सरकारी विद्यालयों में चहारदीवारी,सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने आदि मामलों को लेकर झामुमो महासचिव विनोद पाण्डेय से मिलकर जनसमस्याओं से अवगत करवाया व ज्ञापन सौंपा.




### चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने वैज्ञानिक को दी बधाई

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरा देश एक साथ जश्न मना रहा है यहां वक्त बहुत वर्षों के बाद देखने को मिला है बुधवार को संध्या 6.04 मिनट पर भारत ने चांद पर कदम रख दिया था। जिससे पूरा देश सहित हज़ारीबाग़ जिला गौरवान्वित हो उठा है। ऐसी इतिहास रचने पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने इसरो के समस्त वैज्ञानिकों एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर माँ अपने बच्चो को बचपन में चंदा मामा की लोरी सुनकर सुलाती थी पर वह आज साक्षात हो गया, हमारे देश का झंडा चांद तक पहुंच गया है। अब बच्चे चांद की तरफ देख कर अपने भविष्य के सपने को पूरा करेंगे। साथ ही कहा की झारखंड के दो वैज्ञानिक इसरो के चंद्रयान 3 की टीम में शामिल है, यह झारखंड के लिए काफी गर्व की बात है।इसरो की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुरा देश गौरवान्वित है। साथ ही श्री जैन ने कहा कि भारत एक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# बड़े स्तर पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की होगी नियुक्ति : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ्ढ करने के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा डीएमएफटी के न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति को लेकर तैयार किए गए प्रस्ताव की जानकारी उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को दी गई। तैयार प्रस्ताव के अनुसार डीएमएफटी के तहत जिले में 1 रेडियोलॉजिस्ट, 2 एनेस्थेटिक, 1 पैथोलॉजिस्ट, 3 मेडिकल ऑफिसर, 2 फार्मासिस्ट, 15 स्टाफ नर्स, 11 लैब टेक्नीशियन, 20 एएनएम, 3 एसटीएस, 1 काउंसलर, 1 ईसीजी टेक्नीशियन, 2 रेडियोग्राफर (एक्स-रे टेक्निशियन), 3 ओटी असिस्टेंट, 8 ड्रेसर, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर, 6 वार्ड बॉय एवं 7 स्वीपरों की नियुक्ति की जाएगी। सिविल सर्जन द्वारा इस संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी गई कि उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एनएचएम से रोस्टर क्लियर कराने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न पदों पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से ससमय पूर्ण करने का निर्देश देते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु राज्य स्तरीय चिकित्सा संस्थानों से समन्वय कर टीम गठित करने एवं उनके माध्यम से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। मरीजों को मिल रही आयुष्मान स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से वर्तमान में जिले में कार्यरत आयुष्मान मित्रों की जानकारी ली। आयुष्मान सुविधाओं को और भी बेहतर करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आयुष्मान मित्रों से केवल आयुष्मान संबंधित कार्य ही लिए जाएं। साथ ही चिकित्सकों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान का लाभ दिया जाए। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, रामगढ़ एवं डीपीएम एनएचएम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए सितंबर के पहले सप्ताह तक सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों का आकलन करने तथा जिले में व्यवस्थित तरीके से मरीजों को आयुष्मान का लाभ देने हेतु प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### शोक संतप्त परिजनों से मिले जयंत सिन्हा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झंडा चौक स्थित प्राचीन महावीर मंदिर के पुजारी स्वर्गीय सुरेश पाठक के निधन पर सांसद जयंत सिन्हा ने गहरा दुख जताते हुए शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना प्रकट किया। दिवंगत सुरेश पाठक के छोटे भाई भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल के पदाधिकारी विजय पाठक एवं शोकाकुल परिजनों से सांत्वना प्रकट करने वालों में सांसद जयंत सिन्हा के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,पुजारी दिनेश पाठक, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,योगेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा इत्यादि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# अंतिम सोमवरी को बुढवा महादेव में होगा दिव्य महाआरती का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवरी को प्राचीन बुढवा महादेव में प्रत्येक सोमवरी की तरह सुबह सात बजे से श्रद्धालुओं के बीच दुध, फुल एवं बेलपत्र का वितरण किया जायेगा। संस्थान द्वारा संध्या 5 बजे जागरण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। उसके बाद संध्या 6ः30 बजे महाआरती कार्यक्रम होगा। जिसमें बनारस की तरह गंगा आरती के तर्ज पर देवाधिदेव महादेव की दिव्य महाआरती पियुष पाठक के द्वारा की जायेगी। उसके बाद संध्या 7ः30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा एवं कार्यक्रम की समापन की घोषणा की जाएगी। एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने जागरण कार्यक्रम एवं दिव्य महाआरती कार्यक्रम में शामिल होने की समस्त जिला वासियों को आमंत्रित किया है।



### यह ऐतिहासिक क्षण विकसित भारत के शखनांद का है : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर लैंडर विक्रम के सफल सॉफ्ट लैंडिंग लेकर खुशी जाहिर किया गया। इस अवसर पर रेन्बो स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर भारत माता की जय के नारे लगाये। साथ ही साथ बच्चों ने ड्रम प्ले के माध्यम से वैज्ञानिकों को ग्रैंड सैल्यूट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन के तहत बुधवार 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर लैंडर विक्रम के सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत ने पूरी मिशन मून के क्षेत्र नई इबारत लिख दी। इसके साथ ही, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने के मामले में भारत दुनिया का पहला देश और चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, चीन और रूस शामिल हैं। इस सफलता पर इसरो समेत पूरे देश में जश्न का माहौल है। उन्होंने कहा कि ये क्षण

## भारत की अर्थव्यवस्था भारतीय गौवंश के रक्षण व संवर्धन से समृद्ध होगी : उमेश पोरवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग की एक बैठक होटल आकाश पैलेस गया रोड बरही में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय गौरक्षा प्रमुख उमेश पोरवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह सशरीर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा श्रीराम दरबार के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमेश पोरवाल ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारत में कृषि आधारित उद्योगों का विकास और भारत की अर्थव्यवस्था भारतीय गौवंश के रक्षण एवं संवर्धन से समृद्ध होगी तय। भारतीय गौवंश जन्म से लेकर मृत्यु के बाद भी गौपालक को फायदा ही फायदा देती है। गाय अपने जीवन काल आम जनमानस को अपना दूध.पिलाकर लालन - पालन करती है। गाय का गोबर और गौमूत्र आज पंचगव्य के माध्यम से असाध्य बीमारी को दूर करने का काम करती है।वहीं मरनोपरांत यदि हम गौवंशीय जीवों को मिट्टी में दबा देते हैं तो दो तीन साल बाद उस स्थान से निकलने वाली मिट्टी रासायनिक उर्वरकों की अपेक्षा अधिक ऊपज देने की क्षमता रखता है। गौ आधारित उत्पाद गौपालकों को आर्थिक समृद्धि प्रदान करता है।आज गाय आधारित खेती के आभाव में पूरा विश्व असाध्य बीमारियों का दंश झेल रहा है।

## राजस्व विभाग, कोल कंपनी की आधारभूत संरचना, एनटीपीसी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित भू अर्जन मामले की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में म्यूटेशन,ई कोर्ट,ई केवाईसी,पोटो हो खेल योजना, जमीन मापी,मुआवजा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजना में भूमि अधिग्रहण कानून के तहत् प्रभावितों को मिलने वाली भूमि व निर्मित मकानों, दुकानों का मुआवजा राशि सहित वन विभाग से एनओसी के लिए प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित एजेंसी,अंचल कार्यालय की ओर से पहल कर परियोजना को समय पर पूरा करने एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अवॉर्ड रैयतों का मुआवजा राशि भुगतान के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा भारतमाला परियोजना,पथ निर्माण, संचरण आदि परियोजनाओं के लिए भू अर्जन सहित रैयतों को मिलने वाली मुआवजा राशि भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई।

उन्होंने मोइत्रा कोल ब्लॉक, एनएमडीसी, डीएफसीसीआईएल, अडानी, सीसीएल,डीएवी, सीसीएल(बड़का सयाल) आदि कंपनियों के समस्याओं को सुना। एनएचएआई की समीक्षा बैठक उपायुक्त ने एनएचएआई की समीक्षा के क्रम में भारतमाला परियोजना को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि परियोजना के अंतर्गत चुरचू,कटकमदाग,डाड़ी व सदर के पांच गांव के रैयतों का 3जी अवार्ड का वेरिफिकेशन कर मुआवजा संबंधी कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित प्रखंड के सीओ को इस परियोजना हेतू सहयोग करने का निर्देश दिया। बरही बेंदगी में अधिग्रहित जमीन के मुआवजा संबंधी वैल्यूएशन रिपोर्ट भू अर्जन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी।

एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना से संबंधित भू अर्जन मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एनटीपीसी बड़कागांव, केरेडारी, बादाम, चट्टीबरियातू आदि परियोजना के लिए भुअर्जन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कोल कंपनी तत्परता से प्रोजेक्ट प्रारंभ करें। उपायुक्त ने कंपनी को अधिग्रहित भूमि पर यथाशीघ्र कारवाई करते हुए काम शुरू करने पर बल दिया। ज़िला प्रशासन हरसंभव सहायता करने के लिए तत्पर है। रैयतों को भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा देने, रैयतों की पहचान सुनिश्चित करने आदि में स्थानीय प्रशासन से कंपनियां बेहतर समन्वय बनाकर काम करे साथ ही भू अर्जन से संबंधित मामलों के तेज़ी से निस्पादन के लिए विभिन्न स्तर या सक्षम प्राधिकार के यहां केस की मॉनिटरिंग/ फॉलोअप कंपनी के अधिकृत अधिकारी के माध्यम से भी सुनिश्चित किया जाए। सर्वे के बाद भी लोगों के द्वारा अवैध तरीके से निर्माण कार्य की रोकथाम के लिए ड्रोन सर्वे कर स्थानीय प्रशासन की मदद से डिमोलिश सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावे, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, एसडीओ विधा भूषण कुमार, डीएलएओ निर्भय कुमार, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही डीसीएलआर, सभी अंचलाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे ।

### मिशन चंद्रयान 3 की सफलता पर एनएसएस स्वयं सेवकों ने मनाया जश्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने महाविद्यालय के प्रांगण में चंद्रयान 3 की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए देश भक्ति गीतों पर थिरकते महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा अपने आचार्यो को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर किया । मौके पर प्राचार्य बिनय कुमार एवं सचिव शम्भू कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर और महाविद्यालय के शिक्षका रंजन कुमार ,दयानंद यादव ,बिनय कुमार मेहता , संहिता कुमारी, अजित प्रसाद,अजय मेहता ,उर्मिला राणा,मनोज कुमार स्वयंसेवक सचिन कुमार महतो, नेहा कुमारी, कोमल कुमारी, रानी कुमारी,सपना कुमारी,अंजली कुमारी, वर्षा कुमारी, स्वेता, सीमा, चंचल, पूजा,रीना कच्छप, निशु कुमारी, पायल प्रिया, अनिल कुमार यादव, राहुल कुमार दास,स्वेता भारती, प्रीति कुमारी,नीतू कुमारी, मोनिका एवं मनीष कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में चंद्रयान की सफल लैंडिंग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में अंतरिक्ष जगत में कामयाबी का परचम लहराने वाले चंद्रयांन -3 के प्रतीकात्मक मॉडल का सफल प्रतिकात्मक संचालन करके विद्यार्थियों को दिखाया गया। चंद्रयान-3 तथा विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर तथा चंद्रमा की सतह बनाने में विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र - छात्राओं ने काफी परिश्रम किया और चंद्रयान - 3 की प्रतिक्रिति तैयार की। इस मॉडल को विद्यालय भवन की तीसरी मंजिल से प्रांगण में बने कृत्रिम चंद्रमा की सतह पर बड़ी ही कुशलता पूर्वक उतारा गया और यह दिखाने की सफल कोशिश की गई कि किस प्रकार विगत 23-8-2023 को भारत मे चांद पर अपना चंद्रयान-3 उतारा था। मॉडल को बनाने में विद्यालय के शिक्षक विक्रम सिंह का प्रमुख योगदान रहा तथा उनका साथ दिया कक्षा दसवीं के छात्रो ने ।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू, संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, श्री कृष्ण विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश रानीलिया निर्मला अग्रवाल पिंकी अग्रवाल एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को इस सुंदर प्रस्तुति के लिए बधाई दी एवम देश का गौरव बढ़ाने वाले अंतरिक्ष मिशन के वैज्ञानिकों का अभिनंदन किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वंदना सभा में शामिल हुए पूर्व वन अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा में गुरुवार को वंदना सभा में सेवा निवृत वन अधिकारी पंकज श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।सभा का श्रीगणेश मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह एवं राज कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। तत्पश्चात श्री श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम तीस पेड़ लगाना चाहिए।आधे अपने लिए और आधा भावी पीढ़ी के लिए।उन्होंने आनलाईन आयोजित पर्यावरण प्रतियोगिता के संबंध में बताते हुए कहा कि प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने के लिए गमलों या प्लास्टिक बोतल में दस बीज डाल कर सेल्फी डाउनलोड करना है। पर्यावरण प्रतियोगिता के लिए प्रमुख आचार्य राज कुमार सिंह सहयोगी राहुल कुमार पाण्डेय एवं आनन्द किशोर प्रजापति को दायित्व दिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंटू कुमार राय, रिंकी कुमारी, विवेक कुमार, शिव शरण ठाकुर, रविकांत पाठक,अर्चना सिन्हा,रवीन्द्र कुमार, रेवत लाल प्रसाद, निखत प्रवीण एवं पप्पू कुमार पाण्डेय की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### आईलेक्स के बच्चों ने चंद्रयान - 3 की सफल लैंडिंग के लिए किया प्रार्थना

**बरही :** चंद्रयान-3 को लेकर देशभर में गजब उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल सभी ब्रांचों में सभी बच्चों ने चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग के लिए प्रार्थना किया। चंद्रयान 3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल चांद की सतह से महज 25 से 150 किलोमीटर की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। इसरो के मुताबिक, चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर का चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल से संपर्क हो गया है। अब 23 अगस्त का इंतजार है, जब चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही भारत इतिहास रच देगा और ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

झारखण्ड 9

रांची, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 | पेज


## पराग इनिशिएटिव ने लाइब्रेरी एजुकेटर्स कोर्स के नौवें बैच के लिए आवेदन मांगा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा ट्रस्ट के पराग इनिशिएटिव ने आज वर्ष 2023 के लिए अपने लाइब्रेरी एजुकेटर्स कोर्स (हिंदी) के नौवें बैच में प्रवेश पाने हेतु आवेदन स्वीकार करने की घोषणा कर दी है। यह पाठ्यक्रम भोपाल में संचालित होगा। इसका उद्देश्य लाइब्रेरियन, शिक्षकों, शिक्षार्थियों को उस ज्ञान और कौशल से लैस करना है, जो बच्चों के लिए जोशीले और मनोहर करने वाले पुस्तकालय तैयार करने के लिए जरूरी होता है, और जो युवाओं के दिमाग में पढ़ने की ललक जगाता है।लाइब्रेरी एजुकेटर्स कोर्स (एलईसी) 7-महीने का एक मिश्रित व्यावसायिक विकास प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है, जो लाइब्रेरी के स्वरूप और उसके महत्व को जानने के लिए विषद जानकारी प्राप्त करने में सक्षम है। यह किसी समाज और उसके संस्थानों, जैसे कि स्कूल और समुदाय, में पुस्तकालयों की अहमियत तलाशता है। एलईसी सभी शिक्षार्थियों के लिए खुला हुआ है तथा इसे शिक्षकों, स्कूल के पुस्तकालयाध्यक्षों, विकास क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों, साक्षरता फैलानेवालों और बाल्य विशेषज्ञों के लिए तैयार किया गया है। 2015 में अपनी शुरुआत से लेकर अब तक यह पाठ्यक्रम 200 से ज्यादा लोगों को सशक्त बना चुका है, और इस साल पराग इनिशिएटिव, पढ़ने का जुनून रखने वाले 35 व्यक्तियों को दाखिल करना चाहता है।इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की सलाह लेकर पराग द्वारा विकसित किया गया यह सर्वांगीण पाठ्यक्रम, न केवल साहित्य के साथ गहरा संबंध स्थापित करता है, बल्कि बच्चों के लिए किए गए साहित्यिक कार्यों की बारीक समझ भी प्रदान करता है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में वाहन डीलरों के साथ बैठक का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी,खूंटी मारुति मिंज की अध्यक्षता में जिला के वाहन डीलरों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी वाहन विक्रेताओं को निबंधन हेतु ससमय कागजात उपलब्ध कराने एवं किसी भी स्थिति में निबंधन लंबित ना रखने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के दौरान स्टॉक, तथा वाहन बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी दो पहिया वाहन के बिक्री के साथ दो हेलमेट लेने का निर्देश दिया गया। इस दौरान वाहन को बिक्री मूल्य के अनुरूप ही निबंधन कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला के वाहन डीलर, मोटरयान निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने मृतक के परिजनों का किया सहयोग

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिरका पंचायत के गांधीग्राम निवासी पैरवा देवी कि विगत दिनों गंभीर बिमारी से निधन हो गया था । परिवार कि आर्थिक स्थिति बेहद खराब है । सूचना पाकर विधायक राजेश कच्छप ने पीड़ित परिवार को दशकर्म के लिए खाद्य समाग्री सहयोग किया। मौके पर वार्ड सदस्य संजय नायक कुलेसर मुंडा दशरथ मुंडा भूषण महतो आसाराम महतो थे ।

## सिल्ली पुलिस में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत सिल्ली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त वासुदेव महतो, पिता भागीरथ महतो, ग्राम -बोडाम थाना- अरसा जिला पुरुलिया पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। बताते चले कि अभियुक्त शादी का झांसा देकर चिताटांड़ की रहने वाली युवती का 3 वर्षों से यौन शोषण कर रहा था और बाद में शादी करने से मुकर गया। युवती परेशान होकर सिल्ली थाना में उसके खिलाफ 10 जुलाई 2022 को आवेदन दिया। जिसके आलोक में भा द वि के तहत कांड संख्या 73/22 दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुरुलिया पुलिस के सहयोग से सिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया।

## फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर डीपीआर के लिए बचरा में की गई मापी

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची-चतरा भाया बचरा पिपरवार फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर माफी का काम शुरू कर दिया गया है।झारखंड सरकार के द्वारा डीपीआर तैयार करने को लेकर पिपरवार में माफी का काम शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के द्वारा रांची के कटहल मोड़ से सिमरिया चतरा होते हुए फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना है,जिसे पिपरवार के बचरा के रास्ते निकाला जाएगा।इस फोरलेन सड़क को पिपरवार पंचवटी के बगल के रेलवे पुल के रास्ते से बचरा बाजारटांड़ होते हुए राय कोलियरी के रास्ते निकाला जाएगा।फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के डीपीआर तैयार करने के लिए चार सदस्य टीम ने इसका मापी का काम किया। माफी के बाद इसका डीपीआर तैयार किया जाएगा इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।इधर पिपरवार के बचरा के रास्ते से फोरलेन सड़क निर्माण कर की सूचना पाकर कई लोगों में खुशी की भी लहर देखी जा रही है।

## डी ए वी खलारी में चंद्रयान 3 की लैंडिंग का मनाया गया जश्न

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डी ए वी स्कूल खलारी में चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को विजय उत्सव के रूप में मनाया गया . इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया.इससे पहले बुधवार की सुबह चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई एवं विशेष हवन का भी आयोजन किया गया था.इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने चंद्रयान 3 से जुड़े इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए बल्कि दोगुने उत्साह से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए और यही हमारे वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है . वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक श्री डी एन महतो और हिंदी शिक्षक कुलदीप शर्मा ने बच्चों को चंद्रयान 3 से संबंधित तथ्यों के बारे में बताया .श्री डी एन महतो ने कहा कि इसरो की सफलता में वर्तमान अध्यक्ष श्री सोमनाथ के साथ-साथ इसके संस्थापक सदस्यों डॉ. होमी जहाँगीर भाभा, डॉ. सतीश धवन एवं डॉ विक्रम साराभाई के भी योगदान को भुलाया नहीं जा सकता.हमारे इन वैज्ञानिकों ने ऐसे कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर अपनी भावी पीढ़ी को सौंपी है.वही हिंदी शिक्षक कुलदीप शर्मा ने अपने संबोधन में चंद्रयान 3 की उड़ान से लेकर लैंडिंग तक की संपूर्ण जानकारी दी.उन्होंने चंद्रयान दो मिशन का भी जिक्र किया और कहा कि जैसे चंद्रयान दो की असफलता से सीखते हुए हमारे वैज्ञानिकों ने कर्मियों को दूर किया और आज चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग कर दिखाई . उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में इसरो ने हमारे देश को अग्रणी देशों की पंक्ति में ला खड़ा किया है ।

### पिपरवार के चिरैयाटांड़ में ग्रामीणो ने सीसीएल के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

# पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर होने वाले लोक जनसुनवाई का किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ मे स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।इसके साथ ही 25 अगस्त को पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर होने वाले लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का विरोध किया। जानकारी के मुताबिक सीसीएल की पिपरवार में महात्वाकांक्षी भूमिगत कोल खदान परियोजना के फेज एक के विस्तार के लिए 25 अगस्त को झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड की तरफ से पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई होने वाली है।इसको लेकर किचटो पंचायत के विस्थापित ग्रामीणो ने चिरैयाटांड़ में बैठक कर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया,साथ ही लोक जन सुनवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वह सभी मंगरदाहा गांव से विस्थापित होकर चिरैयांटांड़ मे पुर्नवासित किया गया है,लेकिन आज तक विस्थापित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से वंचित रखा गया है।ग्रामीणो ने कहा कि पूर्व में सीसीएल प्रबंधन द्वारा बड़े-बड़े वादा करके विस्थापित ग्रामीणों के भूमि का अधिकरण किया गया था,लेकिन आज भी स्थानीय विस्थापित ग्रामीण धूल गर्दा फांक रहा है और उन्हे रोजगार से वंचित रखा गया है।प्रबंधन ग्रामीणों को ठगने का काम कर रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पूर्व में किए गए वादों को पहले प्रबंधन पूरा करें उसके बाद ही आगे के कार्य होने दिया जाएगा।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## एनजीटी नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को माननीय एनजीटी, नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया गया.इस दौरान राजीव रंजन अपर निदेशक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (क्षेत्रीय कार्यालय) राँची, वैज्ञानिक तौफीक असलम, श्री गोपाल कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखंड स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि, मोनेट डेनियल कोल वाशरी के अधिकारी/पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे.

**पर्यावरण प्रदूषण को लेकर तय सेफ्टी मेजर का पालन करने का निर्देश**

मोनेट डेनियल कोल वाशरी के द्वारा पर्यावरण के मानक का उल्लंघन किया जा रहा था. जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण क्रम में पूरे क्षेत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारी पर्यावरण प्रदूषण को लेकर तय सेफ्टी मेजर का पालन करने का निर्देश दिया गया.

**निरीक्षण क्रम में निर्देश**

उपायुक्त राँची द्वारा खलारी प्रखण्ड स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी के निरीक्षण क्रम में संबंधित अधिकारी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा कर और ग्रीन एरिया को बढ़ाने, हंप बनाने के लिए, पश्चिम की तरफ की सड़क की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया ताकि लोगों को आवगमन में असुविधा नही हो एवं गेट के सामने हंप बनाने को कहा गया. उपायुक्त राँची, द्वारा विशेष तौर पर कहा गया।

## वंडरलैंड स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** प्रखण्ड के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में गुरूवार को राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दो से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उनके द्वारा रंगबिरंगी व रचनात्मक राखियों का निर्माण किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए स्कूल के निदेशक एम0 डी0 नेसार आलम ने राखी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षा-बंधन भाई-बहन के परस्पर सौहार्द का पर्व है। बहन भाई को राखी बांधती है और भाई बहन की रक्षा का वादा करता है। समाज में हमें अपना व्यवहार ऐसा रखना चाहिए कि लड़कियां सुरक्षित महसूस करें। कार्यक्रम में जूनियर विंग में आलिया निगार, मनीषा कुमारी, अयान मित्री और अनस अंसारी (द्वितीय) का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। वहीं सीनियर विंग में अम्मारा तकदीश, नमीता खलखो जेबा अर्शी, साहिबा परवीन में शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्या अनामिका राज, पुष्पांजली साहु, रोजी साहु, रफत आरा , रोजी नाज, मो मुस्ताक के साथ अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## विवेकानंद सेवा संघों का अनुगमन बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिकिदीरी :** नवागढ़ पंचायत के ओबर गॉव में आज वृहस्पतिवार के दिन रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉंची द्वारा संचालित विवेकानंद सेवा संघों का अनुगमन बैठक (फॉलो -ऑप मीटिंग) किया गया। बैठक में अनगड़ा,सिल्ली एवं दुलमी प्रखण्ड के सेवा संघ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता स्वामी भवेषानन्द जी महराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किया। विदित हो कि रामकृष्ण मिशन आश्रम इस सप्ताह को विकास सप्ताह के रूप में मना रही है। इसे पूर्व पिछले मंगलवार को आश्रम के मार्ग दर्शन में रोटरी क्लब रॉंची मिडटाउन के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जॉंच शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 300 लोगों की स्वास्थ्य जॉंच की गई थी। तथा जांचोपरांत निशुल्क दवइयॉं भी दी गई थी। इसमें राज अस्पताल के डॉ.नासित फतेह सामिल थे। आज का बैठक में लाह खेती,बकरी पालन, मधुमक्खी पालन आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसमें सबसे खास रहा कम लागत पर जैविक खेती कर अधिक मुनाफा कमाना। सचिव स्वामी जी ने कहा कि जिस तरह से नवागढ़ पंचायत में कार्य हो रही है उसी प्रकार सभी विवेकानंद सेवा संघों के कार्यकर्ता कार्य करें ताकी गॉंव का सर्वांगीण विकास किया जा सके। इसे पूर्व उन्होंने ओबर गॉंव के एस्टीआई हब एवं वी के एम पी किसानों द्वारा निर्मित गौ फर्स एवं धान खेत में हो रहे जैविक प्रयास को देखा। ये देख किसानों को सलाह दिये कि इस प्रयास को हमेसा चालू रखना है । मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज, नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, डॉ राजेश कुमार, अरूण भक्त, विकास महतो, चिरंजीवी मंडल, एस्टीआई हब के प्रोजेक्ट कॉडिनेटर सुदिस सतपथी, संतोष बेदिया,कमल बेदिया,राजकुमार बेदिया ,सुधू बेदिया,आदि थे ।

## जेड ब्लैक के नए विज्ञापन में एमएस धोनी के बाप और बेटी के प्यारे रिश्ते से दर्शाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अग्रणी अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक को क्रिकेट के दिग्गज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पर आधारित ज़ेड ब्लैक 3-इन-1 प्रीमियम अगरबत्ती के लिए अपने नवीनतम विज्ञापन कैम्पेन की लॉन्च की घोषणा करने में बेहद खुशी हो रही है। कैम्पेन का उद्देश्य संतुलित और पूर्ण जीवन के लिए दैनिक प्रार्थनाओं को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के महत्व पर जोर देना है। आज की तेजी से भागती दुनिया में, जहां लोग विभिन्न कामों और जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं, प्रार्थना के माध्यम से खुद से जुड़ने के लिए एक पल लेने का काम बेहद सुकून देने वाला हो सकता है। जेड ब्लॅक का पिछले 6 वर्षो से ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी के साथ निरंतर सहयोग लोगों को एक ऐसे काम के लिए थमने, विचार करने और संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है, जो आंतरिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में संस्कृति महोत्सव का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के तहत स्कूल प्रांगण में विभाग स्तरीय संस्कृति बौद्ध परियोजना एवं संस्कृत और अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में तीन जिलों के करीब 350 से अधिक स्कूली बच्चे शामिल हुए।समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार परियोजना के कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग और विशिष्ट अतिथि मे विभाग निरीक्षक फनिन्द्र झा,संकुल संयोजक अवधेश सिंह,संकुल प्रमुख गोपाल विश्वकर्मा मिस्त्री,राय मुखिया शीला देवी,बमने मुखिया शिवनाथ मुंडा,चूरी पश्चिमी मुखिया मलका मुंडा,पसंस मनभावन लोहरा सहित कई अतिथि मौजूद थे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा झारखंड की संस्कृति से संबंधित कई प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किया गया।पारंपरिक ढोल मांदर के साथ प्रस्तुत किए गए नृत्य का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।जिसके बाद स्कूल मे प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से बच्चों से प्रश्न पूछा गया।वही प्रश्न का उत्तर देने के लिए प्रत्येक स्कूल के बच्चों को 25 सेकंड का समय निर्धारित किया गया था।इस संबंध में विभाग निरीक्षक फनिंदर झा और स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो ने बताया कि अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के द्वारा प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस तरह का आयोजन कराया जाता है।जिसमें पहले विद्यालय स्तर पर इसका आयोजन होता है,जिसके बाद संकुल स्तर पर कार्यक्रम होता है। वहीं आज विभाग स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को प्रांतीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा।इस प्रतियोगिता में रांची,रामगढ़ और खूंटी जिला के विभिन्न स्कूलों के करीब 350 से अधिक बच्चों सहित शिक्षक शामिल हुए। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोखी महतो सचिव फुलेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एतवारा महतो,रामगढ़ के प्राचार्य वरुण कुमार, बिजुपाड़ा के प्राचार्य शंभू सिंह,आदि थे ।

## भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश निर्देशानुसार रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष के द्वारा ठाकुर गांव मंडल में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुढ़मू ठाकुर गांव :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश निर्देशानुसार रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र महतो जी के द्वारा ठाकुर गांव मंडल में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने साथ ही स्थानांतरण ऐसे सभी चीजों की जानकारी देते हुए ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री सुरेंद्र महतो ने लोकतंत्र की परिभाषा समझाते हुए लोकतंत्र जनता के लिए जनता के द्वारा जनता का शासन है लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है जनता ही अपने मतदान के द्वारा देश या राज्य का भाग्य विधाता और नीति निर्धारक कौन होगा तय करती है लोकतंत्र में मतदान बहुत जरूरी है और जब तक मतदान करने का हक आम जनता के पास है तभी तक किसी देश में लोकतंत्र जिंदा है हमारे देश भारत में जो लोकतांत्रिक व्यवस्था है उसके अनुसार देश में या देश के अंतर्गत किसी राज्य में हर 5 वर्ष में चुनाव कराने की परंपरा है जनता के पास मतदान के रूप में वह अचूक हथियार है जिसका उपयोग कर उसे किसी भी सरकार को बनाने और गिराने की भी शक्ति प्राप्त है हमारा मतदान ही तय करता है कि हम देश या राज्य में कैसी सरकार चाहते हैं जब मतदान का महत्व हम आप नहीं समझते और मतदान नहीं करते हैं तो ऐसी प्रतिनिधि चुनकर आते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**

**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** TRD/OT/06/ABSS/2023-24. **क्र०सं० : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (i) PRP & HZD :- Provision of 12.0M wide FOB at Paharpur and Hazaribagh Road station under Amrit Bharat Station scheme (ii) Provision of 12.0M wide FOB at Koderma and Parasnath station under Amrit Bharat Station scheme (iii) GMO & BRKA :- Provision of 12.0M wide FOB at Gomoh and Barkakana station under Amrit Bharat Station scheme (iv) LTHR & GHD :- Provision of 12.0M wide FOB at Latehar & Garhwa Road station under Amrit Bharat Station scheme (v) CPU & DTO :- Provision of 12.0M wide FOB at Chopan & Daltonganj station under Amrit Bharat Station scheme (vi) CRP & KTH:- Provision of 12.0M wide FOB at Chandrapura and Katrasgarh station under Amrit Bharat Station scheme (vii) RNQ, NUQ & GHQ:- Provision of 12.0M wide FOB at Renukoot, Nagaruntari & Garhwa station under Amrit Bharat Station scheme.. कार्य समापन की अवधि – (06) छः माह, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 2,09,48,722.43/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–. **03. बीड सिक्युरिटि :** 2,54,800/–. **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय** : ई–निविदा बंद होने की तिथि 15.09.2023 को 11:00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 15.09.2023 को 11:30 बजे, **05. वेबसाइट का विवरण :** वेबसाईट: www.ireps.gov.in ई.निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**

**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01023/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/52


# खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का खूंटी में शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2023-24 का बिरसा कॉलेज एवं सीएम स्कूल ऑफ सक्सेलेंस एसएस 2 हाई स्कूल, खूंटी के एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि किरण कुमारी पासी, राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, एसपी, खूंटी अमन कुमार सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात् गुब्बारे उड़ाकर किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों की टीमों के अंडर 15 बालक, अंडर 17 बालक एवं अंडर 17 बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।मौके पर किरण कुमारी पासी, राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने कहा कि राज्य के 24 जिलों के 200 स्कूलों में आयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में चैंपियन घोषित 50 टीमें इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित टीमों की खिलाड़ियों का प्रतिभा को प्रखर बनाने के निमित कोचिंग की व्यवस्था करायी जाएगी जो राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि किरण कुमारी पासी राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गेंद को हॉकी स्टीक से हिट कर किया गया। इससे पूर्व रिम-झिम बारीश में सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।


**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**

**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**Tender Reference No. : RCD/KODERMA/677/2023**

दिनांक:-19.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work in Urwan-Kanti Road from Km 0.00 to 5.80 Km ( Total Length= 5.80 Km.) Under Road Division ,Koderma for the Year 2023-2024 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 4,80,38,152.00 (चार करोड़ अस्सी लाख अड़तीस हजार एक सौ बावन रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 4,81,000.00 (चार लाख एकासी हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02(दो) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 05.09.2023, 10:30 बजे तक। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 26.09.2023, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 29.09.2023, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता । | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं० | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता–सह–राजमार्ग पदाधिकारी

प०नि०वि०,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

PR 305420 Road(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-10/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम उर्रू जामुनटोली में झापर तालाब से लेकर लाल मोहन उरॉव के घर तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 10000.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम नौदी में बैजु उरॉव के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण। | 41,70,900.00 | 83,500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम सेरेंगदाग के मुख्य पथ से श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 10000.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम आराहांसा में मध्य विद्यालय में चाहरदिवारी निर्माण। | 34,00,000.00 | 68,000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 29.08.2023

3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक

4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय :- 09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक

5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे

7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- **9934523795** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)

9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank/Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 305401 Lohardaga(23-24)D

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

## चंद्रयान 3 की सफलतापूर्वक चांद पर लैंडिंग के लिए हमारे वैज्ञानिकों को सैल्यूट : उदय

**धनबादात मंत्र संवाददाता)** : चांद के सतह पर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने इसरो के वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाइयां दी है। उन्होंने कहा की भारत के लिये ऐतिहासिक चंद्रयान-3 का चांद के साउथ पोल में लैंडिंग का पूरा देश खुशियां मना रहा है और साथ ही पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। देश के वैज्ञानिकों ने हम सभी भारतीयों का गौरव और मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। इस उपलब्धि को स्वर्ण अक्षरों में लिखने वाले सारे इसरो के वैज्ञानिकों के माता पिता भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने ऐसे विलक्षण पुत्रों को जन्म दिया। जिन्होंने स्वर्ण अक्षरों में भारत का नाम रोशन किया है। हम सभी भारतीयों का चंद्रयान 3 की चांद पर लैंडिंग की सफलता पर सारे वैज्ञानिकों को सैल्युट है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत विज्ञान, तकनीक, कृषि समेत अन्य क्षेत्र में नवीनतम कामयाबियों को हासिल कर भारत शीघ्र विश्व गुरु बनेगा।

## सद्दाम ने मरीज का बनाया गोल्डेन कार्ड

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : रहमतगंज वासेपुर के रहने वाली



अरीना बेगम का गिर जाने के कारण कुल्हा की हड्डी टूट गया। डॉकटर ने ऑपरेशन में लाखों रुपए का खर्च बताया। अरीना बेगम अपना ऑपरेशन पैसे के अभाव में नहीं करा पा रही थी। इस बाबत झामुमो नेता सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन को जब मालूम हुआ तो सद्दाम हुसैन ने तुरंत ही अरीना बेगम के घर जाकर आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ कार्ड (गोल्डेन कार्ड) बना कर दिया। अब हेल्थ कार्ड के माध्यम से अरीना बेगम का ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा।इस कार्य से अरीना और उनके परिजन को काफी राहत मिली। सभी ने सद्दाम हुसैन को धन्यवाद दिया।

## मिनरल वाटर प्लांट का उद्घाटन समारोह संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गोविंदपुर प्रखंड के महुबनी गांव में आज मिनरल वाटर प्लांट का विधिवत फीता काटकर सीआईडी के प्रदेश सचिव मोहम्मद जाहिद हुसैन एवं प्रखंड प्रमुख निर्मल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया । बताया जाता कि गोविंदपुर प्रखंड के महुबनी गांव में मिनरल वाटर प्लांट का उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित हुए जहां लोगों को संबोधित करते हुसैन ने कहा कि ग्रामीणों के साथ-साथ शहर वालों को भी इस मिनरल वाटर प्लांट से रियायती दरों में शुद्ध पानी मुहैया कराया जाएगा शादी विवाह एवं अन्य त्योहारों में लोगों को अब दूर दराज जाने की कोई आवश्यकता नहीं अब इसी गांव में एक अच्छे किस्म के शुद्ध जल कम दामों में उपलब्ध कराया जाएगा । मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डी एन सिंह ,प्रखंड प्रमुख निर्मल सिंह ,सीआईडी के प्रदेश सचिव मोहम्मद जाहिद हुसैन, एवं उनके सचिव मोहम्मद सफी ,पूर्व मुखिया गुल्लू अंसारी, अख्तर अंसारी ,अयूब अंसारी ,अशोक कुमार महतो ,समाजसेवी अब्दुल कयूम अंसारी ,प्रोफेसर जास्मीन सिद्दीकी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## टुंडी प्रखंड बीससूत्री के पूर्व अध्यक्ष के पिता की 12वीं में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : टुंडी प्रखंड के पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के पिता के 12वीं कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे पहुंचे जहां शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मौके पर भाजपा नेता धर्मजीत सिंह सुमंत पांडे समेत कई लोग मौजूद थे।

## धनबाद भाजपा का दो दिवसीय वोटर चेतना अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दो दिनों तक वोटर चेतना अभियान चलाया जाएगा जिसको लेकर आज जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया की चुनाव आयोग के द्वारा बीएलओ का गठन किया गया है जो की घर घर जा कर वोटरों की पहचान और नये वोटरों को जोड़ने के साथ साथ संशोधन का काम कर रही है। पर जिस रफ्तार से काम होना चाहिए नहीं हो पा रहा इस लिए भारतीय जनता पार्टी बुथ स्तर पर पहूंच कर नये वोटरों को जोड़ने का काम करेगी जिसको लेकर मिडिया और शोशल मिडिया के साथ साथ भाजपा के बुथ स्तर के कार्यकर्ता अपना योगदान बढ़-चढ़ कर देगें। और खास कर युवा वोटरों को जोड़ने का काम करेगें।

## जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के चरगी उत्क्रमित विद्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा सुरक्षित गांव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बालक, बालिका शिक्षक, शिक्षिकाओ के बीच बालिका मानव तस्करी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने बताया गया कि बाल तस्करी झारखंड के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। जिसको लेकर सहयोगिनी जिले के स्कूल तथा अभिभावकों के बीच जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# छात्रों का 48 घंटे से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद के बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है। दरअसल बात यह है कि इन दोनों कॉलेज में पढ़ाई कम और राजनीति और धरना प्रदर्शन ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। जिसके मद्देनजर पिछले 48 घंटे के अधिक समय के बाद भी बीएड के छात्र-छात्रा कॉलेज के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। छात्रों का आरोप है कि कालेज प्रबंधक द्वारा उन्हें साजिश के तहत बीएड के एग्जाम में फेल किया जा रहा है जिसको लेकर वह कुलपति और कॉलेज प्रबंधन का पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

वही मौके पर मौजूद छात्र नेता अजीत महतो ने मीडिया को बात करते हुए बताया कि कॉलेज प्रबंधन जात पात की राजनीति कर रहा है और एसटी एससी ओबीसी के छात्रों को जान बूझकर फेल करने का काम किया जा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो बहुत जल्द अगर मांग पूरे नहीं होते हैं तो अभी तक गांधीगिरी के सहारे शांतिपूर्ण ढंग से विरोध किया गया लेकिन आगे विरोध प्रदर्शन उग्र होगा इसके जिम्मेदार स्वयं कॉलेज प्रबंधन होंगे।

## मानव दिवस कर्मियों ने वेतन को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बलियापुर क्षेत्र के मुकुंदा सेक्शन एवं बलियापुर सेक्शन के मानव दिवस कर्मियों ने वेतन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने कहा कि 5 माह के वेतन में दो माह का वेतन दिया गया उसमें भी ?3000 काट लिया गया। विभाग की ओर से मानव दिवस कर्मी से 30 दिन काम लिया जाता है। मानव दिवस कर्मियों ने मांग कि 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाए 30 दिन का काम करने पर 30 दिन का वेतन दिया जाए ना की 26 दिन का। मानव दिवस कर्मी को शिफ्ट के अनुसार काम दिया जाए और 8 घंटा काम लिया जाए। दुर्घटना बीमा लाभ न्यूनतम 10 लाख किया जाए जिसमें विभाग एवं एजेंसी के द्वारा भुगतान किया जाए, ईपीएफ हर महीना वेतन होने के तुरंत दो दिनों में अपडेट किया जाए। छुट्टी के दौरान काम किया गया राशि का भी भुगतान किया जाए अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# चंद्रायन -3 के सफल लैंडिंग में गिरिडीह के युवा वैज्ञानिक रविकांत की अहम भूमिका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह** : इसरो मिशन चंद्रयान-3 में शामिल वैज्ञानिकों की टीम में गिरिडीह जिले के बेंगाबाद के युवा साइंटिस्ट कुमार रविकांत भी हैं। चंद्रयान के प्रक्षेपण से लेकर चांद पर सफल लैंडिंग कराने तक में रविकांत ने अहम भूमिका निभाई है। बुधवार 23 जुलाई की शाम जब चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग हुई, तो कुमार रविकांत के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही पूरे इलाके में भी हर्ष का माहौल है। कुमार रविकांत के परिवार वालों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कुमार रविकांत की मां सरोज देवी और भाई उज्जवल कुमार ने कहा कि उनके लाडले ने गौरव पूर्ण कार्य किया है। परिवार के सभी सदस्य इतने खुश हैं कि इसे जाहिर नहीं कर पा रहे हैं। कुमार रविकांत शुरू से ही काफी मेघावी छात्र थे। बचपन में ही इनके सिर से पिता का साया उठ गया, लेकिन हिम्मत नहीं हारा। रविकांत के पिता तालेवर राम बेंगाबाद चौक पर टेलर की दुकान चलाते थे। रविकांत ने अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई बेंगाबाद से की। इसके बाद उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। नवोदय से 12वीं पास करने के बाद इनका चयन आईआईटी में हुआ और आईआईटी खगड़पुर से बीटेक की पढ़ाई की। खगड़पुर में पढ़ाई के दौरान ही इनका चयन इसरो के लिए हो गया। इसके बाद जुलाई 2016 से यह इसरो में बतौर वैज्ञानिक अपनी सेवा दे रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना एक व्यक्ति व दो मवेशी की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद** : बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत हरला पंचायत के ग्राम गादी मे प्रातःलगभग 4:30 बजे लालमणी महतो अपने हल और दो काडा के साथ खेत की ओर जा रहे थे की रास्ते मे एक अज्ञात ट्रक की चपेट मे आने से मौके पर लालमणि महतो एवं उनके दोनों मवेशी की मौके पर मौत हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी पा कर ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी घटना स्थल पर पहुँच कर घटना का विवरण ली एवं पीड़ित परिवार को ढाढ़स बँधाये साथ ही पुलिस प्रशासन को आवश्यक छान बिन कर अज्ञात वाहन को ढूँढने एवं आवश्यक कार्यवाई करने का निर्देश दी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को पीड़ित परिवार को



सरकारी लाभ दिलाने का निर्देश दी।

मौक़े पर युवा समाजसेवी मनीष कुमार ने कहा की आय दिन इस प्रकार की सड़क दुर्घटना देखने को मिल रही है इसपर सरकार एवं विभाग को विशेष पहल करते हुए यातायात को सुरक्षित बनने की दिशा मे काम करना चाहिए। स्पीड ब्रेकर, बैरिकेटिंग, स्पीडोमीटर जैसी सुविधाओं मुहैया करवाने से ही सड़क दुर्घटना पर क़ाबू पाया जा सकता है । पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए मनीष ने कहा की परिवार के सुख दुख मे साथ हूं।

### वेव इंटरनेशनल स्कूल में राखी प्रतियोगिता किया गया आयोजन

# बच्चों ने हाथ से बनाए अनोखी व सुंदर राखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ** : प्रखंड के शहर पूरा स्थित वेव इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को जश्न का माहौल रहा । विद्यालय के बच्चों ने हाथ से राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों ने अपनी कला और क्षमता का अनोखा परिचय देते हुए सुंदर, आनंदायक, सृजनात्मक एवं प्रेरणादायक राखियों को अपनी कल्पना के अनुसार अलग आकार दिए। सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य सूरज कुमार लाला ने कहा कि प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य



बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। बच्चों द्वारा बनायीं गयी राखी सीमा पर तैनात देश के जवानो को भेजी जाएँगी। विद्यालय के लिए यह दिन इसलिए भी ख़ास था क्योकि विद्यार्थियों को चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के बारे में भी जानकारी दी गयी। शिक्षकों ने बच्चों को चद्रयान 3 की महत्ता के बारे में बताया और इसका लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। पूरे विद्यालय में एक जश्न का माहौल था । बच्चों ने तालियां बजा कर इसरो के इस महान परिक्षण का स्वागत किया। विद्यालय के निर्देशक श्री कृष्णा सिंह ने चंद्रयान 3 के सफल होने पर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही राखी प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चों की सृजनात्मकता को भी सराहा। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल सूरज कुमार लाला, निर्देशक कृष्णा सिंह, नितेश, टिकेश्वर, महिमा ,हीना, काजल किरण, गायत्री सिंह, आकाश, राकेश, प्रह्लाद, सीमा, संगीता, पिंटू यादव, आदि उपस्थित थे ।

## कार चालक ने की आत्महत्या पुलिस मामले की जांच में जुटी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झरिया उपरकुल्ही स्थित मस्जिद के पास रहने वाले स्व छोटू मोदक के पुत्र बिरजू मोदक (30 वर्ष) ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पाकर झरिया पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक बिरजू कार चालक था। बीते दो माह से बिरजू अपनी पत्नी राधा देवी के साथ उसके कतरास झिंझि पहाड़ी स्थित ससुराल में रह रहा था। वह कल ही अपने झरिया स्थित आवास अकेले लौटा था।फिलहाल झरिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन को लेकर रेलवे ने किया विषेष प्रबंध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर** : आयोजित की जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यिर्थियों के सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा निम्नलिखित प्रबंध किए गए हैं -

1.दिनांक 24.08.203 एवं 25.08.2023 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03221 पटना-आरा स्पेषल का परिचालन रद्द करते हुए इसे परीक्षा स्पेषल के रूप में पटना से बक्सर के लिए 18.15 बजे परिचालित की जायेगी ।

2.दिनांक 24.08.203 एवं 25.08.2023 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03214 पटना-झाझा स्पेषल को रद्द करते हुए इसे परीक्षा स्पेषल के रूप में पटना से झाझा के लिए 18.25 बजे परिचालित की जायेगी ।

3.दिनांक 24.08.203 एवं 25.08.2023 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 03280 पटना-मोकामा फास्ट पैसेंजर 18.00 बजे के बजाए 18.15 बजे खुलेगी ।

4.दिनांक 24.08.203 एवं 25.08.2023 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 13243 पटना-भभुआ रोड इंटरसिटी एक्सप्रेस 17.45 बजे के बजाए 18.15 बजे खुलेगी तथा गया तक सभी स्टेषनों पर रूकते हुए जायेगी ।

5.दिनांक 24.08.203 एवं 25.08.2023 को मुजफ्फरपुर से बेतिया के लिए 18.30 बजे एक परीक्षा स्पेषल का परिचालन किया जायेगा तथा बेतिया से यह परीक्षा स्पेषल 22.30 बजे मुजफ्फरपुर के लिए खुलेगी ।

6.दिनांक 25.08.2023 को सीतामढ़ी-बैरगनिया-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते दरभंगा से नरकटियागंज के लिए 08.00 बजे परीक्षा स्पेषल का परिचालन किया जायेगा तथा वापसी में यह नरकटियागंज से दरभंगा के लिए 18.00 बजे खुलेगी ।

# हरि मंदिर चीरागोड़ा चैंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : गुरुवार 23 अगस्त को हरिमंदिर चीरागोडा चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वप्रथम पुरानी कमेटी को भंग किया गया। मंच संचालन कर रहे मकसूद आलम ने सभी सदस्यों की सहमति लेते हुए पुराने कमेटी को सर्वसम्मति से पुनः चुनाव कर लिया गया। जिसमें प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष, सचिव राजेश कुमार गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार को चुना गया। अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की हरि मंदिर चीरागोडा चेम्बर्स आफ कॉमर्स 2008 से स्थापित किया गया था। तब




**प्रदीप सिंह फिर चुने गए अध्यक्ष, सचिव राजेश व कोषाध्यक्ष ब्रजेश बने**

से चैंबर दुकानदारों के उत्थान के लिए प्रयासरत है। चीरागोडा चेम्बर्स आफ कामर्स के सदस्यों ने सरकार से मांग रखते हुए कहा की चीरागोडा रोड पर सभी ठेला वाले के द्वारा रोड को जाम कर दिया जा रहा है।इस रोड से लगभग एक लाख की आबादी प्रति दिन गुजरती है। नई कमेटी के मकसूद आलम, उमेश यादव, ए टी मुखर्जी, तारकनाथ दास, जयदेव मित्रा, राहुल, विकास साव, राजेश केशरी, विशाल केशरी, राजीव घोष, उदय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने गुरुवार को बरवाअड्डा हवाई अड्डे के सामने निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के लिए निर्मित कमरे, एप्रोच रोड, सभाकक्ष, पार्किंग, निकास एवं प्रवेश मार्ग के निर्माण, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी प्रकार के सिविल कार्य के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नए समाहरणालय भवन का निर्माण आम नागरिकों की सहूलियत को केंद्र में रखकर करना महत्वपूर्ण है। संबंधित अभियंता को सामग्रियों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, संबंधित अभियंता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंचल अधिकारी निष्ठा के साथ करे अपने कर्तव्य का निर्वाहन : आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने आज राजस्व को लेकर विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने तथा सरकार के आदेश का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वैसी भूमी जो सीएस सर्वे में सरकारी थी और आरएस सर्वे में रैयत हो गई, उसकी जांच कर, कोर्ट केस दायर करने का निर्णय लिया गया। अवैध जमाबंदी की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी सरकारी भूमि के कस्टोडियन है। सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकारी भूमि का अतिक्रमण रोकने के लिए अंचल के कर्मचारी और चौकीदार की संयुक्त रूप से जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी भूमि का गूगल सैटेलाइट इमेज निकाला जाएगा। इससे यह पता चलेगा कि किस समय सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हुआ था। इसकी विस्तृत रिपोर्ट आ जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी। वहीं अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई करने एवं अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का निर्णय



लिया गया। बैठक के दौरान अंचल अधिकारियों ने बताया कि दाखिल खारिज के सॉफ्टवेयर में कुछ तकनीकी अड़चन के कारण म्यूटेशन के अधिक मामले रिजेक्ट हो रहे हैं। आयुक्त ने सोफ्टवेयर की त्रुटि दूर करने के लिए विभाग से संपर्क करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र वाद की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि जहां अधिक राशि है वैसे मामलों को प्राथमिकता देकर निष्पादित करें। ऐसे मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर प्रति सप्ताह सुनवाई करें। सुनवाई से भागने वालों के विरुद्ध सर्टिफिकेट एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बॉडी वारंट निर्गत कराए।

# सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र मानें कार्यकर्ता : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सहीघुटरा बांझीकेउंद में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित सिमडेगा सदर प्रखंड के टैंसेरा पंचायत के सहीघुटरा बांझीकेउंद में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्?यक्षता में आयोजित बैठक में मुख?य रुप से विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कार्यकर्ताओं को पुरी इमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्?होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुःख में लगों के हिस्सा बने। कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी समाज हित मे काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस परिवार का सदस्य है। भाजपा की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गिरती अर्थव्यवस्था जैसी अहम मुद्दों को भटकाने के लिए धर्म उन्माद फैलाने का काम कर रही है। जिसको जनता समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। *संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ताओं का होगा अहम रोल- जोसिमा खाखा* वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने में जुट जाएं। संगठन को मजबूत करने में आप सभी कार्यकर्ताओं का अहम रोल होगा। कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही कांग्रेस पार्टी हर चुनाव जितेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, विधायक प्रतिनिधि अनिल जेम्स बखला, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा, उप प्रमुख सिलबेश्टर बघवार,जिला सचिव विनय तिग्गा, तैराश एक्का, मुखिया बिनीता कुल्लू, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, उप प्रमुख फोलोरा मिंज, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, पूनम लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा,र ेबोटिना खेस, फिल्मोन मिंज, अजयदान कुजूर, जॉन बेग, सेलेस्टिन कुजूर, जॉन खाखा, बिमल कुल्लू, निकोडिन केरकेट्टा, रंजीत डुंगडुंग, समीर लकड़ा, अनिल तिर्की, जॉनी अशिषण बखला, मो. अरमान आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बाबूलाल मरांडी का लोहरदगा आगमन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा की संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में बख्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक दल के नेता श्री बाबूलाल मरांडी का आगमन व जनसभा (19 सितंबर) की तैयारियों के निमित्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ में किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मोर्चा संगठन की रीढ़ बनकर कार्य करती है। और प्रदेश अध्यक्ष का निर्धारित कार्यक्रम प्रदेश में भ्रष्टाचार और अत्याचारी सरकार के खिलाफ एक बुलंद आवाज है। पूरे प्रदेश में सत्ताधारी लोग सत्ते के नशे में स्वयं तो राजा बन बैठे और जनता को त्रासदी के सामान असुरक्षा, विभागीय अव्यवस्था, निरंकुश शासन सौंप दिया है। प्रवीण सिंह ने कहा कि मोर्चो का भाजपा के कार्यक्रमों में अहम भागीदारी होती है। निर्धारित कार्यक्रम में मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी अपना सुनिश्चित जिम्मेवारियों के अनुसार कार्यो का निर्वहन करेंगे। बाबूलाल मरांडी जी के इस कार्यक्रम की शुरुआत से हम देख पा रहे हैं की जनता का प्यार भरपूर मिल रहा है उसका मूल कारण यह है कि वह सदैव जनता के लिए संघर्षरत रहे हैं। जनता के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया।

## समकालीन अभियान के तहत दो वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समकालीन अभियान के तहत न्यायालय के आदेशानुसार दो वारंटी को अलग अलग आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा बदला एवं बरही से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र बदला एवं बरही से दो वारंटी को अलग अलग आरोप पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेजा गया। बताया जाता है. कि दोनों वारंटी के विरुद्ध न्यायालय लोहरदगा में मामला लंबित है। जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। वही उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बदला निवासी जीवन केरकेट्टा के पुत्र मसिहदास केरकेट्टा को एस टी नम्बर 48/92 के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। जबकि कम्प्लेन केश में बरही निवासी स्वर्गीय शैलेश पाठक के पुत्र विद्यानंद पाठक को 38 एन आई एक्ट के तहत गिरफ्तार कर दोनों वारंटी को लोहरदगा जेल भेजा गया।

## प्रज्ञा सेवा संस्थान द्वारा लाभुकों के बीच नि:शुल्क बकरी का किया गया वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड जलछाजन योजना के अंतर्गत प्रज्ञा सेवा संस्थान के द्वारा चौकनी ग्राम में कैम्प आयोजन कर सात लभूकों के बीच निःशुल्क बकरी वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड के चौकनी ग्राम में झारखंड जलछाजन योजना के अंतर्गत प्रज्ञा सेवा संस्थान द्वारा मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत चौकनी ग्राम में शिविर आयोजन कर 7 लाभुकों के बीच 35 बकरी का वितरण किया गया। वही बताया गया कि जो गरीब एवं पूंजी के अभाव में बेरोजगार थे। वैसे लाभुकों का चयन किया गया इस प्रकार पांच गांव से लाभुक का चयन किया गया था। चयनीत लाभुक को स्वरोजगार से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने का सकारात्मक सोच के साथ बकरी वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि एक लाभुक को चार बकरी तथा एक बकरा दिया जाना था। परंतु बकरा की संख्या कम होने के कारण सभी लाभुक को बकरा नही दिया गया। साथ ही बताया गया कि एक दूसरे लाभुक समन्वय स्थापित कर आत्मनिर्भर बने और आय में वृद्ध कर स्वरोजगार में वृद्धि करें।

## चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर देश के वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत आभार : अजातशत्रु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर के नेतृत्व में आज चंद्रयान 3 के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग की खुशी में पावरगंज चौक में जमकर आतिशबाजी की गई एवं खुशियां मनाई गई। मौके पर ओमप्रकाश सिंह जी ने कहा कि यह पहला मौका है कब कोई देश दक्षिणी ध्रुव में चंद्रयान की लैंडिंग करने में सफल रहा है और यह वाकई में हम सभी भारतवासियों के लिए गौरवशाली पाल है हम सभी आतिशबाजी कर खुशी मना रहे है। यह एक नए भारत का उद्भव का पल है जो विश्व के पटल पर आज भारत को एक नए मुकाम पर पहुंचाएगी। प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा की आज फिर एक बार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 3 की लैंडिंग चंद्रमा में कराकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विश्वजीत सहदेव ने कहा चंद्रयान 3 की सफलता हम सभी देशवासियों के लिए गौरव का पाल है हम सभी भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस महान कार्य में लगे सभी वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं आज उन्हीं की वजह से हम सभी भारतवासी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं प्रकाश सिंह, ओबीसी मोर्चा पलामू प्रमंडल के प्रभारी अजय पंकज, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विश्वजीत सहदेव, मनीष शिखर, वाल्मीकि साहू, श्याम वर्मा, विजय महतो, ओमप्रकाश गुप्ता, शुभम कुमार, पंकज तन्मय सिन्हा, पवन प्रजापति, नीरज गुप्ता, दिनेश कुमार, विपुल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंद्रयान 3 प्रश्नमंच में भारतवर्ष सदन विजेता

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रश्नोत्तर माध्यम से चंद्रयान-3 की सफलता की खुशी मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चंद्रयान-3 की सफलता की खुशी प्रश्नोत्तर माध्यम से मनाई गई। जिसमें चंद्रयान 3 अभियान से जुड़े लगभग 100 प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछे गए। सही उत्तर के आधार पर अधिकतम प्रश्नों के उत्तर देकर भारतवर्ष सदन विजेता बना। दूसरा स्थान हिमवर्ष सदन और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से हिंदुस्तान एवं बिरसा मुंडा सदन ने प्राप्त किया। विजेताओं में छात्राओं की संख्या अधिक रही। जिन विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीते उनमें रोहित कुमार साहू, राजन साहू, सत्यम कुमार, बबली कुमारी, सुषमा अभिषेक लकड़ा, शिवाजीत ठाकुर, पंचम साहू, आकांक्षा पांडे, सुहानी टोप्पो, सुहानी कुमारी, प्रिया कुजूर, प्रफुल्लित केरकेट्टा, अनिमा कुमारी एवं रोशनी उरांव शामिल है। प्रश्नों का निर्माण इतिहास की शिक्षिका प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया जबकि प्रश्नकर्ता की भूमिका गणित की शिक्षिका रश्मि साहू ने निभाई। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। विजेताओं को प्राचार्य के अलावा शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी पुरस्कार बांटे। आयोजन की सफलता में सभी शिक्षक शिक्षकों एवं कर्मियों ने सहयोग किया।

## अंचलाधिकारी ने जेएसएलपीएस के पलास मार्ट में राखी स्टाल का फीता काट किया उद्घाटन




**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 अगस्त गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय कैरो प्रखंड परिसर पर जेएसएलपीएस पलास मार्ट के तत्वावधान मे रक्षा-बन्धन त्योहार के निमित्त राखी स्टाल का अंचलअधिकारी कमलेश उराँव एवं बीपीएम बिनिता तिर्की ने फीता काट स्टाल का किया उद्घाटन। इस अवसर पर बीपीएम बिनिता तिर्की ने कहा कि स्व-रोजगार के क्षेत्र जेएसएलपीएस से जुड़ी स्वयं सहायता समूह चाला संघ महिला समूह एवं शक्ति महिला समूह के दीदी के द्वारा राखी (रक्षा-सूत्र) निर्मित किया गया है जो बाजार के अन्य राखीयों के मूल्य से सस्ते मूल्यों मे आम ग्राहकों के लिये उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया की अभी स्टाल मे 15,20 एवं 25 रूपये के राखी का निर्माण कर स्टाल मे लगाया गया है। बीपीएम बिनिता तिर्की ने कहा कि त्योहार के निमित जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह महिलाओं के द्वारा अच्छे किस्म के लड्डु एवं पेड़ा भी ग्राहकों को सस्ते मूल्यों पर मुहैया कराये जाने की योजना हैं। मौके पर उपरोक्त अधिकारियों के अलावा अंचल नाजिर पंकज कुमार, जेएसएलपीएस के चंद तिवारी, रवीन्द्र साहू, मुकेश कुजूर, विश्वासी कुजुर, पूनम उराँव इत्यादि राखी स्टाल के उद्घाटन कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

# पदाधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक कार्य का करें निर्वहन : निशा भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस कमेटी की कार्यकारणी बैठक राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत कि उपस्थिति में कि गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी निशा भगत ने कहा कि प्रदेश निर्धारित कार्यक्रमों को जिम्मेदारी पूर्वक करें अन्यथा पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और जल्द से जल्द विधानसभा कमिटी, पंचायत कमिटी, एवं बूथ कमिटी बनाया जाए, इसके साथ साथ युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे 35 वर्ष तक कि महिला बहनों को इंदिरा फेलोशिप के माध्यम से सशक्त करने का काम किया जा रहा है,पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ कांग्रेसी आज़ाद खान ने कहा कि युवाओं को जोश के साथ काम करने की आवश्यकता है,राहुल गांधी जी की युवा शक्ति युवा जोश के माध्यम से लाखो युवा कांग्रेस से जुड़ रहे हैं और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे बढ़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि युवा कांग्रेस लोहरदगा में मजबूती से काम कर रही है और सभी पदाधिकारी अपने अपने कार्यक्षेत्र में एक्टिव हैं युवा कांग्रेस आने वाले समय में मजबूती के साथ अपना कर्तव्य निर्वहन करेगी। कार्यकारिणी बैठक की समाप्ति राष्ट्रीय गान गा कर कि गई एवं सभा समाप्ति की घोषणा विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शहदेव द्वारा किया गया। मौके पर गुलाम जिलानी, दुर्गा उरांव,क विश जयसवाल, इमरोज़ अंसारी,र ंजीत लकड़ा, कैश आलम, असलम अंसारी, सौरभ भगत, खुशी तिग्गा, सुहैल अख्तर, फारुख हुसैन, आफताब अंसारी, आयुष यादव, फैयाज अंसारी, विनोद भगत, तैशिफ आलम, लक्षु उरांव, अमस अंसारी, जावेद अख्तर, हस्बुल खान, आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितंबर को, तैयारियां जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 सितंबर 2023 को लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में किया जाना है जिसको लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रहा है। आज इसी क्रम में लोहरदगा जिले के समस्त न्यायाधीशगणो की एक मीटिंग प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय कक्ष में बुलाई गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने न्यायिक प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया कि तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तथा ज्यादा से ज्यादा वादों को लोक अदालत के माध्यम से निष्पादित करने के लिए वादों का वर्गीकरण करना सुनिश्चित करें तथा उस दिन ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन हो इसकी तैयारी करें । डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 मई, 2023 को हुआ था जिसमें 400 से ज्यादा केसों का निष्पादन हुआ था । इस बार भी ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन करने के लिए ये मीटिंग बुलाई गई थी । आज की मीटिंग में प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी,तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ चंदन,वरिय कोटी सिविल जज अर्चना कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण, न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल एवं सुचिता निधि तिग्गा के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे।

## ठेठईटांगर प्रखंड ग्राउंड में हुआ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टूर्नामेंट का सातवां मैच



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में डा. एपीजे अब्दुल कलाम नॉक ऑउट अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन वृहस्पतिवार को 1 मैच खेला गया। जिसमें राउरकेला रेड ने किंगफिशर सिमडेगा टाइगर को 5-0 से पराजित किया। मैच के दौरान दोनो ही टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कांटे के टक्कर का मुकाबला किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए अंचलाधिकारी समीर कच्छप, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपप्रमुख जोर्जिना समद, समाज सेवी मो.मुमताज आलम। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्रप्त कर एवं टोस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया। मैच के दौरान रेफरी की भूमिका विक्रम उरांव, राजेन्द्र कच्छप, छोटु मुंडा, विराज उरांव ने निभाया। टुर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

# कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा ग्रामीण अनुसूचित जनजाति के बीच हुआ चुजा का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सभी लाभुक सही ढंग से मुर्गी पालन कार्य को करें ठेठईटांगर प्रखंड में कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा ग्रामीण अनुसूचित जनजाति के लिए सामाजिक संस्था के द्वारा मुर्गी पालन योजना के तहत प्रखंड के लाभुक प्रदीप कुल्लू, कोरोंजो मुकुल आनंद बिलुंग अलसंगा इमारनिसिया डुंगडुंग, कोरोंजों को ब्रायलर चूजे का वितरण किया गया साथ ही चूजा का रख रखाव में लगने वाले सभा समग्री जैसे मुर्गी दाना, दवा, बल्ब होल्डर, तार और पानी का बर्तन सभी समग्री का वितरण ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एव विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, सुशील बोदरा के द्वारा किया गया। प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि आर्थिक लाभ के लिए यह योजना संचालित की गई। सही ढंग से मुर्गी पालन करने पर एक माह में मुर्गी 1 किलो के लगभग तैयार हो जाती है। यह कम समय में अधिक लाभ देने वाली योजना है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सभी लाभुक सही ढंग से इस कार्य को करें। साथ ही इसकी बिक्री खुद अपने से करें। साथ ही नशापान व इससे संबंधित कार्य को छोड़ें। वहीं मुर्गी पालन में बरती जाने वाली विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। मौके पर ठेठईटांगर कांग्रेस प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार मौजूद थे।

# कोलेबीरा के शाहपुर में 'भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ' के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम प्रखंड प्रभारी जमीर खान के निर्देश पर पंचायत प्रभारी मो तनवीर और मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग के नेतृत्व में शाहपुर पंचायत के चयाटोली, शाहपुर, बम्बोटोली, देवाटोली,किसान टोली, लसिया,आदि गांव में भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम किया गया* *जिला विधायक प्रतिनिधि शमी आलम औरअल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा* ने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी का यह संदेश जन-जन तक पहुंचे इसी उद्देश्य से हमलोग यहां जुटें है।उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी सभी धर्मो को लेकर चलती हैं,अगर हमलोग एक दुसरे के सहयोग से कोई भी काम करें तो हमें कहीं भी कोई भी दिक्कत नहीं होगी। वहीं क्ष्छ्क्हमें एक-दूसरे से लड़ाकर राजनीति करती है उससे हमें बचना होगा। हमारे नेता राहुल गांधी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा कर देश के समस्त लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया और उसमें वह सफल भी हुए। भारत जोड़ो यात्रा के दरमियान पूरे भारतवर्ष से कांग्रेस पार्टी को भरपूर समर्थन मिला। जगह-जगह कैंप किए गए हमारे नेता राहुल गांधी ने पूरे भारत की पैदल यात्रा की। विपक्षी पार्टी बीजेपी के द्वारा हमारे नेता जी को कई बार विभिन्न तरीके से परेशान करने का प्रयास किया गया,पर अंत में सच्चाई की जीत होती है। राहुल गांधी संसद में मुखर होकर हमेशा जनता की समस्याओं को रखते हैं।मोदी जी ने जब से गद्दी संभाला तब से हमारे देश में शांति भंग हो रही है।हर जगह धर्म की राजनीति की जा रही है जिससे पूरे भारत में नफरत के बीज बोया गया इसी नफरत को खत्म करने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश दिया।आज देखिए पूरा मणिपुर जल रहा है फिर भी केंद्र सरकार चुप्पी साधी हुई है।पिछले दिनों राहुल गांधी ने संसद ने मणिपुर की जनता के लिए खुलकर अपनी बातें रखें। उन्होंने कहा मेरी एक मां यहां बैठी हुई है तो वहीं दूसरी मां मणिपुर में जल रही है। इसीलिए इस कार्यक्रम को फिर से किया जा रहा है हम घर घर जाकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने का काम कर रहे हैं हमारे नेता जी का संदेश है कि लोग आपस में मिलजुल कर रहे सभी जाति धर्म संप्रदाय को भूलकर आपसी प्रेम बनाए रखें। हम सब देश के नागरिक हैं सबका एक ही खून है सभी एक दूसरे के समस्या के समय सहयोग करें।आप लोगों से विनती है आप लोग भी पूरे प्रेम भाव और भाईचारा के साथ मिलकर रहें आपसी भाईचारा बनाकर रखें।

## सिमडेगा में 6 वीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए हुआ ट्रायल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 6 वीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए हॉकी सिमडेगा टीम का हुआ ट्रायल। महिला वर्ग में 40और पुरुष वर्ग में 66 खिलाड़ी हुए शामिल। 26 से 29 अगस्त तक रांची में आयोजित छठवीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में भाग लेने के लिए सिमडेगा जिला टीम गठन के लिए हॉकी सिमडेगा का हुआ ट्रायल, जिसमें पुरुष वर्ग में कुल 66 खिलाड़ि एवम महिला वर्ग में 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनका ट्रायल लेने के बाद टीम का गठन किया गया, जिन्हें कल राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में खेलने के लिए रांची भेजा जाएगा। चयन ट्रायल में हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बिनोद कुल्लू इत्यादि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विविध

रांची, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

# नगर निगम प्रशासक ने वार्डों का भ्रमण कर साफ सफाई का लिया जायजा



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** नगर निगम प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे, के द्वारा रांची नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अरगोड़ा रोड से हरमू रोड, हरमू एमटीएस, नागाबाबा खटाल वेजीटेबल मार्केट, नागाबाबा एमटीएस मोराबादी नाईट मार्केट इत्यादि क्षेत्रो का निरीक्षण किया।रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए प्रशासक द्वारा कहा गया कि नगर निगम का सर्वप्रथम दायित्व शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखना है। उनके द्वारा संबंधित जोनल सुपरवाइजर को यह निदेश दिया गया कि दैनिक सफाई कार्यो के लिए आवश्यकतानुसार सभी संसाधनों को कार्यालय से उपलब्ध करना तथा इसका उपयोग करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेषकर कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान में रखा जाए। साथ ही नागरिकों को सूखा एवं गीला कचड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में रखने हेतु जागरूक करे। उनके द्वारा ट्रांसपोर्ट शाखा के कर्मियों को निदेश दिया कि सभी खराब पड़े गाडियों को दुरूस्त करने के लिए जो भी कार्य किए जाने हैं, उसे जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। इसके अलावा सभी वॉर्ड के संबंधित सुपरवाइजर को गाड़ियों की ट्रिप की संख्या बढ़ाने का भी निदेश दिया गया ताकि प्रत्येक दिन हर घर में कूड़े का उठाव सुनिश्चित किया जा सके।प्रशासक द्वारा निदेश दिया गया कि मुख्य मार्गो के अलावा सभी गली-मोहल्ले में नियमित रूप से कूड़े का उठाव झाडू, ग्रास कटिंग, फॉगिंग एवं अन्य सफाई के कार्य प्रतिदिन हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि फिल्ड विजिट के दौरान किसी वार्ड में सफाई कार्य में शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित सुपरवाइजर पर कार्रवाई की जायेगी। उनके द्वारा स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डोर-टू-डोर कूड़े के उठाव हेतु तैयार बीट प्लान के अनुरूप ससमय वार्डवार कूड़े का उठाव सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया एवं इसके लिए वार्ड सुपरवाइजर को प्रतिदिन इसका अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया ताकि हर घर सफाई के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। निरीक्षण क्रम के दौरान उन्होंने वार्ड 03 मोराबादी में आम नागरिको से सफाई के दैनिक कार्यो के संबंध में फीडबैक भी लिया मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# संस्कृति और प्रकृति एक सिक्के के दो पहलू : अरुणा शंकर


*** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में हुआ सावन महोत्सव का आयोजन**

*** कॉलेज की छात्राओं का हो रहा है चौमुखी विकास : शिवानी**









**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के बीच मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं में इस आयोजन को लेकर काफी उमंग देखा गया। सभी ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर सह महाविद्यालय की अध्यक्ष अरुणा शंकर, डायरेक्टर शिवानी आनंद एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर महापौर अरुणा शंकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सावन महोत्सव हमारे संस्कृति की एक परंपरा है। इस माह का धार्मिक महत्व भी है। हमें अपने संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि जब हम अपने संस्कृति के करीब होते हैं, तभी हम प्रकृति के भी करीब होते हैं। संस्कृति और प्रकृति दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू है। हमारा संस्थान अपने संस्कृति को अदभुत बनाए रखने में हमेशा से ही तत्पर रहा है। इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद ने कॉलेज की छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि हमारे कॉलेज की छात्राओं का चौमुखी विकास हो रहा है। जो उनके जीवन एवं समाज में बराबर काम आएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हमारे संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। मेहंदी कंपटीशन में प्रथम स्थान नेहा कार्तिक द्वितीय श्रेया कुमुद एवं तृतीय साग्नि कुमुद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गुप्ता एवं प्रिया पांडे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाये एवं ज्योति प्रकाश विद्यापीठ की प्राचार्य उपस्थित थी।

# केंद्रीय मंत्री गोयल और फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री ने किया जी-20 टीआईएमएम में प्रदर्शनी का उद्घाटन

**एजेंसी**

**जयपुर :**वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और फ्रांस सरकार में विदेश व्यापार मंत्री ओलिवियर बेच्ट ने गुरुवार को 'नवरत्न' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी चंद्र महल-सवाई मान सिंह महल रामबाग पैलेस होटल में जी-20 टीआईएमएम कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई है। जी-20 ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टीरियल मीटिंग के अनुरूप यह प्रदर्शनियों की श्रृंखला का एक हिस्सा है। प्रदर्शनी में जी-20 प्रतिनिधियों के लिए आकर्षक कलाकृतियों को पेश किया गया, जो रत्न तथा आभूषण, टैक्सटाइल और हैंडक्राफ्ट में शहर की विशेषज्ञता को प्रदर्शित कर रही थी।

# ओंकारेश्वर से अयोध्या पहुंचा शिवलिंग रामलला मंदिर परिसर में होगी प्राण प्रतिष्ठा

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर से एक हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर 600 किलो वजनी नर्मदेश्वर शिवलिंग भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंच चुका है। राम मंदिर परिसर में रामलला के चारों ओर परकोटे में छह मंदिरों की स्थापना होनी है। इसमें एक शिव मंदिर में इस नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना होगी। शिवलिंग के अयोध्या पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आरती उतारी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की।

# अजित पवार एनसीपी के ही नेता, हमारी पार्टी में कोई टूट नहीं हुई : सुप्रिया सुले



**एजेंसी**

**मुंबई :** एनसीपी नेता और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बड़ा दावा किया. सुप्रिया सुले ने कहा कि एनसीपी में कोई टूट नहीं हुई. इतना ही नहीं सुले ने कहा कि अजित पवार पार्टी के सीनियर नेता हैं, जिन्होंने अलग रुख अपनाया है. सुप्रिया सुले पुणे में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं. इस दौरान उन्होंने कहा, एनसीपी में टूट नहीं हुई है. बस हमारी पार्टी के कुछ नेताओं ने अलग स्टैंड लिया है. हमने इस बारे में विधानसभा स्पीकर से भी शिकायत की है.अजित पवार हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने अलग स्टैंड लिया है.शरद पवार हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं. अजित पवार ने 2 जुलाई को अपने चाचा शरद पवार के साथ बगावत कर दी थी और महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे. पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी. जबकि उनके साथ 8 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी. अजित पवार ने दावा किया था कि उनके पास 40 विधायकों का समर्थन है. इस मामले में दोनों पार्टियों ने चुनाव आयोग का भी रुख किया है. सुप्रिया सुले का ये बयान काफी अहम माना जा रहा है. क्योंकि ये बयान ऐसे वक्त पर आया, जब एनसीपी चीफ शरद पवार भतीजे अजित पवार की बगावत के बाद पार्टी को फिर से खड़ा करने की चुनौती से जूझ रहे हैं. हालांकि, बगावत के बाद अजित पवार चार बार अपने चाचा शरद पवार से मुलाकात कर चुके हैं. हर बार शरद पवार ने इसे पारिवारिक बैठक बताया है.

**महाराष्ट्र में एनसीपी कितनी ताकतवर ?:** महाराष्ट्र में 2019 में विधानसभा चुनाव हुए थे. इस दौरान बीजेपी ने सबसे ज्यादा 105 सीटों पर जीत हासिल की थी. वहीं, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 सीटों पर जीत मिली थी. 288 सीटों वाले राज्य में कांग्रेस के खाते में 44 सीटें आई थीं. बीजेपी और शिवसेना ने एकसाथ मिलकर ये चुनाव लड़ा था. हालांकि, नतीजों के बाद दोनों पार्टियों के बीच सीएम पद को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद अजित पवार शरद पवार से बगावत कर देवेंद्र फडणवीस के साथ आ गए थे और उन्होंने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी. हालांकि, दो दिन बाद ही समर्थन न जुटा पाने के बाद अजित पवार ने इस्तीफा दे दिया था.इसके बाद शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी. इस सरकार में उद्धव ठाकरे सीएम और अजित पवार डिप्टी सीएम बने थे. हालांकि, शिवसेना में एकनाथ शिंदे गुट ने बगावत कर दी थी. इसके बाद शिंदे ने पिछले साल जून में 40 विधायकों के साथ बीजेपी के साथ सरकार बनाई थी.

# सीबीआई की टीम अवैध खनन मामले की जांच करने साहिबगंज पहुंची

**साहिबगंज/रांची:** साहिबगंज जिले में अवैध खनन की जांच करने के लिए सीबीआई की सात सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह वनांचल एक्सप्रेस से पहुंची। इसको लेकर डीसी को पहले ही सूचना दी गयी थी। यहां सीबीआई अवैध खनन और परिवहन मामले की जांच करेगी। सीबीआई ने मामले में पीई दर्ज कर अवैध खनन की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते 18 अगस्त को झारखंड हाई कोर्ट ने साहेबगंज में अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। अदालत ने सीबीआई को पीई दर्ज कर एक महीने में प्रारंभिक जांच पूरी करने को कहा था। फिर जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने का आदेश दिया था । साथ ही अदालत ने विजय हांसदा की ओर झूठे दावों के सहारे अपनी याचिका वापस लेने की भी जांच करने को कहा है।


# दुनिया भर के नेताओं ने चंद्रयान-3 की सफलता पर पीएम मोदी को दी बधाई



**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग :** बुधवार को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भोज में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को चंद्रयान -3 की सफलता पर बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना सहित कई विश्व नेताओं ने बधाई दी. इससे पहले बुधवार को पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन का जिक्र करते हुए कहा था कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के लिए दक्षिण अफ्रीका में हमारे प्रवासी भारतीयों का उत्साह वास्तव में खुशी देने वाला है. उन्होंने कहा था कि चंद्रयान-3 के लिए जोहान्सबर्ग से पूरे रास्ते उत्साह महसूस हो रहा है! पीएम मोदी ने बुधवार को ट्वीट किया कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के लिए दक्षिण अफ्रीका में हमारे प्रवासी भारतीयों का उत्साह वास्तव में खुशी देने वाला है. प्रधानमंत्री ने बुधवार को जोहान्सबर्ग के एक होटल में एकत्र हुए प्रवासी भारतीयों का अभिवादन करते हुए अपनी तस्वीरें भी साझा कीं. बता दें कि चंद्रयान-3 ने बुधवार को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की. चंद्रयान -3 की सफलता के बाद, पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ को बधाई देने के लिए फोन किया. उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पूरी टीम का व्यक्तिगत रूप से स्वागत करने के लिए बेंगलुरु जाएंगे. पीएम मोदी ने टेलीफोन पर बातचीत में कहा कि सोमनाथ जी, आपका नाम सोमनाथ है, जो चंद्रमा से जुड़ा है और इसलिए आपके परिवार वाले भी आज बहुत खुश होंगे. मेरी तरफ से आपको और आपकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई. उन्होंने आगे कहा कि कृपया सभी को मेरा अभिवादन बताएं. यदि संभव हुआ तो मैं जल्द ही व्यक्तिगत रूप से आपका अभिनंदन करूंगा.

# ब्रिक्स सम्मेलन में हुए कई बड़े फैसले



**एजेंसी**

**जोहांसबर्ग :** ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने सम्मेलन के दौरान लिए गए अहम फैसलों की जानकारी दी। इस दौरान सिरिल रामफोसा ने कहा कि हम एक समझौते पर पहुंचे हैं, जिसके तहत अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। इन नए सदस्य देशों का कार्यकाल जनवरी 2024 से प्रभावी होगा। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मेलन ब्रिक्स की अहमियत, लोगों के लोगों के बीच संबंध, मित्रता और सहयोग बढ़ाने की पुष्टि करता है। जोहानिसबर्ग में दो घोषणाओं को अपनाया गया है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था, वित्तीय और राजनीतिक अहमियत पर ब्रिक्स के संदेशों को प्रदर्शित करती हैं। यह उन साझा मूल्यों और सामान्य हितों को प्रदर्शित करता है जो पांचों ब्रिक्स देशों में सहयोग का आधार हैं। उन्होंने कहा कि विस्तार प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानदंडों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने के बाद नए सदस्यों के बारे में निर्णय पर सहमति बनी। रामाफोसा ने कहा कि हमने अपने विदेश मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है कि वह ब्रिक्स साझेदारी को और मजबूत करें और ब्रिक्स पार्टनरशिप मॉडल को विकसित कर और देशों को इसके साथ जोड़ें। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बधाई भी दी।

# महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिय असीम संभावनाएं हैं : आनंद शंकर

*** एनक्लेव कार्यक्रम को लेकर महिला विंग की अध्यक्ष व पदाधिकारीयों के साथ चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर व सचिव ने की बैठक**

*** आगामी 3 सितंबर को होटल ज्योतोलोक में एक और बैठक कर रूपरेखा तैयार करेगी, बैठक में सीए सरस जैन रहेंगे उपस्थित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप एनक्लेव कार्यक्रम के निमित्त चेंबर की महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला वर्मा और उनके सभी पदाधिकारी के साथ चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला ने बताया कि उनके पास सैकड़ों फोन रोज आ रहे हैं, जो उन महिलाओं के हैं जो स्वरोजगार करना चाहती हैं एवं चेंबर की इस कार्यक्रम से लाभ उठाना चाहती हैं। अध्यक्ष आनंद शंकर ने उनको जानकारी देते हुए बताया की आज के समय में स्वरोजगार एक प्रतिष्ठित कार्य हो गया है। सरकार की तरफ से अनेक प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी और महिलाओं को किन-किन कागजात के साथ आवेदन देना है इस पर भी चर्चा की। चर्चा के क्रम में पाया गया की आवश्यक कागजातों में पैन कार्ड अधिकतर महिलाओं के पास नहीं है। इस पर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बैठक को आश्वस्त किया कि आगामी 3 सितंबर को होटल ज्योतोलोक में एक और बैठक की जाएगी जो एक रूपरेखा तैयार करेगी और जिसमें चैंबर से संबंधित सीए सरस जैन एवं जय शर्मा भाग लेंगे। वे ऑन द स्पॉट उद्यम सर्टिफिकेट और पैन कार्ड बनाने के लिए मदद करेंगे एवं मार्गदर्शन देंगे। यह भी तय किया गया कि आगामी 3 तारीख को इस विषय की जानकारी रखने वाली मोटीवेटर एवं महिला एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय प्रसिद्ध महिला श्रीमती आस्था किरण एवं मोटीवेटर रेणु गोपीनाथ इस कार्यक्रम में महिलाओं को जागृत करने का प्रयास करेंगे आनंद शंकर ने बताया कि 3 तारीख के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि जो हमारी आगामी बिजनेस कॉन्क्लेव है, उससे पहले ही हम अपने दस्तावेज तैयार रखें।ताकि जब रांची से एमएसएमई के डायरेक्टर इंद्रजीत प्रसाद यादव एवं बैंक के वरीय पदाधिकारी आएं तो उन्हें हमें लोन देने में कठिनाई न हो। चेंबर का प्रयास रहेगा कि उक्त बैठक में कम से कम 50 लोन का निष्पादन कराया जाए। महिला विंग की पदाधिकारिओ ने इस सारे कार्यक्रम का स्वागत किया और चेंबर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। यह भी आश्वस्त कराया कि वह अपना पूरा प्रयास करेंगे की 3 तारीख की बैठक में कम से कम 100 महिला एंटरप्रेन्योर्स आए और अपनी जिज्ञासा का निष्पादन कर मार्गदर्शन प्राप्त करे कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल के अलावा महिला विंग की अध्यक्षता श्रीमती शर्मिला वर्मा (अध्यक्ष) प्रियंका सिंघानिया ( सचिव) फरहा नाज ( उपसचिव) राखी सोनी ( उपाध्यक्ष) प्रियंका साहू ( कोषाध्यक्ष) रिनू शर्मा ( सस्त्रदस्य) अनुप्रिया पांडे ( सदस्य) वर्षा तिवारी ( सदस्य) सुषमा देवी ( सदस्य) उपस्तित थी।